नई दिल्ली
शुक्रवार, 29 मार्च 2024
चैत्र मास कृष्ण पक्ष, चतुर्थी वर्ष : 27, अंक : 352
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 34
न्यून. 23

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**पीएम मोदी ने बिल गेट्स को सिखाया नमो एप**

## तकनीक देख हैरान रह गए टेक दिग्गज



**नई दिल्ली।** अरबपति और माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हाल ही मुलाकात हुई। इस महीने की शुरुआत में बिग गेट्स भारत आए थे, इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों ने एआई ▸▸ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का 'बड़ा बयान'**

# जरूरत पड़ी तो सरकार अग्निवीर योजना में बदलाव के लिए तैयार

**सरकार का प्रयास** युवाओं का भविष्य हो सुरक्षित | **सरकार चार साल** बाद सेवा छोड़ने वाले सैनिकों के पुनर्वास में मदद करेगी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली





फाइल फोटो

अग्निवीर स्कीम को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो सरकार अग्निवीर भर्ती स्कीम में बदलाव के लिए तैयार है। सरकार यह सुनिश्चित करना चाहती है कि अग्निवीरों का भविष्य सुरक्षित रहे। उन्होंने आगे कहा कि रक्षा बलों में युवावस्था ▸▸ शेष पेज 5 पर

### अग्निवीर भर्ती योजना में क्या हैं प्रावधान?

*केंद्र सरकार ने 14 जून 2022 को युवाओं के लिए सशस्त्र बलों में सेवा भर्ती अग्निपथ योजना शुरुआत की है। यह देशभक्ति और प्रेरित युवाओं को चार साल की अवधि के लिए सशस्त्र बलों में सेवा करने की अनुमति देता है। हालांकि, फिलहाल चार साल के बाद बैच के केवल 25% को ही 15 साल की अवधि के लिए उनकी संबंधित सेवाओं में वापस भर्ती किये जाने का प्रावधान है।*

### 11.71 लाख रुपए का एकमुश्त 'सेवा निधि' पैकेज मिलेगा

इस योजना के तहत अग्निवीरों को सेवा के 4 वर्ष पूरे होने पर अग्निवीरों को 11.71 लाख रुपए का एकमुश्त 'सेवा निधि' पैकेज का भुगतान किया जाएगा। जिसमें उनका अर्जित ब्याज शामिल होगा। उन्हें चार साल के लिए 48 लाख रुपए का जीवन बीमा कवर भी मिलेगा। मृत्यु के मामले में भुगतान न किए गए कार्यकाल के लिए वेतन सहित 1 करोड़ रुपए से अधिक की राशि होगी। सरकार चार साल बाद सेवा छोड़ने वाले सैनिकों के पुनर्वास में मदद करेगी। उन्हें स्किल सर्टिफिकेट और ब्रिज कोर्स भी प्रदान किए जाने का प्रावधान है।

## खबर संक्षेप

### आरबीआईः शनिवार-रविवार को खुलेंगे बैंक

**नई दिल्ली।** गुड फ्राइडे पर 29 मार्च शुक्रवार को बैंक बंद रहेंगे, पर 30 मार्च यानी शनिवार और 31 मार्च को रविवार के दिन बैंक खुले रहेंगे। लेकिन रविवार को सभी बैंक नहीं खुले रहेंगे, सिर्फ वो बैंक ही खुलेंगे जहां टैक्स कलेक्शन का काम होगा। वहीं शेयर मार्केट में शुक्रवार से लेकर रविवार तक ट्रेडिंग नहीं होगी। आरबीआई ने टैक्सपेयर्स की सुविधा के लिए बैंक खोलने का आदेश दिया है।



### अरुणाचल में भाजपा के 5 प्रत्याशियों की जीत तय

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू के मुक्तो विधानसभा सीट से निर्विरोध जीतने की संभावना है। इसके साथ ही वह राज्य में निर्विरोध जीत हासिल करने वाले भाजपा के उम्मीदवारों की लिस्ट शामिल हो जाएंगे। सीएम के अलावा भाजपा के 4 और उम्मीदवारों की निर्विरोध जीतने की उम्मीद है।



### ऑल टाइम हाई पर सोना 66,971 पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** सोना 28 मार्च को ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक, 10 ग्राम सोना 137 रुपए महंगा होकर 66,971 रुपए का हो गया है। इससे पहले इसी महीने 21 मार्च को सोने ने 66,968 रुपए प्रति 10 ग्राम था। चांदी में तेजी देखने को मिली है। ये 14 रुपए महंगी होकर 74,011 रुपए प्रति किलो हो गई है।



### एक्टर गोविंदा शिवसेना शिंदे गुट में शामिल

**मुंबई।** एक्टर गोविंदा लोकसभा चुनाव लड़ सकते हैं। गुरुवार को वह महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे से मिलने पहुंचे। इसके बाद सीएम शिंदे ने उन्हें अपनी पार्टी शिवसेना की सदस्यता दिलाई। इसके बाद अब चर्चा है कि वह आगामी लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। जानकारी के मुताबिक, गोविंदा को सीएम शिंदे की पार्टी शिवसेना (शिंदे गुट) से टिकट मिल सकता है।



### देश के दिग्गज 600 वकीलों ने चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ को लिखी चिट्ठी

# एक खास ग्रुप देश में कोर्ट को कमजोर करने में 'जुटा'

*▸▸ पत्र में कहा गया है कि ये दबाव समूह अलग-अलग प्रपंच करते हैं*


*▸▸ अब छिपे हुए हमलों के खिलाफ बोलने की जरूरत*

*▸▸ न्यायपालिका में खास ग्रुप के दबाव को लेकर जताई चिंता*

पत्र में न्यायपालिका की अखंडता को कम दिखाने को लेकर भी चिंता व्यक्त की गई है। यह सुनिश्चित करते हुए कि हमारी अदालतें हमारे लोकतंत्र के स्तंभ के रूप में बनी रहें, इन सोचे-समझे हमलों से बचने की जरूरत है।



**पत्र में कहा गया कि कुछ लोग ज्यूडिशियरी पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं और साथ ही अपने राजनीतिक एजेंडे को साधने के लिए तर्कहीन तथ्यों के आधार पर अदालत को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं।**



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश के दिग्गज वकील हरीश साल्वे समेत करीब 600 मशहूर वकीलों ने चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ को चिट्ठी लिखी है। चिट्ठी में न्यायपालिका पर खास समूह के दबाव को लेकर चिंता जताई गई है। पत्र में न्यायपालिका की अखंडता को कम दिखाने को लेकर भी चिंता व्यक्त की गई है। चिट्ठी में लिखा गया है कि एक खास ▸▸ शेष पेज 5 पर

### 'उनकी' टिप्पणियां न्यायालय को प्रभावित करने के उद्देश्य वाली

पत्र में यह भी कहा गया है कि कुछ राजनीतिक लोगों के भ्रष्टाचार के मामलों में फंसे होने के कारण यह दबाव की राजनीति की जा रही है। यह सब तकनीक हमारे ज्यूडिशियरी को नुकसान पहुंचा रहा है। साथ ही कहा गया कि यह हमारे लोकतांत्रिक ताने-बाने के खिलाफ खतरा है। पत्र में एक वकील का बिना नाम लिए उन पर निशाना साधा गया है और आरोप लगाया गया है कि वे दिन रात राजनीतिक व्यक्तियों को प्रोटेक्ट करते हैं और फिर रात को मीडिया के माध्यम से न्यायधीशों को प्रभावित करने का प्रयास करते हैं। इस तरह के हित साधने वालों द्वारा एक गलत नैरेटिव बनाया जा रहा है। उनकी टिप्पणियां न्यायालय को प्रभावित करने के उद्देश्य वाली हैं।

### हित साधने वालों द्वारा बेंच फिक्सिंग का मनगढ़ंत सिद्धांत गढ़ा गया

वकीलों ने कहा है कि हित साधने वालों द्वारा बेंच फिक्सिंग का मनगढ़ंत सिद्धांत गढ़ा गया है। यह सब न्यायालय की गरिमा और मान प्रतिष्ठा पर हमला है। साथ ही कहा कि इस तरह के जो भी आलोचक हैं उन्होंने माई वे या हाइवे का दृष्टिकोण अपना रहे हैं। जिन फैसलों से वह सहमत हैं उनकी सराहना करते हैं और जिन फैसलों से समहत नहीं हैं उसे वह नीचा दिखाते हैं और गलत ठहराते हैं। यह दोहरा रवैया हमारे कानूनी सिस्टम के लिए हानिकारक है। साथ ही कहा गया है कि 2019 में इन लोगों ने हिट एंड रन एक्टिविटी को अपनाया था। इन गतिविधियों के जरिए ये राजनीतिक और ▸▸ शेष पेज 5 पर

**पीएम मोदी ने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया**

### दूसरों को डराना कांग्रेस की पुरानी संस्कृति, देश ने पूरी तरह ठुकराया



पत्र पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल पर पत्र की कॉपी को रिपोस्ट कर लिखा कि दूसरों को डराना-धमकाना कांग्रेस की पुरानी संस्कृति है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि लगभग 50 साल पहले कांग्रेस ने बेशर्मी से अपने स्वार्थों को दुनिया के सामने रखा था। पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी देश के प्रति किसी भी तरह से प्रतिबद्ध होना नहीं चाहती। पांच दशक पहले ही कांग्रेस पार्टी ने प्रतिबद्ध न्यायपालिका का जिक्र किया था। उन्होंने कहा, वे ▸▸ शेष पेज 5 पर

**कोर्ट ने केजरीवाल की पांच दिन की ईडी रिमांड मंजूर की**

## केजरीवाल ने पूछा मुझे किस आधार पर गिरफ्तार किया गया?

ईडी ने सात दिनों की रिमांड की मांग की थी



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली के शराब नीति घोटाला मामले में सीएम अरविंद केजरीवाल की राउज एवेन्यू कोर्ट में गुरुवार को पेशी हुई। गुरुवार को उनकी रिमांड खत्म हो गई थी।

दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने केजरीवाल की पांच दिनों की ईडी रिमांड मंजूर कर दी। ईडी ने सात दिनों की रिमांड की मांग की थी। सुनवाई के दौरान केजरीवाल ने अदालत में अपनी बातें रखीं और ईडी की कार्रवाई पर सवाल उठाए। कोर्ट में अरविंद ▸▸ शेष पेज 5 पर

### शराब घोटाले का पैसा कहां है?

केजरीवाल ने कहा कि मेरा नाम चार जगहों पर आया। राघव मंगुटा के सात बयान हैं, उनमें से 6 में मेरा नाम नहीं है, सातवें में जब वह मेरे खिलाफ बयान देता है तो उसे जमानत मिल जाती है। शराब घोटाले का पैसा कहां है? 100 करोड़ रुपए का आरोप लगाया जा रहा है। जस्टिस संजीव खन्ना का एक आदेश है, जिसमें कहा गया है कि ये संदिग्ध है। शरत रेड्डी के 9 में से 8 बयानों में मेरे खिलाफ रिश्वत की बात नहीं है। लेकिन 9वें बयान में जैसे ही वो मेरे खिलाफ बोलता है तो उसे जमानत मिल जाती है।

**एनआईए के तीन राज्यों में छापे के बाद**

## रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट का प्रमुख आरोपी मुजम्मिल शरीफ गिरफ्तार



एजेंसी ▸▸ बेंगलुरु

बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट मामले की जांच कर रही राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने साजिश के प्रमुख आरोपी मुजम्मिल शरीफ को गिरफ्तार किया है। बता दें कि विगत एक मार्च को बेंगलुरु के वाइटफील्ड इलाके में स्थित रामेश्वरम कैफे में धमाका हुआ था। इस धमाके में कई लोग घायल हुए थे। एनआईए ने कर्नाटक, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश के 18 ठिकानों पर छापेमारी के बाद यह कार्रवाई की है। ▸▸ शेष पेज 5 पर

### 18 ठिकानों पर छापेमारी की

*रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले में जांच कर रही एनआईए ने गुरुवार को जारी बयान में कहा, बुधवार को तीन राज्यों के कई ठिकानों पर बड़े पैमाने पर छापेमारी की गई। जांच टीम ने एक प्रमुख साजिशकर्ता को गिरफ्तार किया है। एनआईए ने बताया कि जांच कर रही टीमों ने कर्नाटक में 12, तमिलनाडु में 5 और उत्तर प्रदेश में एक ठिकाने पर छापेमारी की। कुल 18 स्थानों पर कार्रवाई के बाद मुजम्मिल शरीफ को सह-साजिशकर्ता होने के आरोप में हिरासत में लिया गया।*

**हार्ट अटैक की आशंका में करा था भर्ती**

## माफिया मुख्तार अंसारी की बांदा में इलाज के दौरान मौत




एजेंसी ▸▸ बांदा

तीन दिनों से बीमार चल रहे यूपी की बांदा जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी की गुरुवार देर रात मौत हो गई। जेल की बैरक में मुख्तार अंसारी की तबीयत खराब होने पर जेल प्रशासन रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज ले आया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही थी। सूचना मिली कि मुख्तार को आईसीयू से सीसीयू में भर्ती करना पड़ा। ▸▸ शेष पेज 5 पर

### जिले की पुलिस फोर्स अलर्ट, धारा 144 लागू

मुख्तार की मौत के बाद गाजीपुर व मऊ समेत अन्य संवेदनशील जिलों में अलर्ट जारी कर दिया गया है। एहतियात के तौर पर पुलिस लाइन से भारी संख्या में फोर्स निकाली जा रही है। सूचना मिली है कि मऊ, बांदा और गाजीपुर में धारा 144 लागू कर दी गई है। मुख्तार के स्थानीय अधिवक्ता नसीम हैदर ने बताया कि मुख्तार को हार्ट अटैक आया था। प्रशासन उन्हें मुख्तार से मिलने नहीं दे रहा है। मुख्तार का परिवार भी बांदा के लिए लखनऊ से चल चुका है। इधर हालात बिगड़ने न पाए, इसके लिए जिले भर की पुलिस फोर्स को अलर्ट कर दिया गया है। जेल के भीतर भी पुलिस फोर्स तैनात है।




**रक्षा क्षेत्र में भारत ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की**

## कामयाब हुई 'तेजस एमके-1ए' की पहली उड़ान

- जेट में रखरखाव के लिए 43 तरह के सुधार
- उड़ान 18 मिनट तक चली, 1.33 बजे वापसी
- पूरी तरह से स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट
- ये नया अवतार, अन्य जेट की तुलना में छोटा
- ये दुश्मन के रडार में पकड़ में नहीं आता
- यह दुनिया का सर्वश्रेष्ठ हल्का लड़ाकू विमान

*एजेंसी ▸▸ बेंगलुरु*

*रक्षा क्षेत्र में भारत ने एक और उपलब्धि हासिल की है। पूरी तरह से स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट ने गुरुवार को बेंगलुरु में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के हवाई अड्डे से उड़ान भरी।*

*रक्षा विमानन क्षेत्र में भारत का स्वर्ण युग गुरुवार को 4.5 पीढ़ी के तेजस एमके-1ए लड़ाकू विमान की पहली उड़ान के साथ शुरू हो गया है। स्वदेशी रूप से विकसित तेजस एमके-1ए फाइटर जेट ने 22 मार्च को अपना दूसरा लो-स्पीड टैक्सी ट्रायल सफलतापूर्वक पूरा किया था। तेजस एमके-1ए फाइटर जेट में डिजिटल फ्लाई* ▸▸ शेष पेज 5 पर

**आसमान में कांपेंगे चीन-पाकिस्तान**



**यह भी खास**

▸▸ तेजस मार्क-1ए में अन्य सुधारों के अलावा डिजिटल रडार अलर्ट रिसीवर, एडवांस्ड इलेक्ट्रॉनिकली स्कैन्ड ऐरे (एईएसए) रडार, उन्नत दृश्य-सीमा (बीवीआर) हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों और बाहरी आत्म-सुरक्षा जैमर पॉड आदि सुविधाएं हैं।

▸▸ तेजस एमके-1ए फाइटर जेट 2205 किमी/घंटे की स्पीड से उड़ता है और 6 तरह की मिसाइलों को ले जाने में सक्षम है। लंबाई 43.4 फीट और ऊंचाई 14.5 फीट है। फेरी रेंज 3000 किमी है। ये 50 हजार फीट की ऊंचाई तक जा सकता है।

▸▸ वायुसेना को 180 तेजस की जरूरत है। एचएएल को 83 विमानों का ऑर्डर मिला था। इसमें से 73 मार्क-1ए और 10 तेजस मार्क-1ए प्रशिक्षण विमान हैं। इनकी डिलीवरी 2024 से 2028 के बीच होगी। इसके अलावा 97 और फाइटर जेट्स वायुसेना और लेने वाली है।

# 'रोको-टोको' अभियान: चार से 10 साल की उम्र के पांच बच्चों को अगवा करने वाला गिरफ्तार

## सब्जी मंडी रेलवे स्टेशन थाने के स्टाफ ने बच्चों को सकुशल बरामद कर परिजानों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

4-10 साल की उम्र के पांच बच्चों का अपहरण करने वाला सब्जी मंडी रेलवे स्टेशन थाने के स्टाफ ने गिरफ्तार किया है। बच्चों को भी सकुशल बरामद कर उनके परिजनों से मिलवाया है। आरोपी पैसे कमाने के लिए बच्चों को अपने मूल स्थान पर ले जाकर बेचने के लिए उनका अपहरण किया था।

डीसीपी केपीएस मल्होत्रा के अनुसार पुलिस की 'रोको-टोको' स्कीम के तहत पांच बच्चों को सुरक्षित बचाया गया और अपहरणकर्ता सेतु वर्मा (22) पुत्र महेंद्र पाल वर्मा निवासी हरदोई, यूपी को अरेस्ट किया गया है। डीसीपी ने बताया कि 18 मार्च को शाम लगभग 6.30 बजे इंस्पेक्टर शरत बिश्नोई, एसएचओ सब्जी मंडी रेलवे स्टेशन की देखरेख में एसआई पृथ्वी सिंह, एएसआई उधर नामदेव, एएसआई जय सिंह और होमगार्ड राकेश नरेला रेलवे स्टेशन पर थे। उन्होंने देखा कि रेलवे स्टेशन पर एक युवक पांच बच्चों के साथ स्कूल बैग लेकर घूम रहा था। उन्हें उस व्यक्ति की गतिविधि पर संदेह हुआ। इसलिए उन्होंने बच्चों से पूछताछ की। यह



देख बच्चों के साथ वाला व्यक्ति मौके से भाग गया। बच्चों से पूछा गया तो पता चला कि बच्चे दोपहर में ट्यूशन पढ़ने जा रहे थे। बीच रास्ते में अपहरणकर्ता ने उन्हें बहला-फुसलाकर कुरकुरे चिप्स खिलाये और अपहरण कर लिया। इसके बाद, अपहरणकर्ता बच्चों को अपने मूल स्थान पर ले जाने के लक्ष्य के साथ स्कूल बैग के साथ नरेला रेलवे स्टेशन पर ले आया। इसके बाद पुलिस ने कॉपी चेक की तो उसमें बच्चों के स्कूल का नाम लिखा मिला। स्कूल के प्रिंसिपल से संपर्क किया गया और प्रिंसिपल ने बताया कि ये बच्चे ग्राम शेरसा, थाना-कुंडली, सोनीपत, हरियाणा के रहने वाले थे। इसके बाद उनके माता-पिता से संपर्क किया गया। पाया गया कि वे भी अपने बच्चों की तलाश कर रहे थे। धारा 363 आईपीसी के तहत सब्जी मंडी रेलवे स्टेशन थाने में मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान, उनके माता-पिता के साथ बचाए गए सभी पांच बच्चों को अदालत में पेश किया गया और धारा 164 सीआरपीसी के तहत उनके बयान रिकार्ड किये गये। कानूनी प्रक्रिया के बाद बच्चों को उनके माता-पिता को सौंप दिया गया। इसके बाद आरोपी की तलाश की गई और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उसने बताया कि वह दिल्ली में मोमबत्ती बनाने की फैक्ट्री में काम करता था। उसने पैसे कमाने के लिए बच्चों को अपने मूल स्थान पर ले जाकर बेचने के लिए उनका अपहरण किया था।

# क्राइम ब्रांच ने किया हथियारों का सौदा करने वाले रैकेट का पर्दाफाश, चार धरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने हथियारों के चार सौदागरों को गिरफ्तार किया हैं। इनमें हथियार सप्लाई करने वाले और बनाने वाले दोनों शामिल है। इनके पास से शॉटगन, देसी पिस्टल, कारतूस और पिस्टल बनाने में इस्तेमाल होने वाला रॉ मैटेरियल बरामद किया है।

पूछताछ में पता चला कि इनके द्वारा छेनू और नासिर गैंग के बदमाशों को हथियार सप्लाई किये जाते थे। डीसीपी संजय कुमार सेन ने बताया कि गिरफ्त में आये लोगों के नाम उस्मानपुर निवासी ओसामा, चांदबाग निवासी शाकिब, मेरठ निवासी नौशाद अंसारी और आमिर हैं। ओसामा के बारे में इनपूट मिला था कि वह हथियारों की खरीद फरोख्त के धंधे में शामिल है। इसके बाद उसे तीसरे पुश्ता, उस्मानपुर में ट्रैप लगाकर पकड़ा गया। इसके पास से दो पिस्टल, दो कारतूस बरामद हुये। उसने बताया कि वह छेनू और नासिर गैंग को हथियार सप्लाई करता है। वह सोशल मीडिया पर बिजनेस के लिए तस्वीरें और वीडियो भी अपलोड करता था। इससे पूछताछ के बाद पुलिस ने शाकिब को भी दबोच लिया। बाद में नौशाद अंसारी और आमिर को अरेस्ट किया गया। इनके पास से एक 12 बोर की शॉटगन, आठ पिस्टल रिवाल्वर, 20 कारतूस, एक इलेक्ट्रिक मोटर, ड्रिल मशीन और अन्य उपकरण बरामद हुये। आमिर इन हथियारों का निर्माणकर्ता है। वह तीन मुकदमों में भी शामिल रहा है।

## खबर संक्षेप

### मेट्रो स्टेशन के खंभे पर खालिस्तान समर्थक नारे लिखे मिले, केस दर्ज

**नई दिल्ली।** पश्चिम दिल्ली के पंजाबी बाग मेट्रो स्टेशन के एक खंभे पर बृहस्पतिवार को सुबह खालिस्तान समर्थन नारे लिखे मिले। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि पंजाबी बाग मेट्रो स्टेशन के खंभे पर नारे लिखे होने को लेकर सुबह करीब साढ़े नौ बजे फोन पर सूचना दी गई थी। अधिकारी ने बताया कि स्थानीय पुलिस ने मौके का दौरा किया और खंभे पर काले रंग से 'दिल्ली बनेगा खालिस्तान' लिखा हुआ था। उन्होंने बताया कि इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### नरेला जोन के अतिरिक्त आयुक्त ने दो अधिकारियों को किया निलंबित

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम नरेला जोन के अतिरिक्त आयुक्त ने गुरुवार को दो अधिकारियों को निलंबित कर दिया है और जांच के आदेश दिए है। इनमें एएसआई / एलएसी केवल कृष्ण और देवेंद्र शामिल है। यह कार्रवाई निगम में कार्यरत सफाई कर्मी धनराज द्वारा आत्महत्या के बाद उसके परिवार द्वारा उक्त कर्मचारियों पर लगाए गए आरोपों के बाद उठाए गए है। इस मामले पर गुरुवार को नरेला जोन के बाहर विरोध प्रदर्शन भी किया गया। जिसमें मांग उठाई गई कि पीड़ित परिवार को 50 लाख मुआवजा और मृतक की पत्नी को निगम में स्थाई नौकरी दी जाए। इसके अलावा मांग की गई है कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

### 23 खूंखार नस्ल के कुत्तों की बिक्री पर लगाई रोक

**नई दिल्ली/नोएडा।** उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश के बाद गौतमबुद्ध नगर जिले में 23 खूंखार नस्ल के कुत्तों की बिक्री और प्रजनन पर रोक का आदेश जारी कर दिया गया है और जिला प्रशासन के आदेश का पालन नहीं करने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। जिले के मुख्य पशु चिकित्साधिकारी विपिन अग्रवाल ने बृहस्पतिवार को बताया कि 23 खूंखार नस्ल के कुत्तों की बिक्री और प्रजनन पर रोक लगाई गई है और जिनके पास पहले से इन नस्लों के कुत्ते हैं उन्हें उनकी नसबंदी करानी होगी।

### वसंत कुंज से तीन लड़कियों को कराया गया रेसक्यू

# दूसरे राज्यों की लड़कियों को जॉब का झांसा देकर सेक्स रैकेट में धकेलने वाला दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

वसंत कुंज साउथ इलाके में एक बड़े सेक्स रैकेट का खुलासा हुआ है। पुलिस ने सेक्स रैकेट के सरगना को भी गिरफ्तार कर लिया है। इसके चंगुल में फंसी तीन लड़कियों को रेसक्यू करवाया गया है। पुलिस को तहकीकात में पता चला कि यह गैंग अलग अलग राज्य से लड़कियों को अच्छी नौकरी का झांसा देकर दिल्ली लाता था। इसके बाद उन्हें बंधक बनाकर सेक्स रैकेट में धकेलने पर मजबूर किया जाता था। उनकी आपत्तिजनक तस्वीरें या वीडियो बनाकर उन्हें ब्लैकमेल भी किया जाता था। आरोपी के सात बैंक अकाउंट भी फ्रीज करवाये गए हैं। उनमें साढ़े 22 लाख रुपए के लेनदेन का पता चला है। आरोपी का नाम वाई प्रेमचंद्र मीतेई (36) बताया गया है। वह किशनगढ़ क्षेत्र का रहने वाला है।

डीसीपी रोहित मीना ने बताया कि 19 मार्च को महिपालपुर में अपहरण के संबंध में एक पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस डी 6, वसंत कुंज पहुंची, जहां रायपुर छत्तीसगढ़ निवासी एक 25 वर्षीय युवती मिली। काउंसलिंग के दौरान युवती ने बताया कि नर्मदा अपार्टमेंट वसंतकुंज निवासी एक शख्स ने उसे नौकरी दिलाने के बहाने बुलाया था। उसे एक फ्लैट में बंधक बनाकर



रखा गया। फ्लैट में असम निवासी एक अन्य युवती भी मिली। उसने बताया कि कुछ समय पहले फ्लिपकार्ट के लिए ऑनलाइन नौकरी के विज्ञापन के जरिए वह अमित से मिली थी। उसने उसे जॉब के बहाने यहां पर बुलाकर रखा। अमित एनसीआर के विभिन्न ग्राहकों को लड़कियां सप्लाई करता था। उसने सैलून में नौकरी दिलाने के बहाने एक अन्य लड़की को भी दिल्ली बुलाया था। वसंतकुंज साउथ एसएचओ सहदेव राणा की टीम ने इन लड़कियों के जरिए आरोपी अमित का मोबाइल नंबर पता किया। उसे सर्विलांस पर लगाकर लोकेशन ट्रेस की गई और आखिर में उसे दबोच लिया गया। वाई प्रेमचंद्र मीतेई उर्फ अमित किशनगढ़ का रहने वाला है। इसे 20 मार्च को अरेस्ट कर कोर्ट में पेश किया गया। इसकी निशानदेही पर तीन मोबाइल और लैपटॉप बरामद हुआ। आरोपी मूलरुप से मणिपुर का रहने वाला है। इसके पास बीएससी और एमबीए की डिग्री भी है। वह ओएलएक्स पर विज्ञापन पोस्ट करता था, जिसमें लड़कियों को दिल्ली-एनसीआर में रिसेप्शनिस्ट, प्राइवेट सेक्रेटरी जैसी आकर्षक जॉब की पेशकश की जाती थी। दिल्ली आने वाली लड़कियों को वह वसंतकुंज में किराए के अपार्टमेंट में रखता था। इसके बाद उन्हें गुरुग्राम और दिल्ली के अलग अलग इलाकों में सेक्स के लिए भेजा जाता था। हिमाचल प्रदेश में किन्नौर की एक और लड़की को इसने ऑनलाइन पोर्टल के जरिए नौकरी का प्रस्ताव देकर किशनगढ़ इंटरव्यू के लिए बुलाया था। अकेली इस युवती के साथ उसने पहले दुष्कर्म का प्रयास किया और उसकी नग्न तस्वीरें भी खींच ली। बाद में उन तस्वीरों को सार्वजनिक करने की धमकी देकर आरोपी ने उसे लोगों के साथ सेक्स करने के लिए मजबूर करता रहा।

## बच्ची की अपहरण और रेप के बाद हत्या का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

### आरोपी की निशानदेही पर शव बरामद



आउटर नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट के बवाना इलाके में पांच साल की बच्ची की अपहरण के बाद हत्या का आरोपी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसकी निशानदेही पर बच्ची की डैड बॉडी भी बरामद हो गई है। आरोपी की पहचान टोटन लोहार उर्फ खुदी के तौर पर हुई है।

पुलिस के अनुसार 24 मार्च को रात करीब 11 बजे बवाना थाने को एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी जिसमें सेक्टर 1 डीएसआईआईडीसी बवाना से पांच वर्षीय बच्ची के अपहरण का संदेह जताया गया था। बच्ची के माता-पिता के बयान पर धारा 363 आईपीसी के तहत केस दर्ज किया गया था। पीड़ित माता पिता एक चाय की दुकान चलाते हैं और लड़की दिन के समय उनके साथ रहती थी। उन्होंने उसे आखिरी बार शाम करीब 5 बजे देखा था। अपने स्तर पर उसका पता लगाने का प्रयास किया लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। पुलिस की कई टीमें व्यापक खोजबीन में जुट गई। इलाके से कई सीसीटीवी फुटेज हासिल किए गए और उनमें से एक में लड़की को टोटन लोहार के साथ देखा गया। टोटन फरार पाया गया। स्थानीय जांच से पता चला कि वह पूर्वा एक्सप्रेस ट्रेन से पश्चिम बंगाल भाग गया होगा। उसे पकड़ने के लिए एक टीम कोलकाता के लिए भी भेजी गई। आरोपी को आसनसोल रेलवे स्टेशन से दबोच लिया गया। 27 मार्च की सुबह उसे दिल्ली वापस लाया गया। आरोपी ने कबूला कि उसने लड़की के साथ बलात्कार करने और उसकी हत्या कर शव को बगल की फैक्ट्री में फेंका था। आरोपी की निशानदेही पर अपराध स्थल की पहचान की गई और शव को बरामद कर लिया गया। वहां से एक ब्लेड और एक ईंट भी बरामद हुई जिससे हत्या की गई थी। मामले में धारा 302, 201, 376 एबी आईपीसी और 6 पॉक्सो एक्ट जोड़ा गया है और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## पीरागढ़ी: तीन साल की बच्ची का यौन उत्पीड़न, आरोपी पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम विहार पश्चिम थाना अंतर्गत एक तीन साल की बच्ची के यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया है। आरोपी उसी इमारत के किरायेदार पर है जिसमें बच्ची अपने परिवार के साथ रहती है। 27 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। डीसीपी आउटर



जिमी चिरम के अनुसार गुरुवार दोपहर 12:12 बजे पीरागढ़ी गांव मंगल बाजार रोड पर तीन साल की बच्ची के यौन उत्पीड़न के संबंध पीसीआर कॉल प्राप्त हुई। तुरंत एसीपी पश्चिम विहार, एसएचओ पश्चिम विहार पश्चिम, इंस्पेक्टर इन्वेस्टिगेशन और अन्य स्टाफ मौके पर पहुंचा। वहां एक नाबालिग लड़की अपनी मां के साथ पाई गई। उसे संजय गांधी अस्पताल मेडिकल जांच और उपचार के लिये भिजवाया गया। कथित आरोपी उसी इमारत का किरायेदार है। धारा 376 आईपीसी और 6 पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस टीम ने आरोपी की तलाश में करीब 30 जगहों पर छापेमारी की और उसे दबोच लिया गया।

# आपसी रंजिश में की गई थी रेस्तरां मालिक की हत्या

## न्यू उस्मानपुर इलाके का मामला: क्राइम ब्रांच ने दो आरोपी किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

न्यू उस्मानपुर इलाके में रेस्तरां संचालक संजय की मंगलवार आधी रात हुई हत्या के आरोप में दो आरोपियों को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान ब्रहमपुरी निवासी सुमित उर्फ मोनू (21) व दीपक उर्फ मोहित (22) के तौर पर हुई है। पुलिस ने इनके पास से एक बाइक भी जब्त की है।



डीसीपी अमित गोयल के अनुसार दोनों आरोपी संजय के ही एरिया के रहने वाले हैं। आपसी रंजिश में इस वारदात को अंजाम दिया गया था। संजय भी हत्या के केस में शामिल रह चुका था। संजय और उसके भाई ने दोनों आरोपियों के साथ गाली गलौच की थी। 8 मार्च को संजय के छोटे भाई ने सुमित के साथ मारपीट की थी। संजय की दीपक उर्फ मोहित के साथ भी पुराना झगड़ा था। इस वजह से दोनों ने एक अन्य जानकार के साथ मिलकर पहले संजय को मारने का प्लान बनाया। इन्होंने अपने किसी जानकार के माध्यम से दो पिस्टल और कारतूस का भी इंतजाम किया था। प्लानिंग के तहत 26 मार्च की देर रात ताबड़तोड़ फायरिंग कर संजय की हत्या की गई थी। पुलिस ने जांच के दौरान सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली। जिसके बाद आरोपियों का पता चलने पर उन्हें जग प्रवेश चंद अस्पताल के नजदीक से धर दबोचा। पुलिस को केस में एक अन्य सहयोगी की तलाश है।

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्ता **चंदा, पत्नी:** संजय, **पता:** मकान नं. ए–113–114, विकास नगर, एक्सटेंशन, नई दिल्ली और 216–बी, तीसरी मंजिल, बी–6 के सामने, हुमायूं पुर, सफदरजंग एन्क्लेव, दिल्ली ने **FIR No. 293/2013, U/s 354/354B/506 IPC, थाना: रनहौला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्ता **चंदा** मिल नहीं रहीं है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्ता **चंदा** फरार हो गई है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहीं है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 293/2013, U/s 354/354B/506 IPC, थाना: रनहौला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्ता **चंदा** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.05.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री अनीज़ा बिश्नोई,**
**महानगर दण्डाधिकारी–05, महिला न्यायालय,**
**पश्चिम जिला, कमरा नंबर 353,**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

DP/3326/OD/2024-
(Court Matter)

# पंजाबी बाग इलाके में सड़ी गली लाश मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

### हत्या का केस दर्ज

पंजाबी बाग इलाके में एक युवक की हत्या का मामला सामने आया है। गुरुवार सुबह उसकी सड़ी गली लाश मादीपुर मेट्रो स्टेशन के नजदीक रेलवे की खाली जमीन पर मिली। लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। फिलहाल पुलिस हत्या का केस दर्ज कर मृतक की पहचान का प्रयास कर रही है।

डीसीपी विचित्रवीर ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब पौने 10 बजे इस मामले की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की गई और लाश को मोर्चरी भिजवाया गया। क्राइम और एफएसएल की टीम को भी बुलाकर मामले से जुड़े साक्ष्य



उठाए गए। शुरुआती जांच पड़ताल के बाद पंजाबी बाग थाने में हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को शुरुआती जांच में प्रतीत होता है कि हत्या के बाद शव को यहां ठिकाने लगाया गया था। पुलिस की कई टीमें मृतक की पहचान और हत्यारे के बारे में जानकारी जुटाने में लगी हैं।

## पुलिस आयुक्त से विस्तृत जांच रिपोर्ट की तलब

# उपराज्यपाल ने कंगना के खिलाफ कांग्रेस नेता की टिप्पणी पर पुलिस को दिए जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नई दिल्ली सीट से भाजपा की लोकसभा उम्मीदवार बांसुरी स्वराज की शिकायत पर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने फिल्म अभिनेत्री व भाजपा नेता कंगना रनौत के खिलाफ कांग्रेस नेत्री सुप्रिया श्रीनेत की विवादित मीडिया पोस्ट को लेकर दिल्ली पुलिस को जांच करने के निर्देश दिए है।



एलजी ने हिमाचल राज्य में मंडी लोकसभा सीट से भाजपा की उम्मीदवार कंगना रनौत के खिलाफ कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत की आपत्तिजनक सोशल मीडिया पोस्ट के संबंध में गुरुवार को दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा से विस्तृत जांच रिपोर्ट तलब की है। इस बारे में राजनिवास से जुड़े सूत्रों ने बताया कि एलजी को नई दिल्ली सीट से भाजपा उम्मीदवार बांसुरी स्वराज ने लिखित शिकायत की है। जिसमें स्वराज ने एलजी को लिखा है कि एक महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के लिए कांग्रेस नेता श्रीनेत के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने व निष्पक्ष जांच की मांग की थी। जिसके बाद एलजी ने इस मुद्दे पर गंभीरता दिखाते हुए स्वराज की शिकायत को पुलिस आयुक्त को भेज दी और मामले में जांच करने और जरूरी होने पर कानूनी कार्रवाई शुरू करने का निर्देश दिया है। सूत्रों ने बताया कि पुलिस यह भी जांच करेगी कि उक्त सोशल मीडिया पोस्ट के लिए असली जिम्मेदार कौन था और इसके लिए किसके मोबाइल फोन का इस्तेमाल किया गया था। बता दें कि हाल ही में कांग्रेस प्रवक्ता श्रीनेत के सोशल मीडिया अकाउंट से रनौत को लेकर बेहद विवादास्पद टिप्पणी पोस्ट हुई थी। जिसके बाद भाजपा व सोशल मीडिया यूजर्स ने श्रीनेत के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। चारों तरफ से घिरने के बाद श्रीनेत ने विवादास्पद पोस्ट को हटा दिया और सफाई दी कि उक्त पोस्ट मैंने नहीं की बल्कि किसी और के द्वारा की गई थी। जैसे ही मुझे पता चला मैंने उस पोस्ट को हटा दिया है। बावजूद इसके भाजपा पूरी तरह से इस मामले पर श्रीनेत सहित कांग्रेस पार्टी पर हमलावर बनी हुई है।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे

अभिरुचि की अभिव्यक्ति

**दिल्ली मंडल के दिल्ली, नई दिल्ली, आनंद विहार और हज़रत निज़ामुद्दीन रेलवे स्टेशनों पर अपने खर्च पर दिव्यांगजनों (शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों) के लिए बैटरी चालित कार (बीओसी) सेवाएं प्रदान करने, चलाने एवं रख–रखाव के लिए सीएसआर कार्य करने हेतु गैर सरकारी संगठनों / ट्रस्टों / सोसाइटियों / कॉर्पोरेट आदि से अभिरुचि की अभिव्यक्ति के लिए आमंत्रण।**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक / य.स, उत्तर रेलवे दिल्ली मंडल द्वारा रेलवे के प्रयासों में सुधार के लिए सीएसआर (कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व) कार्य करने के लिए गैर सरकारी संगठनों, ट्रस्टों, सोसायटी, कॉर्पोरेट्स और पीएसयू आदि से दिल्ली मंडल के दिल्ली, नई दिल्ली, आनंद विहार और हज़रत निज़ामुद्दीन रेलवे स्टेशनों पर दिव्यांगजनों (शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों) के लिए अपने खर्च पर ऑपरेटर स्टाफ सहित बैटरी चालित कारों (प्रत्येक स्टेशन पर कम से कम एक) को प्रदान करने, चलाने एवं रख–रखाव के लिए अभिरुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित करता है।

आप अपनी निधि की उपयुक्तता के अनुसार एक या अधिक स्टेशनों में निवेश करके इस प्रस्ताव में योगदान दे सकते हैं।

इच्छुक भागीदार अपनी अभिरुचि की अभिव्यक्ति दिनांक 04.04.2024 को 17.00 बजे तक **srdcm.ndls@gmail.com** पर ई–मेल के माध्यम से या निम्नलिखित पते पर डाक द्वारा जमा कर सकते हैं:–

**Sr. Divisional Commercial Manager/PS**
**DRM Office, Delhi Division,**
**Northern Railway, New Delhi-110055.**

**स्पष्टीकरण के लिए संपर्क करें: सहायक वाणिज्यिक प्रबंधक– 9717633072**

**No. 785/CP/PA/Works under CSR/2020 Date: 28.03.2024** **937/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

सिर्फ 4 ऐसे बयान के आधार पर गिरफ्तार किया गया है, जिन बयानों का कोई आधार नहीं है

# सीएम केजरीवाल ने कोर्ट में अपना पक्ष रख ईडी के फर्जी केस को किया ध्वस्त : आतिशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी ने गुरुवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया। इस दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कोर्ट के सामने स्वयं अपनी दलीलें रखते हुए मात्र 7 मिनट में ईडी के सारे केस को ध्वस्त कर दिया। इस बात की जानकारी कोर्ट में सुनवाई बाद आप की वरिष्ठ नेता और कैबिनेट मंत्री आतिशी ने प्रैसवार्ता में दी।

आतिशी ने प्रैसवार्ता में कहा कि अरविंद केजरीवाल ने कोर्ट को बताया कि कैसे ईडी का केस निराधार है, बेबुनियाद है और बिना किसी कारण के एक मौजूदा मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया गया है। आतिशी ने बताया कि सीएम केजरीवाल ने कोर्ट में कहा कि यह केस पिछले पौने दो सालों से चल रहा है। 17 अगस्त 2022 को सीबीआई का पहला केस फाइल हुआ था और 22 अगस्त 2022 को पीआईएल फाइल हुई थी। सीएम ने कहा कि, ना तो किसी कोर्ट ने मुझे दोषी करार दिया है और ना ही मेरे ऊपर कोई मुकदमा चला है। ना ही मेरे ऊपर कोई आरोप तय हुआ है, ना ही मेरे ऊपर कोई आरोप लगे हैं। सीएम ने कहा कि मेरा नाम सीधे-सीधे 4 स्टेटमेंट में आता है। आप नेता आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को सिर्फ 4 बयानों के आधार पर गिरफ्तार किया गया है, जिन बयानों का कोई आधार नहीं है। जिन बयानों को देने से पहले उन व्यक्तियों ने कई बार कहा कि हम अरविंद केजरीवाल को नहीं जानते, हम उनसे नहीं मिले। लेकिन महीनों तक जेल में रहने के बाद उनके बयान पलट जाते है। तो आज अरविंद केजरीवाल ने राउज एवेन्यू कोर्ट के सामने अपना बयान रख कर ईडी के सारे केस को ध्वस्त कर दिया। आज अरविंद केजरीवाल ने अपना बयान सामने रख कर पूरे देश के सामने ये साबित कर दिया कि ईडी का असली मतलब एक्सटॉरशन डायरेक्टोरेट है। ईडी का प्रयोग उगाही करने के लिए किया जाता है और असली शराब घोटाला ईडी की जांच के बाद शुरू हुआ जब इस शराब घोटाले की जांच के माध्यम से शराब कारोबारियों से पैसों की उगाही की गई।




## केजरीवाल की तबीयत ठीक नहीं, उन्हें बहुत परेशान किया जा रहा : सुनीता

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने गुरुवार को दावा किया कि मुख्यमंत्री की तबीयत ठीक नहीं है और उन्हें 'बहुत परेशान' किया जा रहा है। केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार किया था। गुरुवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने मुख्यमंत्री की ईडी हिरासत एक अप्रैल तक बढ़ा दी। केजरीवाल के मामले की सुनवाई के दौरान सुनीता केजरीवाल भी अदालत में मौजूद थीं। सुनीता ने पत्रकारों से कहा कि उनकी तबीयत ठीक नहीं है। उनके शुगर लेवल में उतार-चढ़ाव हो रहा है। उन्हें बहुत परेशान किया जा रहा है। यह अत्याचार नहीं चलेगा, जनता जवाब देगी।

## दिल्ली और पंजाब में आप की सरकार गिराने के लिए चलाया जा रहा है ऑपरेशन लोटस : भारद्वाज

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने गुरुवार को आरोप लगाया है कि दिल्ली और पंजाब में आप की सरकार गिराने के लिए आपरेशन लोटस शुरू कर दिया गया है। सौरभ ने प्रैसवार्ता कर कहा कि हमारे पंजाब के बहुत सारे विधायकों को संपर्क किया गया है और उन्हें पैसों का, पद का, वाई प्लस सुरक्षा का और लोकसभा चुनाव लड़ाने का लालच देकर आम आदमी पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने का ऑफर दिया जा रहा है। सौरभ ने कहा कि यह बात समझ के बिल्कुल परे है, कि जब पंजाब में भारतीय जनता पार्टी का कोई आधार ही नहीं है और पंजाब के लोग भाजपा से इतनी नफरत करते हैं, तो आखिर क्यों बीजेपी पंजाब में आम आदमी पार्टी के विधायक और सांसदों को तोड़ रही है। उन्होंने कहा कि कल जालंधर से जो हमारे सांसद थे रिंकू, हालांकि अब उनका कार्यकाल समाप्त हो चुका है, भाजपा में शामिल हो गए। यह बहुत बड़ा प्रश्न है, कि भाजपा जो पंजाब में चौथे नंबर की पार्टी है, क्यों कोई जीता हुआ सांसद पंजाब की अपनी नंबर वन की पार्टी को छोड़कर चौथ स्थान की पार्टी भाजपा में शामिल होना चाहेगा। क्यों एक जीता हुआ सांसद अपनी पार्टी छोड़कर ऐसी पार्टी में जाना चाहेगा, जहां कि उसे पता है कि इस पार्टी से चुनाव लड़ने पर वह चौथे स्थान पर आएगा।

## भाजपा गुंडागर्दी कर रही है, इससे देश को होगा नुकसान : आप

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) संदीप पाठक ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि आप' के विधायकों को फोन कर पार्टी छोड़ने या परिणाम भुगतने के लिए कहा जा रहा है। पाठक ने यह टिप्पणी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दिल्ली की ईडी अदालत में पेश किए जाने से पहले सोशल मीडिया एक्स पर की है। संदीप पाठक ने एक्स पर लिखा कि हर जगह आम आदमी पार्टी के विधायकों को कॉल आ रहे हैं। कह रहे हैं कि जो चाहिए बोलो मिल जाएगा, नहीं आये तो तुम्हारी खैर नहीं। दिल्ली पंजाब की जनता ने इतनी उम्मीद से केजरीवाल को चुना है, और ये जनता का अधिकार है। भाजपा ये गुंडागर्दी किसी पार्टी से नहीं कर रही है बल्कि देशद्रोह कर रही है। इसका नुकसान किसी पार्टी को नहीं है बल्कि देश को होगा। देश को तोड़ने की पहले भी ऐसे कई प्रयास अंग्रेजों, मुगलों के द्वारा पर इतिहास गवाह है वो सारे प्रयास असफल हुए। भाजपा का भी ये प्रयास असफल होगा। सभी से अनुरोध है अपने देश की संस्कृति और ईश्वर पर भरोसा रखें। जीत सत्य की होगी। पाठक को एक्स पर जवाब देते हुए भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने उन्हें उस भाजपा नेता का नाम बताने की चुनौती दी जिसने किसी आप विधायक को फोन कर प्रलोभन दिया हो। उन्होंने आरोप लगाया कि सच यह है कि अरविंद केजरीवाल के भ्रष्टाचार के किस्सों के चलते आप का कुनबा बिखर रहा है।

## दिल्ली में संवैधानिक संकट, केजरीवाल को इस्तीफा देना चाहिए : भाजपा

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की बृहस्पतिवार को मांग की और आरोप लगाया कि राष्ट्रीय राजधानी संवैधानिक संकट का सामना कर रही है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति मामले में केजरीवाल को गिरफ्तार किया है। भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और पार्टी सांसद मनोज तिवारी ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि केजरीवाल को हिरासत में लिए जाने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) में से किसी को भी मुख्यमंत्री बनाया जा सकता था। तिवारी ने कहा कि दिल्ली संवैधानिक संकट में है। यदि आपके मन में दिल्ली के उन लोगों के प्रति जरा भी सम्मान है, जिन्होंने आपको चुना है, तो आप किसी को भी आम आदमी पार्टी से मुख्यमंत्री बना सकते हैं। केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए सचदेवा ने कहा कि मुख्यमंत्री की कुर्सी के लिए 'आप' में अंदरूनी खींचतान चल रही है। उन्होंने एक जांच एजेंसी की हिरासत से सरकार चलाने की संवैधानिक वैधता पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि हमें पूरी दुनिया में जेल से सरकार चलाने वाले किसी व्यक्ति का एक उदाहरण दिखाइए। यदि आप में थोड़ी भी नैतिकता बची है तो इस्तीफा दे दीजिए। सचदेवा ने पूछा कि यदि जेल से काम करना वैध है तो पार्टी ने मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन से इस्तीफा क्यों लिया। ईडी ने 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को 21 मार्च को दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार किया था।

# एमबीबीएस छात्राओं के साथ अश्लील व्यवहार का मामला: मंत्री सौरभ ने उपराज्यपाल से की दोषियों पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के एक सरकारी मेडिकल कॉलेज भीमराव अंबेडकर में एमबीबीएस कि छात्रों के साथ हुए एक छेड़छाड़ के मामले में गुरुवार को दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से अनुरोध किया कि दोषी अधिकारियों के खिलाफ जल्द से जल्द कार्यवाही कर इनको डिटेल किया जाए।

गुरुवार को प्रैसवार्ता में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बताया कि इस मामले में उन्होंने खुद मुख्य सचिव और एलजी को पत्र लिखकर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी लेकिन मुझे पता चला है कि आंतरिक जांच समिति (आईसीसी)आरोपी प्रोफेसर को आईसीसी द्वारा क्लीन चिट दे दी गई है। उन्होंने कहा कि मैं बेहद ही हैरान हूं कि यह किस प्रकार का न्याय है। कौन से सर्विसेज डिपार्टमेंट की बात की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह बेहद ही शर्म की बात है, कि मैं दिल्ली का स्वास्थ्य मंत्री हूं और मेरे ही विभाग के अस्पताल में मेरे ही राज्य की बच्चियों के साथ इस प्रकार की घटना हो रही है और विभाग के अधिकारियों द्वारा यह कहकर मुझे नहीं बताया जा रहा है कि यह मामला सर्विसेज विभाग का है, आपका इस मामले से कोई लेना देना नहीं है। मीडिया के माध्यम से दिल्ली के उपराज्यपाल से निवेदन करते हुए मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि स्वास्थ्य सचिव के पास अधिकार हैं, आप उन दोषी अधिकारियों को तुरंत प्रभाव से डिटेल कर सकते हैं। मेरा आपसे अनुरोध है की इन दोषी अधिकारियों के खिलाफ जल्द से जल्द कार्यवाही कर इनको डिटेल किया जाए। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने गुरुवार को प्रैसवार्ता में बताया कि कहा कि 31 जनवरी 2024 को इस अस्पताल के एक प्रोफेसर ने एमबीबीएस की दो छात्राओं के साथ बहुत अभद्र बातें करने का मामला प्रकाश में आया था।

## ऑटो संगठन ने महाराष्ट्र की तर्ज पर दिल्ली में भी सुरक्षा कल्याण बोर्ड बनाने की मांग की

**नई दिल्ली।** दिल्ली ऑटो रिक्शा संघ और दिल्ली प्रदेश टैक्सी यूनियन ने मांग की है कि चालकों के हितों की रक्षा के लिए महाराष्ट्र की तर्ज पर राज्य सरकार सुरक्षा कल्याण बोर्ड का गठन किया जाना चाहिए। संगठन के महामंत्री राजेंद्र सोनी ने इस मुद्दे पर कहा कि ऑटो रिक्शा, टैक्सी, बस और ट्रक चालकों की लंबे समय से मांग रही है कि राज्य सरकार सुरक्षा कल्याण बोर्ड का गठन करे। उन्होंने कहा कि इसको लेकर महाराष्ट्र सरकार ने रिक्शा और टैक्सी चालकों के लिए कल्याण बोर्ड बना रखा है। सरकार ने बकायदा महाराष्ट्र सरकार ने कल्याण बोर्ड के लिए 50 करोड़ रुपये आवंटित भी किये हैं। उन्होंने कहा कि संगठन मांग करता है कि महाराष्ट्र सरकार की तर्ज पर अन्य राज्य सरकारें भी अपने ऑटो, टैक्सी, बस और ट्रक चालकों के हितों का सम्मान करते हुए राज्य सुरक्षा कल्याण बोर्ड बनाए। उन्होंने कहा कि फिलहाल लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद संगठन इस मुद्दे को व्यापक स्तर पर पूरे देश में उठाएगा। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के बाद महाराष्ट्र पहला राज्य बना है, जहां सुरक्षा कल्याण बोर्ड में एक साल के लिए 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। इससे चालकों के बच्चों और उनके परिवार के लिए स्वास्थ्य बीमा और बच्चों की शिक्षा का आदि का ख्याल रखा जा सकेगा। इसमें अन्य योजनाएं भी शामिल होगी।

## लवली ने प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया टीम की 31 मार्च की रैली की तैयारी पर बैठक ली



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आगामी 31 मार्च 2024 को रामलीला मैदान में प्रस्तावित इंडिया गठबंधन की रैली को लेकर कांग्रेस लगातार बैठकों पर बैठक कर रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने प्रदेश सोशल मीडिया संगठन की बैठक बुलाई और रैली को लेकर कई दिशा निर्देश दिए। बैठक में जहां लवली ने रैली को लेकर कई निर्देश दिए वहीं केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। इस अवसर पर लवली के अलावा पूर्व मंत्री राजकुमार चौहान, पूर्व विधायक भीष्म शर्मा, सुखबीर शर्मा, सोशल मीडिया चेयरमैन सहित अन्य मौजूद थे। अपने संबोधन में लवली ने कहा कि भाजपा सांसदों ने दिल्ली की झुग्गी झोपड़ी और मलीन बस्तियों में सुधार व कल्याण के लिए आज तक कोई काम ही नहीं किया। ऐसे में कांग्रेस का सोशल मीडिया अहम जिम्मेदारी निभाते हुए युवाओं तक इसकी सच्चाई पहुंचा सकते है। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक युवाओं को सोशल मीडिया से जुड़कर कांग्रेस की पांच न्याय की लड़ाई में भागीदार बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा की झूठी कहानी को जनता तक पहुंचाने में सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर हमारे कार्यकर्ता उनकी सच्चाई को उजागर करेंगे। क्योंकि कांग्रेस पार्टी की गतिविधियों के बारे में लोगों तक सच्ची जानकारी पहुंचाने में सोशल मीडिया बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सोशल मीडिया के वालियंटर आगामी लोकसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए भाजपा की झूठी कहानियों की सच्चाई को सोशल मीडिया पर कांग्रेस की विचारधारा के अनुरुप प्रचारित करें। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया टीम रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन की रैली का प्रचार हर प्लेटफार्म करेगा। उन्होंने कहा कि अपने बूथ से जुड़े अभियान की सफलता के बाद सोशल मीडिया टीम ने एक उदाहरण पेश किया है। आज के दौर में राजनीतिक दल को शक्ति प्रदान करने के लिए सोशल मीडिया अहम भूमिका निभा रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म वाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम सहित वेबसाईट पर सोशल मीडिया वालिटंर एक यौद्धा की तरह काम करके कांग्रेस पार्टी की विचारधारा और भाजपा सरकार के खिलाफ कांग्रेस की लड़ाई को बखूबी लड़ रहे है।

## भाजपा की महिला नेताओं ने थामा कांग्रेस का हाथ

**नई दिल्ली।** चुनावी मौसम में नेताओं द्वारा दल बदल करना बढ़ जाता है। इसी कड़ी में गुरुवार को भाजपा की महिला नेता व जनतंत्र एनजीओ कार्यकर्ताओं कांग्रेस का हाथ पकड़ लिया। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित सादे कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने कांग्रेस में शामिल होने वालों का स्वागत करते हुए कहा कि समान विचारधारा वालों का पार्टी में हमेशा स्वागत है। पार्टी में शामिल होने वाली सभी महिलाओं व अन्यों को लवली ने खुद कांग्रेसी पटका व फूल मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर महिला कांग्रेस अध्यक्ष पुष्पा सिंह व प्रियंका अग्रवाल भी मौजूद थी। कांग्रेस में शामिल होने वालों में रेखा, आरती, भूवी, शहनाज, नीलम, रीतू, रमा देवी, साधना, बॉबी, ट्विंकल, लक्ष्मी सहित अन्य महिलाएं शामिल थी।





# कोटा कॅरियर सिटी या सुसाइड सिटी...?

वर्तमान में युवाओं में बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति सिर्फ एक शहर या देश की ही नहीं वरन वैश्विक चुनौती है। स्कूल, कॉलेज से लेकर कॅरियर बना चुके युवा तक सुसाइड कर रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार आत्महत्या की प्रवृत्ति भावनात्मक एवं मानसिक मनोविकार है और इसे समझने की जरूरत है।

## आत्महत्या : राष्ट्रीय स्तर पर कोटा की स्थिति?

- देश में कुल आत्महत्याएं 170924 हुई, जिनमें सर्वाधिक 30 वर्ष तक के 69313 (करीब 40 प्रतिशत से अधिक) युवा हैं।
- देश में 10 लाख से अधिक आबादी के 53 शहरों में प्रति लाख आत्महत्या का औसत 16.4 व्यक्ति है।
- विजयवाड़ा में यह दर सर्वाधिक 42.6 है। टॉप-10 शहरों में यह औसत दर 28 से 42 व्यक्ति प्रति लाख तक है। टॉप 53 शहरों में कोटा 45वें नम्बर पर आता है। कोटा में यह दर 14.1 व्यक्ति प्रति लाख है जो राष्ट्रीय औसत से भी कम है। 10 लाख की आबादी के शहर कोटा में 2 लाख कोचिंग स्टूडेंट्स की संख्या को जोड़ने पर यह दर और भी कम हो जाती है।

– (स्रोतः एनसीआरबी ताजा रिपोर्ट)

## फिर कोटा ही क्यों सुसाइड सिटी?

किसी भी छात्र द्वारा उठाया गया गलत कदम दुखदायी होता है। कोटा इनको लेकर पूरी तरह से सजग है और इसके लिए गंभीरता से कार्य भी कर रहा है। दुःख की बात यह है कि इस अति संवेदनशील विषय को व्यवसायिक प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ने का माध्यम बनाया जा रहा है। निहित स्वार्थों के लिए कोटा की छवि को बारम्बार खराब किया जा रहा है। जब कोटा देश में होने वाली आत्महत्याओं के मामलों में टॉप-53 शहरों में 45वें नम्बर पर है तो फिर कोटा ही कैसे सुसाइड सिटी है?

## वास्तविकता में कोटा क्या है ?

एक ऐसा शहर जो युवाओं के सपने पूरे कर रहा है, बड़े शहरों से लेकर छोटे गांव-कस्बे के परिवारों की प्रतिभाओं को एक समान वातावरण देकर आईआईटी और मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई के लिए तैयार कर रहा है। यहां पढ़कर एक मजदूर का बेटा भी गूगल में तो वेल्डर का बेटा माइक्रोसॉफ्ट तक पहुंच रहा है। कुली का बेटा डाक्टर बन रहा है, तो नरेगा मजदूर का बेटा आईआईटी में पहुंच रहा है। आज कोटा कोचिंग से सर्वाधिक स्टूडेंट्स इंजीनियरिंग व मेडिकल कॉलेज में जा रहे हैं। कोटा कॅरियर के साथ-साथ केयर सिटी भी है, जिसने लॉकडाउन के दौरान यहां रह रहे 50 हजार स्टूडेंट्स की अच्छे से केयर की और उन्हें स्वस्थ व सुरक्षित घर भी भेजा। कोटा के इस इवेक्वेशन ड्राइव व केयरिंग को देश-दुनिया में सराहना मिली।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र जी मोदी ने भी कोटा को शिक्षा की काशी कहा है।

अब दुष्प्रचार कर कोटा की छवि को खराब किया जा रहा है।

## छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर कोटा के प्रयास

- 10 लाख की आबादी वाले शहरों से तुलना करें तो सबसे अधिक अनुभवी साइकोलॉजिकल काउंसलर्स कोटा में हैं।
- प्रशासन, पुलिस व कोचिंग संस्थानों द्वारा छात्रों की काउंसलिंग हेतु 24x7 हेल्पलाइन संचालित है।
- कोटा देश में संभवतः एकमात्र शहर है जहां स्टूडेंट्स mental wellbeing के लिए विशेष केन्द्र स्थापित है। यहां साइकोलॉजिकल काउंसलर्स एवं क्लीनिकल काउंसलर्स मौजूद रहते हैं।
- मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के लिए कोटा में नियमित योगा सेशन होते हैं।
- स्टूडेंट्स के व्यवहार को समझने व उनकी केयरिंग बेहतर करने के लिए आमजन को जोड़ते हुए देश में सबसे ज्यादा QPR गेटकीपर ट्रेनिंग (WHO से प्रमाणित) कोटा में दी गई।
- कोटा देश में एकमात्र शहर है जहां पेरेन्ट्स की भी काउंसलिंग की जाती है, उन्हें अपने बच्चों के व्यवहार में बदलाव को समझने और उसके अनुरूप व्यवहार के लिए मार्गदर्शन दिया जाता है।
- कोटा में स्टूडेंट्स वेलफेयर सोसायटी व कई संस्थाएं मिलकर छात्रों को घर जैसा माहौल व केयरिंग देने के लिए समर्पित रूप से कार्यरत है।
- कोटा में एक दर्जन से अधिक तरह से स्टूडेंट्स की काउंसलिंग की जाती है।
- कोटा कोचिंग में स्टूडेंट सपोर्ट के लिए डेडिकेटेड मेंटर सिस्टम है, हर छात्र की केयरिंग के लिए मेंटर होते हैं।
- यहां पर देश के ख्यातनाम विषय विशेषज्ञों व वक्ताओं के प्रेरक उद्बोधन होते हैं।
- हॉस्टल व पीजी में स्टूडेंट्स की सुविधा, सुरक्षा और समन्वय के लिए संसाधन और जीवनरक्षा उपकरण लगे होते हैं।

### देश के 10 लाख से अधिक आबादी के टॉप-53 शहरों में होने वाली कुल आत्महत्याओं के आकंड़ों में कोटा 45वें नम्बर पर है।

| Ranking | City | Total No. of Suicides | Actual Population (in Lakh) | Rate of Suicides (Per Lakh) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | DELHI (CITY) | 3367 | 163.2 | 20.6 |
| 2 | BENGALURU | 2313 | 85 | 27.2 |
| 3 | CHENNAI | 1581 | 87 | 18.2 |
| 4 | MUMBAI | 1501 | 184.1 | 8.2 |
| 5 | SURAT | 1004 | 45.9 | 21.9 |
| 6 | PUNE | 1003 | 50.5 | 19.9 |
| 7 | AHMEDABAD | 928 | 63.5 | 14.6 |
| 8 | NAGPUR | 771 | 25 | 30.8 |
| 9 | INDORE | 746 | 21.7 | 34.4 |
| 10 | VIJAYAWADA | 634 | 14.9 | 42.6 |
| 45 | KOTA | 141 | 10 | 14.1 |

स्रोतः एनसीआरबी ताजा रिपोर्ट

### देश के 10 लाख से अधिक आबादी के टॉप-53 शहरों में होने वाली कुल आत्महत्याओं की सुसाइड रेट में कोटा 37वें नम्बर पर है।

| Ranking | City | Total No. of Suicides | Actual Population (in Lakh) | Rate of Suicides (Per Lakh) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | VIJAYAWADA | 634 | 14.9 | 42.6 |
| 2 | KOLLAM | 472 | 11.1 | 42.5 |
| 3 | RAJKOT | 550 | 13.9 | 39.6 |
| 4 | ASANSOL | 468 | 12.4 | 37.7 |
| 5 | DURG BHILAINAGAR | 378 | 10.6 | 35.7 |
| 6 | INDORE | 746 | 21.7 | 34.4 |
| 7 | RAIPUR | 379 | 11.2 | 33.8 |
| 8 | NAGPUR | 771 | 25 | 30.8 |
| 9 | AURANGABAD | 358 | 11.9 | 30.1 |
| 10 | BHOPAL | 527 | 18.8 | 28.0 |
| 37 | KOTA | 141 | 10 | 14.1 |

स्रोतः एनसीआरबी ताजा रिपोर्ट

### गत 6 वर्ष में 69058 स्टूडेंट्स ने आत्महत्या की है। देश में आत्महत्या की दर सर्वाधिक युवाओं में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग में है। लैंसेंट रिपोर्ट में आत्महत्याओं के बारे में दी गई जानकारी।

**भारत में छात्र आत्महत्याएँ**

एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, 2022 में 13,044, 2021 में 13,089, 2020 में 12526, 2019 में 10335, 2018 में 10159, 2017 में 9905 छात्रों की आत्महत्या के कारण मृत्यु हो गई। 2021 में महाराष्ट्र में छात्रों की आत्महत्या की सबसे अधिक संख्या दर्ज की गई, जिसमें 1,834 मौतें दर्ज की गईं, इसके बाद मध्य प्रदेश में 1,308 और तमिलनाडु में 1,246 मौतें हुईं।[43]

लैंसेट के एक अध्ययन में कहा गया है कि भारत में आत्महत्या से मृत्यु दर दुनिया में सबसे अधिक है और वयस्क आत्महत्या से होने वाली मौतों का एक बड़ा हिस्सा 15 से 29 वर्ष की आयु के बीच होता है।

### IIT-AIIMS सहित उच्च शिक्षण संस्थानों में भी पिछले पांच वर्षों में 103 (अप्रेल-2023 तक) आत्महत्याएं हुई हैं। इस संबंध में पूछे गए सवाल पर लोकसभा में दिया गया सरकार का जवाब।

ANNEXURE

ANNEXURE REFERRED TO IN PART (a) to (f) OF THE REPLY TO THE LOK SABHA STARRED QUESTION NO. 456 TO BE ANSWERED ON 03/04/2023 REGARDING "INCREASE IN SUICIDE CASES IN EDUCATIONAL INSTITUTIONS" ASKED BY SHRI BENNY BEHANAN AND SHRI RAJMOHAN UNNITHAN, HON'BLE MEMBERS OF PARLIAMENT

1. Details of institutes/ universities where student suicides have been reported

| S. No. | Institutes/ Universities | Number of students who committed suicide during the last five years and the current year | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2018 | 2019 | 2020 | 2021 | 2022 | 2023 |
| 1. | IITs | 8 | 8 | 3 | 4 | 9 | 3 |
| 2. | IIMs | 1 | 0 | 1 | 1 | 1 | 0 |
| 3. | NITs | 3 | 8 | 1 | 2 | 7 | 3 |
| 4. | AIIMS | 2 | 0 | 4 | 2 | 3 | 0 |
| 5. | CUs | 6 | 4 | 4 | 1 | 5 | 9 |
| | Total | 20 | 20 | 13 | 10 | 25 | 15 |

### राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की ताजा रिपोर्ट के अनुसार देश के पांच बड़े राज्यों में 49.3 प्रतिशत सुसाइड होते हैं। इनमें राजस्थान नहीं है।

**Number and Percentage Share of Suicides in States/UTs**

The State/UT and City wise information on the incidents of suicides, its percentage share in total suicides and rate of suicides during the year are presented in **Table-2.2.**

Majority of suicides were reported in Maharashtra (22,746) followed by 19,834 suicides in Tamil Nadu, 15,386 suicides in Madhya Pradesh, 13,606 suicides in Karnataka and 12,669 suicides in West Bengal accounting for 13.3%, 11.6%, 9.0%, 8.0% and 7.4% of total suicides respectively. These 5 States together accounted for 49.3% of the total suicides reported in the country. The remaining 50.7% suicides were reported

## सिर्फ एक सवाल

इन सब तथ्यों के बावजूद क्या आपको लगता है कोटा सुसाइड सिटी है...

एक बार जरूर सोचें

जनहित में जारी-कोटा स्टूडेंट्स वेलफेयर सोसायटी
'समृद्धि' 75, न्यू ग्रेन मंडी, कोटा-324007

अधिकारी-कर्मचारी चुनाव प्रचार से दूरी बनाकर रखें

# सभी विभाग आपस में तालमेल बनाकर करें लोकसभा चुनाव का काम, धरातल पर केवल पहले से चल रहे विकास कार्य ही रखें जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने जिला के अधिकारियों व कर्मचारियों से लोकसभा चुनाव-2024 के दौरान आदर्श आचार संहिता की दृढ़ता से पालना करने की अपील की है।

उन्होंने बताया कि यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी लोकसभा आम चुनाव के दौरान चुनाव प्रचार में संलिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों अनुरूप कार्रवाई की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने विभिन्न इंजीनियरिंग विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए बताया कि आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने की तिथि के बाद कोई भी नया कार्य आरंभ नहीं किया जा सकता है। जो कार्य धरातल पर पहले से शुरू हैं, वे ही जारी रहेंगे। उन्होंने बताया कि उपायुक्त कार्यालय की ओर से विभिन्न विभागों की विकास कार्य से संबंधित रिपोर्ट पहले ही मंगवा ली गई है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने आदर्श आचार संहिता की दृढ़ता से पालना करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी लोकसभा आम चुनाव के दौरान चुनाव प्रचार में संलिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों अनुरूप कार्रवाई की जाएगी।



धार्मिक स्थलों का प्रयोग प्रचार के लिए न करें

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जिला के सभी अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें कि विश्राम गृहों में कोई भी राजनीतिक गतिविधियां न हो। न ही उनकी पूर्व स्वीकृति के बिना विश्राम गृहों की बुकिंग की जाए। इसी प्रकार शिक्षण संस्थानों व धार्मिक स्थलों को भी चुनाव प्रचार के संबंध में प्रयोग नहीं किया जा सकता। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि अब पूरी सरकारी मशीनरी भारत निर्वाचन आयोग की प्रतिनियुक्ति पर है और अधिकारियों व कर्मचारियों की भारत निर्वाचन आयोग के प्रति पूर्ण जवाबदेही है। उन्होंने कहा कि जिला में लोकसभा आम चुनाव का कार्य एक टीम भावना से पूरा करना होगा। लोकसभा आम चुनाव में जिला के प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी का कार्य अपनी जगह बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अगर टीम में पूर्ण तालमेल बना रहता है तो कोई भी कार्य मुश्किल नहीं होता।

### जिले के अधिकारियों को जारी की मुख्यालय न छोड़ने के निर्देश

*जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिला के सभी अधिकारियों को लोकसभा चुनाव के दौरान जिला मुख्यालय नहीं छोडने के निर्देश दिए हैं। चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न होने तक किसी भी समय जिला के अधिकारियों की आवश्यकता पड़ सकती है। ऐसे में सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि जरूरी परिस्थितियों में ही केवल पूर्व स्वीकृति लेकर ही जिला मुख्यालय छोड़े। उन्होंने कहा है कि आदेशों की अवहेलना को गंभीरता से लेते हुए उल्लंघन करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।*

## खबर संक्षेप

### कंपनी में नौकरी देने के नाम पर धोखाधड़ी

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच 30 प्रभारी नवीन कुमार की टीम ने धोखाधड़ी के मामले में 2 को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में दिलशाद तथा मनीष का नाम शामिल है। दोनों ओल्ड थाना एरिया में फर्जी कॉल सेंटर चलाते हैं जिसमें वह नौकरी की तलाश कर रहे बेरोजगारों को नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी करते थे।



### दुकान से चोरी के मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच एनआईटी प्रभारी संदीप कुमार की टीम ने चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो को गिरफ्तार किया है।आरोपियों में आसिफ तथा रफीक का नाम शामिल है। आरोपियों ने 26 मार्च की रातें जमाई कॉलोनी में स्थित एक टेंट की दुकान से 44000 रुपए की चोरी की थी। पीड़ित ने बताया कि उसके दुकान की अलमारी से 44000 गायब थे।



### गाड़ी के सात लाख हड़पने का आरोपी काबू

**गुरुग्राम।** सेक्टर-17 क्राइम ब्रांच ने एक्यूवी गाड़ी खरीदने के नाम पर सात लाख हड़पने के आरोपी को काबू कर लिया है। आरोपी पर पहले भी जान से मारने की धमकी देने व मारपीट करने के 4 केस सोनीपत में भी दर्ज हैं।सेक्टर-17/18 थाने में व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि उसने सोनीपत के अनिल दत्ता को अपनी एक्सयूवी गाड़ी 7 लाख में बेची थी। लेकिन आरोपी ने 7 लाख रुपए भी नहीं दिए। गाड़ी भी हड़प ली।



### 18 किलोग्राम अवैध गांजा सहित आरोपी काबू

**गुरुग्राम ।** सेक्टर-39 क्राइम ब्रांच ने 18 किग्रा अवैध गांजा सहित एक आरोपी को काबू किया है। आरोपी गांजा दिल्ली से लाया था और गुरुग्राम में बेचने की फिराक में था। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी है। सेक्टर-39 क्राइम ब्रांच को सूचना मिली कि दिल्ली से गांजा की खेंप गुरुग्राम में सप्लाई करने के लिए लाई जा रही है। क्राइम ब्रांच ने कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को अवैध गांजा सहित काबू कर लिया।



### पुलिस को झूठी सूचना देने वाले पर केस दर्ज

**गुरुग्राम।** आईएमटी मानेसर में पुलिस को झूठी शिकायत देकर केस दर्ज कराने के मामले में पुलिस ने आरोपी पर 182 आईपीसी के तहत केस दर्ज किया है। सचिन शेखर ने पुलिस को शिकायत में कहा था कि उसके साथ दवाईयों का काम करने वाले रमेश ने उसे व्हाट्सएप कॉल कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने जांच के दौरान पाया कि रमेश वर्ष-2018 से कनाडा में रहकर नौकरी करता है।




आल इंडिया फोरम की ओर से प्रथम राष्ट्रीय एमएसएमई महोत्सव का शुभारंभ

# फरीदाबाद के उद्यमी भारत के साथ विश्व में भी पहचान बनाने के लिए बनें भागीदार

- *देश के विकास में उद्यमियों का अहम योगदान*
- *एआईएफओएम का निर्माण एमएसएमई को सभी प्रकार का सहयोग देने के लिए किया गया*

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने लघु उद्यमियों को संबोधित करते हुए कहा कि एक शिल्पकार से लेकर शहरी क्षेत्र में मौजूद स्टार्ट अप, स्मार्ट सोल्यूशन, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग तक आते है। एमएसएमई के अंतर्गत न केवल मैन्युफैक्चरिंग एवं सर्विस उद्योग आते है, अपितु व्यापार को भी इसमें शामिल किया गया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि उद्यमियों का देश के विकास में अहम योगदान है। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद इंडस्ट्रीज को भारत के साथ विश्व में पहचान बनाने के लिए सभी उद्यमी भागीदार बनें।

राज्यपाल ने आल इंडिया फोरम ऑफ एमएसएमई द्वारा आयोजित प्रथम राष्ट्रीय एमएसएमई महोत्सव में उपस्थित लघु उद्यमियों को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल प्रथम एआईएफओएम राष्ट्रीय एमएसएमई महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

रोजगार सृजन एवं करदाता के रूप में एमएसएमई का योगदान महत्वपूर्ण

फरीदाबाद जिला में 25000 से अधिक एमएसएमई इकाईयां




### एमएसएमई से अर्थव्यवस्था को मिलता है ईंधन

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने लघु उद्यमियों को संबोधित करते हुए कहा कि एक शिल्पकार से लेकर शहरी क्षेत्र में मौजूद स्टार्ट अप, स्मार्ट सोल्यूशन, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग तक आते है। एमएसएमई के अंतर्गत न केवल मैन्युफैक्चरिंग एवं सर्विस उद्योग आते है, अपितु व्यापार को भी इसमें शामिल किया गया है। यह केवल आप जैसे उद्यमियों का ही प्रयास है। जिसके द्वारा हमारी अर्थव्यवस्था को ईंधन प्राप्त होता है। इसके साथ ही रोजगार सृजन एवं कर दाता के रूप में आपका योगदान महत्वपूर्ण है। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि एक उद्यमी का जीवन चुनौतियों से परिपूर्ण है। इन चुनौतियों के बीच आप द्वारा दिखाए जाने वाले संयम, साहस, जोखिम एवं प्रतिदिन बदलने वाली टेक्नोलॉजी के मध्य खड़े रहना बहुत ही प्रेरणादायक है। आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था के दौर में उद्यमियों द्वारा की गई मेहनत की बदौलत जो एक अच्छा ईको सिस्टम हमारे देश में उपलब्ध है।

### हरियाणा में 1.5 लाख से अधिक एमएसएमई इकाईयां

*राज्यपाल ने कहा कि हरियाणा राज्य में 1.5 लाख से अधिक एमएसएमई इकाईयां हैं जिनमे से केवल फरीदाबाद जिला में 25000 से अधिक एमएसएमइ इकाईयां है। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि आज के परिपेक्ष्य में एआईएफओएम एमएसएमई जैसी संस्थाओं का एमएसएमईज के विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण रोल है। एआईएफओएम का निर्माण एमएसएमई इकाईयों को सभी प्रकार का सहयोग देने के लिए किया गया है।*

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का नामांकन

## पहले दिन गाजियाबाद में चार दावेदारों ने खरीदे नामांकन पत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की नामांकन की प्रक्रिया गुरुवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हो गई। पहले दिन कुल चार लोगों ने नामांकन पत्र खरीदे। जिला मुख्यालय में नामांकन के लिए आज कड़े सुरक्षा बंदोबस्त किए गए थे। कलेक्ट्रेट में त्रिस्तरीय पुलिस बंदोबस्त किए गए थे और पुलिस कमिश्नर अजय मिश्रा तथा जिला निर्वाचन अधिकारी इंद्र विक्रम सिंह नजर बनाए हुए थे। आज सुबह कलेक्ट्रेट परिसर में नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई जहां पर तमाम व्यवस्था की गई थी। कोई फालतू व्यक्ति अंदर न जाए इसके लिए ब बैरिकेडिंग की गई थी। शाम तक कुल चार लोगों ने नामांकन पत्र खरीदे । जिसमे नत्थू चौधरी, व अनिल कुमार ने निर्दलीय, मोनिका गौतम ने राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी तथा वीरेंद्र कुमार सिंह ने सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी से नामांकन पत्र खरीदा। क्योंकि पहला दिन था इसलिए आज काम ही लोग नामांकन खरीदने आए 31 तारीख के बाद नामांकन की प्रक्रिया में तेजी आने की संभावना है।

आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर की जा रही चेकिंग

## गाजियाबाद पुलिस ने किए कार से ले जा रहे 13 लाख रु. बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर की जा रही चेकिंग के दौरान थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम ने कार से तेरह लाख पैतालीस हजार तीन सौ रुपए कैश बरामद किया है।

डीसीपी नगर कुंवर ज्ञानजंय सिंह ने बताया कि थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान लाल कुआं ढलान पर एमजी हैक्टर इलेक्ट्रिक कार को रोककर तलाशी ली गई। कार से तेरह लाख पैंतालिस हजार तीन सौ रुपए कैश बरामद हुए।

### कंपनी कर्मियों के वेतन के लिए है रुपए

पूछताछ में सेकेंड ई ब्लॉक नेहरू नगर निवासी वाहन चालक ने बताया कि फैक्टरी में काम करने वाले मजदूरों को वेतन देने के लिए है यह रुपए। चालक संजय कुमार व कार में सवार संजय नगर निवासी तीरथ शर्मा से गाजियाबाद पुलिस ने जब इन रुपयों से संबंधित ब्यौरा मांगा गया तो दोनों व्यक्ति इन रुपयों से संबंधित कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सके। इससे पुलिस का शक और गहराया और पुलिस कार्रवाई की दिशा में आगे बढ़ी ।

सेफ सिट कैम्पेन के तहत

## महिला पुलिस ने 3 मनचलों को काबू कर सिखाया सबक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

डीजीपी शत्रुजीत कपूर के आदेशानुसार महिलाओं की सुरक्षा को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे सेफ सिटी कैम्पेन में गुडग़ांव पुलिस ने तीन मनचलों को सबक सिखाया। पुलिस कमिश्नर विकास अरोड़ा, डीसीपी ट्रैफिक विरेन्द्र विज के निर्देशन में कार्य करते हुए महिला थाना वेस्ट की प्रभारी इंस्पेक्टर नेहा राठी की पुलिस टीम ने इफ्को चौक के निकट से तीन मनचलों को काबू किया। पुलिस ने मनचले मुकेश नेगी, शीशपाल व आशीष के परिजनों को बुलाया। परिजनों की उपस्थिति में उनसे लिखित में माफीनामा लिया व




भविष्य में इस प्रकार की कोई हरकत न करने की चेतवानी देकर परिजनों के हवाले किया गया। दरअसल, गुरुग्राम पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने व मनचलों को रंगेहाथ काबू करने के उद्देश्य से महिला पुलिकर्मियों को सादे कपड़ों में चिन्हित स्थानों पर तैनात किया है। महिला पुलिसकर्मी मनचलों की गलत गतिविधियों पर कार्रवाई करते हुए थाने ले जाकर परिजनों को थाना में बुलाया जाता है ।

आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता

## नरेश शर्मा ने भाजपा में शामिल होने का किया खंडन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

भाजपा ने आम आदमी पार्टी प्रदेश प्रवक्ता नरेश शर्मा की भाजपा में शामिल होने की एक झूठी अफवाह फैलाई गई। नरेश शर्मा ने कहा कि वह दो दिन से शहर में मौजूद नहीं थे और उसके बावजूद भाजपा ने नरेश शर्मा को भाजपा में शामिल होने वालों में नाम घोषित किया। कहा कि उन्होंने किसी भी तरह की भाजपा के नेताओं से कोई वार्ता नहीं हुई और न ही किसी तरह का आश्वासन उनके द्वारा दिया गया। फिर भी भाजपा ने षड़यंत्र के तहत उनकी छवि को खराब करने की कोशिश की । प्रदेश प्रवक्ता नरेश शर्मा ने कहा कि वह क्षेत्र की समस्याओं को हमेशा उठते



हैं, चाहे सोशल मीडिया के माध्यम से उन्होंने जो अभियान टोल फ्री, फरीदाबाद मंझावली पुल का मुद्दा, स्टेडियम का मुद्दा फरीदाबाद से गुरुग्राम मेट्रो का मुद्दा, इन सबके लिए वह फरीदाबाद की जनता को धोखा नहीं दे सकते। फरीदाबाद के अहम मुद्दे स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार के लिए आवाज उठाते रहेंगे और इन समस्याओं का निपटारे के लिए आवाज हर माध्यम से उठाते रहेंगे।

### जागरूकता के लिए निजी चिकित्सकों ने प्रदर्शित की टीबी क्लिप

**गाजियाबाद।** हर वर्ष 24 मार्च को आयोजित किए जाने वाले विश्व टीबी दिवस का आयोजन इस बार शासन के निर्देश पर किया गया। 24 मार्च को होली का त्यौहार होने के चलते शासन ने यह निर्णय लिया था। विश्व टीबी दिवस का आयोजन सीएमओ के निर्देशन में सभी टीबी यूनिट पर किया गया। इस मौके पर जनपद की सभी 16 यूनिट पर कुल मिलाकर 120 क्षय रोगी गोद लिए गए। सीएमओ ने बताया कि आरएचएएम नामक संस्था ने जिला क्षय रोग केंद्र, साहिबाबाद गांव टीबी यूनिट, ईएसआई चिकित्सालय साहिबाबाद, संयुक्त जिला चिकित्सालय-लोनी और विजयनगर टीबी यूनिट पर क्षय रोगियों को गोद लेकर पुष्टाहार वितरित किया गया।


शराब पिलाने के बाद गला घोंटकर की हत्या

## मामी से प्रेम के चक्कर में भांजे ने मामा को मौत के घाट उतारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

सेक्टर-10 एरिया में मामी से प्रेम प्रसंग के चलते युवक ने अपने मामा को मौत के घाट उतार दिया। वारदात के बाद मृतक के शव को कॉलोनी में ही फेंक दिया। सूचना मिलते ही सेक्टर-10 थाना पुलिस हरकत में आई और वारदात को अंजाम देने वालों को गिरफ्तार कर लिया।

दरअसल, सेक्टर-10 थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि बसई एन्कलेव पार्ट-2 में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की गई। मृतक की पहचान मुकेश के रूप में हुई जो डोमेस्टिक हेल्पर का काम करता था। पुलिस ने जांच के दौरान मृतक मुकेश की पत्नी सीमा और भांजे शेखर को गिरफ्तार कर लिया।



एसीपी क्राइम वरुण दहिया ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि यूपी के कन्नोज निवासी 40 वर्षीय मुकेश अपनी पत्नी 35 वर्षीया सीमा के साथ गुरुग्राम के बसई एन्क्लेव में किराए रहता था। वहीं राजस्थान के धौलपुर निवासी 25 वर्षीय शेखर भी उनके समीप ही किराए पर रहता था। वह मुकेश का भांजा था और यहां टैक्सी चलाता था। शेखर का मुकेश के यहां आना जाना लगा रहता था। इसी दौरान उसके मुकेश की पत्नी के साथ अवैध संबंध बन गए।

### शेखर का कोई पुराना आपराधिक रिकॉर्ड नहीं

एसीपी क्राइम वरुण दहिया ने कहा कि मामले में कार्रवाई करते हुए डीसीपी वेस्ट करण गोयल के निर्देशानुसार, एसीपी वेस्ट शिव अर्चन की देखरेख में सेक्टर-10 थाना प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप की टीम ने आरोपित महिला सीमा व शेखर को काबू कर लिया। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। प्रारंभिक जांच में आरोपी शेखर का कोई पुराना आपराधिक रिकॉर्ड नहीं मिला है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

आरआरटीएस के कॉन्कोर्स पर बनाया गया दफ्तर

## नमो भारत में खोई वस्तुओं को उनके मालिकों तक पहुंचा रहा एनसीआरटीसी का लॉस्ट प्रॉपर्टी ऑफिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

नमो भारत ट्रेनों में खोई हुई वस्तुओं को उनके असली मालिकों तक पहुंचाने के लिए एनसीआरटीसी का लॉस्ट प्रॉपर्टी ऑफिस हर संभव प्रयास कर रहा है।

अधिकारियों की एक समर्पित टीम इस कार्य में जुटी है और यह सुनिश्चित करने की कोशिश करती है कि ट्रेनों में मिलने वाली वस्तुओं को जल्द उनके असली मालिकों तक पहुंचाया जा सके। टीम का यह प्रयास बहुत महत्वपूर्ण है। व्यस्त दिनचर्या के बीच यात्रियों के लिए खोई हुई वस्तुओं के वापस मिलने की उम्मीद को हकीकत में बदल रहा है। यात्री रोज़मर्रा की भागदौड़ के चक्कर में अपनी चीजों को अक्सर भूल जाते हैं। लॉस्ट प्रॉपर्टी ऑफिस



गाजियाबाद आरआरटीएस स्टेशन के कॉन्कोर्स लेवल पर बनाया गया है। आरआरटीएस स्टेशनों के परिसर में या नमो भारत ट्रेनों में पाई जाने वाली कोई भी लावारिस वस्तु स्टेशन नियंत्रण में जमा की जाती है। यदि वस्तु का मालिक 24 घंटे के भीतर खोई हुई वस्तु का दावा नहीं करता, तो इसे गाजियाबाद आरआरटीएस स्टेशन के लॉस्ट प्रॉपर्टी ऑफिस में जमा करवा दिया जाता है।

### वेबसाइट पर दावेदार खोज सकते है अपनी खोई वस्तु

जब खोई हुई वस्तु एलपीओ में स्थानांतरित हो जाती है, तो इसे आरआरटीएस की वेबसाइट पर लॉस्ट एंड फाउंड सेक्शन के तहत सूचीबद्ध किया जाता है। वेबसाइट के जरिए वस्तुओं के दावेदार अपनी खोई हुई वस्तुओं की खोज कर सकते हैं। इसके साथ ही वस्तु के संबंध में अपना स्वामित्व एवं व्यक्तिगत पहचान का प्रमाण देने के लिए स्टेशन के कॉनकोर्स लेवल स्थित लॉस्ट प्रॉपर्टी ऑफिस में आ सकते हैं। सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण के बाद खोई हुई वस्तुओं को उनके असली मालिकों को वापस किया जाता है।

# प्राण-प्रतिष्ठा के बाद अब बिखरेगा रामलला के प्राकट्य का उल्लास, लोक कलाकार देंगे प्रस्तुतियां



अयोध्या में राम नवमी की तैयारी शुरू

» 17 अप्रैल तक चलेगा आयोजन

» पहले 14 जनवरी से 24 मार्च तक चला था कार्यक्रम

» 70 दिनों में 6 देशों के कलाकारों ने दी थी प्रस्तुति

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

राम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर बिखरे उल्लास और आनंद बढ़ाने के लिए उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग के विभिन्न उपक्रमों की ओर से 14 जनवरी से 24 मार्च तक रामोत्सव के अन्तर्गत जुड़वां शहर के विभिन्न मंचों पर कार्यक्रम की प्रस्तुतियां हुई। इस बीच आदर्श आचार संहिता के लागू होने के कारण विभिन्न अकादमियों के कार्यक्रमों को विस्तार नहीं मिल सका।

वहीं उत्तर प्रदेश लोक जनजाति एवं संस्कृति संस्थान के कार्यक्रम की पूर्व स्वीकृति के कारण श्रीराम जन्मोत्सव का उल्लास राजकीय तुलसी उद्यान में गुरुवार से शुरू हुआ। संस्थान के निदेशक अतुल द्विवेदी ने बताया कि रामोत्सव के विस्तारित आयोजन में 28 मार्च से 17 अप्रैल तक उत्तर प्रदेश के विभिन्न अंचलों के लोक कलाकारों की ओर से प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

### चार हजार कलाकार दे चुके हैं प्रस्तुति

रामोत्सव का आयोजन 14 जनवरी से 24 मार्च तक चला था। इन 70 दिनों में छह देशों सिंगापुर, थाईलैंड, मारीशस, श्रीलंका, इंडोनेशिया व लाओस के अलावा केरल से मणिपुर व पंजाब से गुजरात तक 28 राज्यों के करीब चार हजार से अधिक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां दी थी। यहां आने वाले कलाकारों में पद्मभूषण व पद्म विभूषण सम्मान से सम्मानित कलाकार भी शामिल थे।

### चुनावी भवसागर से हनुमानजी करेंगे बेड़ा पार, हनुमान चालीसा की 40 लाख प्रतियां छपीं



*गोरखपुर। चुनाव के समय हनुमानजी का याद आना स्वाभाविक ही है और इसीलिए हनुमान चालीसा और सुंदरकांड की मांग बढ़ गई है। अब समस्या गोरखपुर के गीता प्रेस की है कि वह मांग के अनुरूप प्रकाशन नहीं कर पा रहा है। प्रेस प्रबंधन ने प्रकाशन बढ़ाया तो लेकिन वह पर्याप्त नहीं। जनवरी से अब तक 63.90 लाख हनुमान चालीसा और 15.20 लाख सुंदरकांड की प्रतियां विक्रय के लिए भेजी जा चुकी हैं। हनुमान चालीसा की 40 लाख प्रतियों की छपाई अंतिम दौर में है। हनुमान चालीसा व सुंदरकांड की सबसे ज्यादा मांग हिंदी भाषी राज्यों में है। गीता प्रेस के प्रबंधक डॉ. लाल मणि तिवारी कहते हैं कि आनेवाले दिनों में मांग और बढ़ेगी। सही भी है, चुनाव जीतने के लिए 'हनुमत कृपा' चाहिए भी। हिंदी के बाद सर्वाधिक मांग गुजराती भाषा की हनुमान चालीसा व सुंदरकांड की है। पिछले वर्ष गुजराती हनुमान चालीसा की दो लाख प्रतियां छापी गई थीं। इस बार चार लाख प्रतियां प्रकाशित हुई हैं।*

## खबर संक्षेप

### पूर्व कमिश्नर स्वर्णकार इलेक्शन ऑब्जर्वर बने



**लखनऊ।** ईमानदार छवि के चलते कानपुर के पूर्व पुलिस कमिश्नर डॉ. आरके स्वर्णकार को इलेक्शन ऑब्ज़र्वर बनाया गया है। स्वर्णकार को तमिलनाडु के त्रिपुर और ईनाडु के दो ज़िलों के ऑब्ज़र्वर बनाया गया है। गौरतलब है कि डॉ. स्वर्णकार 1996 बैच के आईपीएस ऑफिसर हैं। पिछले साल उन्हें कानपुर का चौथा पुलिस कमिश्नर बनाया गया था। इसके बाद नए साल में आरके स्वर्णकार को ट्रेनिंग सीतापुर भेजा गया।

### तीन महिलाओं सहित चार रोहिंग्या गिरफ्तार



**लखनऊ।** यूपी एटीएस ने अवैध रूप से भारत-बांग्लादेश सीता पार कर कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर स्वयं को भारतीय नागरिक बताने वाले तीन महिलाओं सहित चार रोहिंग्या नागरिकों को कानपुर से गिरफ्तार किया है। ये सभी ट्रेन द्वारा सिलचर, असम से दिल्ली जा रहे थे। एटीएस उन्हें गिरफ्तार कर मुख्यालय ले गई। जहां उनसे पूछताछ की गई। आरोपियों ने बताया कि वह मूल रूप से म्यांमार के निवासी हैं और बांग्लादेश के रास्ते भारत आए हैं। भारतीय नागरिक बताने के उद्देश्य से उन्होंने फर्जी आधार कार्ड तैयार करवाए थे।

### सीएम योगी ने कैराना, मुजफ्फरनगर और सहारनपुर में प्रबुद्धजन सम्मेलन को किया संबोधित

# वोट गलत हाथों में जाने से होता है पलायन सही हाथों में जाने से करता देश का विकास

सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को शामली जिले के कैराना, मुजफ्फरनगर और सहारनपुर में प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पहले कोई सुनवाई नहीं होती थी, अब अपराधी गले में तख्ती लटकाकर जीवन की गुहार लगाते हैं

एजेंसी ▶▶ शामली

शामली जिले के कैराना पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोकतंत्र में आपको वोट का अधिकार मिला है और इस वोट की कीमत क्या होती है आपसे ज्यादा कोई नहीं जानता। जब वोट गलत हाथों में जाता है तो कैराना में पलायन होता है और यही वोट जब सही हाथों में जाता है तो कांवड़ यात्रा भी निकलती है और देश का विकास भी होता है।

शामली में स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित प्रभुत्व वर्ग सम्मेलन में सीएम योगी आदित्यनाथ ने ये बातें कहीं। योगी ने कहा कि यही वोट जब मोदी जी के नेतृत्व के लिए भाजपा को प्राप्त होता है तो आस्था को सम्मान मिलता है बेरोजगारों को रोजगार मिलता है। उन्होंने कहा कि भारत की सीमाएं सुरक्षित हुई हैं, आतंकवाद, नक्सलवाद नियंत्रण में हैं। योगी ने कहा कि हम होली पर होली खेले रघुवीरा अवध में गीत सुना करते थे लेकिन 500 वर्ष बाद अयोध्या में रामलला के विराजमान होने के बाद यह गीत साकार हुआ है। अयोध्या में भव्य राममंदिर का निर्माण हुआ है। उन्होंने कहा कि यहां का जन-जन 'विरासत' को 'विकास' के साथ जोड़ने वाली 'मोदी सरकार' के साथ है। यहां हर ओर कमल की लहर है।

**खास बातें**

- पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत की सीमाएं सुरक्षित, आतंकवाद, नक्सलवाद नियंत्रण में
- मोदी विकास की राजनीति करते हैं, विपक्षी परिवारवाद और जातिवाद की राजनीति करते हैं
- अयोध्या में 500 वर्ष बाद भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ



**विकास के लिए सुरक्षा चाहिए**

योगी ने कहा कि विकसित भारत की कल्पना को साकार करना है। विकास के लिए सुरक्षा चाहिए। 2017 से पहले यहां पलायन होता था। नागरिक पलायन करता था, व्यापारी पलायन करता था अब अपराधी पलायन करता है। पहले बेटी, व्यापारी सुरक्षा की गुहार लगाते थे मगर कोई सुनवाई नहीं होती है। अब अपराधी गले में तख्ती लटकाकर जीवन की गुहार लगाते है।

**चौधरी साहब को भारत रत्न दिया**

सीएम योगी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह साहब किसानों के मसीहा थे। उन्होंने लंबे समय तक किसानों के लिए आवाज बुलंद की थी। हाल ही में किसानों के मसीहा को भारत रत्न दिया गया है। यह सम्मान किसानों का है।

**मुजफ्फरनगर में अब कर्फ्यू नहीं कांवड़ यात्रा**



**मुजफ्फरनगर।** सीएम योगी मुजफ्फरनगर में जगदीश प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन में कहा कि एक-एक वोट देश की तकदीर और तस्वीर बदल सकती है। जब आपका वोट गलत हाथों में जाता था तो मुजफ्फरनगर में महीनों तक कर्फ्यू लग जाता था। जब आपका वोट सही हाथों में गया तो मुजफ्फरनगर 'कांवड़ यात्रा' के लिए जाना जाने लगा। कर्फ्यू के लिए नहीं।

**सहारनपुर फिर चुनेगा 'मोदी सरकार'**



**सहारनपुर।** सीएम योगी ने सहारनपुर में कहा कि आदिशक्ति माँ शाकुम्भरी देवी के आशीर्वाद से अभिसिंचित धरा सहारनपुर की जनता ने पीएम नरेंद्र मोदी को चुना तो डबल इंजन सरकार ने यहां की काष्ठ कला और हस्तशिल्प को पुनर्जीवित कर दिया। इसलिए सहारनपुर फिर एक बार 'मोदी सरकार' चुनने जा रहा है।

### मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कांग्रेस पर हमला बोला

# चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे कांग्रेसी, एक-दूसरे को कर रहे आगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी के लोग चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। भाजपा के हाथों हार के डर से कांग्रेस के नेता एक-दूसरे को चुनाव लड़ने के लिए आगे कर रहे हैं। हम सबको मिलकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 400 पार के संकल्प को पूरा करना है। नायब सिंह सैनी गुरुवार को यहां के सुशीला भवन में हिसार लोकसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी रणजीत सिंह चौटाला के कार्यालय उद्घाटन अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। जनसभा के पश्चात मुख्यमंत्री नायब सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल व अन्य वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी प्रत्याशी रणजीत सिंह के चुनाव कार्यालय का सनातन संस्कृति से उद्घाटन किया। सीएम ने कहा कि कांग्रेस के पास न तो कोई नीति है और न ही कोई विजन है। दूसरी तरफ भाजपा ऐसी पार्टी है, जिसके पास देश सेवा का संकल्प व विकसित भारत का संकल्प है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को वर्ष 2047 तक विकसित देशों की सूची में शामिल करने का संकल्प लिया और हमें विश्वास है कि तीसरी बार मोदी सरकार बनने के बाद विकसित भारत का सपना अवश्य पूरा होगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प प्रधानमंत्री मोदी जैसा ताकतवर व्यक्तित्व ही ले सकता है। भारत को दुनिया की तीसरी आर्थिक शक्ति संपन्न राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा भी मोदी ही कर सकते हैं।

**सभी सीटों पर कमल खिलाएंगे : मनोहर**

पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि रणजीत सिंह उनके साथ मंत्रिमंडल में सहयोगी रहे हैं और अब हमारे परिवार के सहयोगी बने हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रणजीत सिंह के साथ उन्हें भी कमल का फूल देकर करनाल के मैदान में उतारा है। वर्ष 2019 में भी प्रदेश की लोकसभा की 10 सीट नरेंद्र मोदी की झोली में डाली थी, इस बार भी सभी सीटों पर कमल खिलाएंगे।

## पेज एक का शेष

### पीएम मोदी ने बिल गेट्स .....

के जरिए बदलती तकनीक, हेल्थकेयर, शिक्षा, कृषि, नारी शक्ति के साथ-साथ भारत में डिजिटल पेमेंट की क्रांति पर खास बातचीत की है। एक न्यूज एजेंसी द्वारा इस बातचीत की झलकियों को एक्स हैंडल पर साझा किया गया है। वीडियो में पीएम मोदी टेक दिग्गज बिल गेट्स से नमो एप की खास तकनीक के बारे में बताते नजर आ रहे हैं। शेयर किए गए वीडियो के मुताबिक, पीएम मोदी ने बिल गेट्स से नमो एप के जरिए एक सेल्फी लेने को कहा। पीएम के कहे के मुताबिक जब बिग गेट्स ने ऐसा किया तब अगले ही एप का रिस्पॉन्स देख बिल गेट्स हैरान रह गए। इस मुलाकात के बाद गेट्स ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया कि हमेशा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलना प्रेरणादायक होता है और चर्चा करने के लिए बहुत कुछ था। हमने जनता की भलाई के लिए एआई के इस्तेमाल, कृषि, स्वास्थ्य और जलवायु अनुकूलन में नवाचार और दुनिया भारत से कैसे सीख सकती है, इन सब पर चर्चा की। इसका जवाब देते हुए मोदी ने एक्स पर लिखा कि सचमुच एक अद्भुत मुलाकात! उन क्षेत्रों पर चर्चा करने में हमेशा खुशी होती है जो हमारे ग्रह को बेहतर बनाएंगे और दुनिया भर में लाखों लोगों को सशक्त बनाएंगे।

### जरूरत पड़ी तो सरकार...

आवश्यक है। सेना में युवावस्था होनी चाहिए। मुझे लगता है कि युवा अधिक उत्साही हैं। वे अधिक तकनीक-प्रेमी हैं। हमने इस बात का उचित ध्यान रखा है कि उनका भविष्य भी सुरक्षित है। जरूरत पड़ी तो हम इस स्कीम में बदलाव भी करेंगे।

### एक खास ग्रुप...

ग्रुप देश में कोर्ट को कमजोर करने में जुटा हुआ है। हरीश साल्वे और बार काउंसिल ऑफ इंडिया के चेयरमैन मनन कुमार मिश्रा समेत 600 वकीलों ने लिखा है कि अपने हित को साधने में लगे कुछ लोग ज्यूडिशियरी पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं और साथ ही अपने राजनीतिक एजेंडे को साधने के लिए तर्कहीन तथ्यों के आधार पर अदालत को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। चिट्ठी में लिखा गया है कि कानून का समर्थन करने वाले लोगों के रूप में, हमें लगता है कि अपनी अदालतों के लिए आवाज उठाने का समय आ गया है। हमें साथ आने की जरूरत है। चिट्ठी में लिखा गया है कि छिपे हुए हमलों के खिलाफ बोलने की जरूरत है। चिट्ठी में लिखा गया है कि यह सुनिश्चित करते हुए कि हमारी अदालतें हमारे लोकतंत्र के स्तंभ के रूप में बनी रहें, इन सोचे-समझे हमलों से बचने की जरूरत है। पत्र में लिखा गया है कि खास समूह अलग-अलग तरीकों से प्रपंच कर रहे हैं। इससे न्यायपालिका की गरिमा को नुकसान होता है। चिट्ठी में कहा गया है कि ये समूह ऐसे बयान देते हैं जो सही नहीं होते हैं और ये राजनीतिक लाभ के लिए ऐसा करते हैं। सियासी हस्तियों और भ्रष्टाचार के केस में दबाव का इस्तेमाल करने की कोशिश की जाती है। पत्र में सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिशन के प्रेसिडेंट अदिश सी अग्रवाल, चेतन मित्तल, पिंकी आनंद, हितेश जैन, उज्जवला पवार, उदय होला आदि का नाम शामिल है।

### हित साधने वालों द्वारा...

व्यक्तिगत कारणों से न्यायिक प्रक्रिया को नीचा दिखाने की कोशिश करते हैं और इसकी इजाजत नहीं होनी चाहिए और यह स्वीकार्य नहीं होना चाहिए।

### दूसरों को डराना कांग्रेस ...

(कांग्रेस) बेशर्मी से अपने स्वार्थों के लिए दूसरों से प्रतिबद्धता तो चाहते हैं, लेकिन कांग्रेस पार्टी राष्ट्र के प्रति किसी भी प्रतिबद्धता से बचती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब कोई आश्चर्य नहीं कि 140 करोड़ भारतीय उन्हें अस्वीकार कर रहे हैं।

### केजरीवाल ने पूछा-...

केजरीवाल ने खुद भी अपनी दलीलें रखीं. उन्होंने मामले में आरोपी शरत रेड्डी की कंपनी द्वारा इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए भाजपा की फंडिंग का मामला भी उठाया। केजरीवाल ने कोर्ट में सवाल पूछे कि किस आधार पर मुझे गिरफ्तार किया गया है? मेरी गिरफ्तारी का आधार क्या है? क्या एक शख्स का बयान मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करने के लिए काफी है? केजरीवाल ने कहा कि मैं जांच में सहयोग करने के लिए तैयार हूं, लेकिन ईडी के हिसाब से नहीं। केजरीवाल ने कहा कि मैं आपको बताना चाहूंगा कि मेरा नाम क्यों आया? मुझे न तो गिरफ्तार किया गया और न ही किसी अदालत में मुकदमा चलाया गया। 31000 पेज दाखिल किए गए हैं।

### रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट ...

एनआईए ने कहा कि धमाके में संलिप्त फरार आरोपियों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। बड़ी साजिश का पर्दाफाश करने की कोशिशें जारी हैं।

**दो पर लॉजिस्टिक सहायता देने के आरोप:** एनआईए की जांच के मुताबिक मुजम्मिल शरीफ ने 1 मार्च को बेंगलुरु के आईटीपीएल रोड, ब्रुकफील्ड स्थित कैफे में आईईडी विस्फोट से जुड़े मामले में दो अन्य आरोपियों को लॉजिस्टिक सहायता प्रदान की थी। धमाके में कई ग्राहक और होटल स्टाफ घायल हुए थे। कुछ लोग गंभीर रूप से घायल हुए। संपत्ति को भी व्यापक नुकसान हुआ। एनआईए ने बताया कि गुरुवार को तीनों आरोपियों के घरों के साथ-साथ अन्य संदिग्धों के आवासीय परिसरों और दुकानों पर भी छापेमारी की। तलाशी के दौरान नकदी और कई डिजिटल उपकरण भी जब्त किए गए।

**दो और भी आरोपी हैं, दोनों फरार:** एक मार्च को धमाके के बाद एनआईए ने 3 मार्च को मामले की जांच अपने हाथ में ली थी। मुख्य आरोपी के रूप में मुसाविर शाजीब हुसैन की पहचान की गई है। एनआईए का आरोप है कि मुसाविर ने विस्फोट को अंजाम दिया था। रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट मामले में एनआईए के मुताबिक एक अन्य साजिशकर्ता अब्दुल मथीन ताहा भी संलिप्त है। ताहा अन्य मामलों में भी वांछित है। दोनों फरार हैं।

### माफिया मुख्तार...

यहां मुख्तार के इलाज में 9 डॉक्टरों की टीम लगाई गई। हालांकि, मुख्तार की जान नहीं बच सकी।

इससे पहले सूचना मिलते ही जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल, डीएम अंकुर अग्रवाल कई थानों की पुलिस फोर्स के साथ मंडलीय कारागार पहुंचे। करीब 40 मिनट तक अधिकारी जेल के भीतर रहे। इसके बाद मुख्तार को एंबुलेंस से दोबारा रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। आशंका जताई जा रही है कि मुख्तार को दिल का दौरा पड़ा है बता दें कि दो दिन पहले 26 मार्च को मुख्तार ने जेल प्रशासन से पेट में दर्द की शिकायत की थी। इसके बाद उसे तत्काल ही मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। जहां डॉक्टरों ने ओवर ईटिंग व कब्ज बताकर इलाज किया और 14 घंटे बाद उसी दिन देर शाम उसे वापस मंडलीय कारागार भेज दिया था। इधर, गुरुवार शाम साढ़े सात बजे के आसपास अचानक मुख्तार की तबीयत बिगड़ने पर प्रशासन ने आनन-फानन उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया।

### कामयाब हुई ...

बाय वायर फ्लाइट कंट्रोल कंप्यूटर को लगाया गया है। इस सिस्टम से रडार, एलिवेटर, एलिरॉन, फ्लैप्स और इंजन का नियंत्रण इलेक्ट्रॉनिक तरीके से हो पाएगा।

### आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया की मुहिम को मिली सफलता

# लड़ाकू विमानों के पायलटों के लिए देश में बनेंगे एंटी ग्रेविटी सूट

एजेंसी ▶▶ कानपुर

लड़ाकू विमानों के पायलटों को गुरुत्वाकर्षण बल झेलने की क्षमता प्रदान करने वाला एंटी ग्रेविटी सूट यानी गुरुत्वाकर्षण विरोधी सूट अब देश में ही बनने से विदेश पर से निर्भरता खत्म होगी। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की शाखा रक्षा जैव-इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रो मेडिकल प्रयोगशाला (डीईबीईएल) ने यह सूट बनाने की तकनीक विकसित कर ली है। आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया की मुहिम को आगे बढ़ाते हुए डीईबीईएल ने रक्षा मंत्रालय के डीपीएसयू (सरकारी क्षेत्र के रक्षा उपक्रम) ट्रूप कम्फर्ट्स लिमिटेड (टीसीएल) कंपनी की चेन्नई के आवाडी स्थित आयुध वस्त्र निर्माणी यानी ओसीएफ को प्रौद्योगिकी हस्तांतरित करेगा।



**डीईबीईएल ने विकसित की तकनीक**

**पैरों की नसों को नियंत्रित रखता है विशेष सूट**

गुरुत्वाकर्षण बल अधिक होने पर रक्तस्राव दिल से आगे नहीं बढ़ पाता है। खून सिर्फ पैरों में या फिर टखने में ही जमने का अंदेशा बढ़ जाता है। यदि खून एक जगह जमा हो जाए तो पायलट बेहोश हो सकते हैं और जिंदगी खतरे में भी पड़ सकती है। विशेष एंटी ग्रेविटी-सूट पैरों की नसों को नियंत्रित रखता है और पायलट के शरीर में खून का संचार दिल से दिमाग तक बना रहता है। यह सूट पायलट को नौ जी से ज्यादा मात्रा का गुरुत्वाकर्षण बल झेलने में सक्षम बनाता है।

**विदेश से आयात होते हैं सूट**

*भारत में कुल 2000 विमान हैं जिनमें से सभी बलों में एक हजार लड़ाकू विमान हैं। इन लड़ाकू विमानों के पायलट एंटी ग्रेविटी सूट पहनकर उड़ान भरते हैं। यह सूट पायलट के शरीर में उड़ान के समय खून के बहाव को नियंत्रित रखता है। अधिकारी के अनुसार, जी गुरुत्वाकर्षण बल को मापने की इकाई है। जमीन पर सामान्यतः एक जी यानी एक गुरुत्वाकर्षण बल का अनुभव होता है। सामान्यतः एक मनुष्य तीन जी तक का गुरुत्वाकर्षण बल झेल सकता है। जबकि एक फाइटर पायलट को अधिकतम पांच जी तक का गुरुत्वाकर्षण बल झेलने के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है। जब बल इससे अधिक बढ़ता है तो पायलट की मुश्किलें भी बढ़ जाती हैं। वर्तमान में ये सूट विदेश से आयात किए जाते हैं।*

**चार किलोग्राम है सूट का वजन**

*एक स्टैंडर्ड जी-सूट का वजन सामान्यतः चार किलोग्राम तक होता है। यह सूट विशेष रूप से विकसित उच्च शक्ति, हल्के वजन वाले अरामिड कपड़े से निर्मित है। अरामिड कपड़ा उच्च तापमान से बचाने में प्रभावी रहता है। ये अग्निरोधी और गुरुत्वाकर्षण विरोधी होता है। सभी मौसमी स्थितियों से बचाने के लिए विशेष कोटिंग की जाती है। उच्च स्तर पर गुरुत्वाकर्षण बल की जरूरत अधिक होती है। ऐसे में पायलट लड़ाकू विमान का पूरा प्रयोग करके दुश्मन के युद्धक विमान को आसानी से नष्ट कर सकते हैं।*

# हम पार्टी अध्यक्ष मांझी ने भरा गया लोकसभा सीट से नामांकन

एजेंसी ▶▶ गया

बिहार में लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के मतदान के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने के आखिरी दिन गुरुवार को एनडीए के घटक दलों के नेताओं ने एकजुटता दिखाई। बिहार में एनडीए प्रत्याशी के रूप में पूर्व सीएम जीतन राम मांझी ने गया लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर जीतन राम मांझी की पार्टी के 'हम' के अलावा सहयोगी दल भाजपा-जेडीयू, लोजपा-रामविलास और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के भी कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे। पर्चा भरने के बाद जीतन राम मांझी समाहरणालय से सीधे गया के गांधी मैदान पहुंचे जहां एनडीए की ओर से जनसभा आयोजन किया गया।



**देश में मोदी की लहर**

*भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने जनसभा में कहा कि जीतन राम मांझी को एनडीए का प्रत्याशी बनाया गया है। जीतन राम मांझी एक लंबे समय से गया जिला का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि इस बार उन्हें जनता का आशीर्वाद मिलेगा। पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लहर है। इस बार एनडीए 400 सीटों का आंकड़ा पार करेगी।*

### सपा उतारेगी 18 स्टार प्रचारक

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण के लिए 18 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। पार्टी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, महासचिव शिवपाल सिंह यादव सहित प्रोफेसर राम गोपाल यादव को भी स्टार प्रचारक बनाया है। सूची में डिंपल यादव, जया बच्चन, शाहिद मंजूर और महबूब अली को भी शामिल किया गया है।

सार्वजनिक सूचना
संपत्ति कर विभाग, एमसीडी
दिल्ली के संपत्ति धारक ध्यान दें
वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए संपत्ति कर का समय पर भुगतान सुनिश्चित करें!
केवल 3 दिन शेष

क्या आपने वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए संपत्ति कर का भुगतान किया है?
यदि नहीं, तो देय कर पर ब्याज और जुर्माने से बचने के लिए कृपया आज ही अपने संपत्ति कर का भुगतान करें और **10,000/– रुपये तक** के कर के ऑनलाइन भुगतान पर **2% छूट** प्राप्त करें। **वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए संपत्ति कर के भुगतान की अंतिम तिथि 31 मार्च, 2024 है।**

क्या आपने अपनी संपत्ति के लिए जियो–टैगिंग की प्रक्रिया पूरी कर ली है?
यदि नहीं, तो कृपया **जल्दी करें!** संपत्तियों की जियो–टैगिंग की अंतिम तिथि **31 मार्च 2024** है। जियो–टैग नहीं की गई संपत्तियों पर **अगले वित्तीय वर्ष में 30 जून** तक समय पर भुगतान हेतु छूट का लाभ नहीं मिलेगा।
यदि आपने अभी तक अपनी संपत्ति का पंजीकरण नहीं कराया है तो कृपया एमसीडी की वेबसाइट **www.mcdonline.nic.in** पर 31 मार्च 2024 तक लॉग इन कर पंजीकृत करें और **विशिष्ट संपत्ति पहचान कोड (यूपीआईसी/UPIC)** बनाएं। अभियोजन एवं कारावास सहित कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए अपने बकाये कर का भुगतान तुरंत करें।

अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 155305 पर कॉल करें या www.mcdonline.nic.in पर लॉग इन करें।
RO No.:102/DPI/MCD/2023-24
Be compliant and Self-Reliant
दिल्ली नगर निगम
कर–निर्धारण और समाहरण विभाग

एंज्वॉयमेंट

हम सिर्फ फर्स्ट अप्रैल को ही नहीं अकसर ही आपस में प्रैंक करके एंज्वॉय करते हैं। टीवी शोज के चाइल्ड आर्टिस्ट्स भी ऐसा करते हैं। यहां जारा वारसी और इवान दीक्षित बता रहे हैं, जब उन्होंने फ्रैंक किया या उनके साथ प्रैंक हुआ।

# बड़ा मजा आया जब किया मजेदार प्रैंक



## फूल बनाया ही नहीं बनी भी : जारा वारसी



**जारा वारसी** इन दिनों एंड टीवी के शो 'हप्पू की उलटन पलटन' में चमची के रोल में सबको खूब हंसा रही है। उससे यह पूछने पर कि क्या उसने कभी किसी को अप्रैल फूल बनाया है या वह बनी है, या फिर किसी के साथ प्रैंक किया है तो सबसे पहले उसने जो प्रैंक किया था, हंसते हुए उसके बारे में बताती है, 'हां मैंने प्रैंक किया है। हमारे शो में दरोगा हप्पू सिंह का कैरेक्टर करने वाले योगेश त्रिपाठी जी अपने मजेदार प्रैंक्स से हमेशा हम सब को हंसाते रहते हैं। लेकिन एक दिन, मैंने उनके साथ प्रैंक करने का प्लान बनाया। वह हमारे प्रैंक में फंस भी गए। एक सीन की शूटिंग के दौरान मैंने उनसे कहा कि आपकी मूंछें थोड़ी टेढ़ी लग रही हैं। इतना सुनते ही उन्होंने मेकअप आर्टिस्ट को मूंछें ठीक करने के लिए बुला लिया। थोड़ी देर बाद मैंने उनसे फिर कहा कि आपकी मूंछें अभी भी थोड़ी टेढ़ी लग रही हैं। इसके बाद उन्होंने आईना मंगवाया और मेकअप आर्टिस्ट को फिर से मूंछें ठीक करने के लिए कहा। वह इतने कॉन्शस हो गए कि थोड़ी-थोड़ी देर बाद वह मुझसे पूछते कि अब तो मूंछें ठीक हैं ना? वह शो के डायरेक्टर के पास भी चले गए। उनसे पूछा कि कैमरे पर मेरी मूंछें ठीक लग रही हैं ना? डायरेक्टर चौंके और बोले कि ठीक तो लग रही हैं, लेकिन आप फिर से अपनी मूंछें फिक्स करना चाहें तो कर सकते हैं। वह बार-बार अपनी मूंछों को ठीक किए जा रहे थे। उन्हें ऐसे करते देखकर हमें हंसी आ रही थी। पैक-अप के बाद आखिरकार मैंने उन्हें बता दिया कि उनकी मूंछें बिल्कुल सही थीं, मैं उनके साथ प्रैंक कर रही थी। यह सुनकर वह पहले तो थोड़ा-सा नाराज हुए फिर हंसने लगे।'

जारा वारसी एक और प्रैंक का किस्सा बताती है। इस बार उसके एक दोस्त ने उसके साथ प्रैंक किया और वह फूल बनी। जारा हंसते हुए बताती है, 'यह प्रैंक पहली अप्रैल को हम दोस्तों के साथ किया गया था। हमारे एक दोस्त ने मुझे और मेरे कुछ दोस्तों को अपने घर यह कह कर बुलाया कि उसका जन्मदिन है। उसने एक थीम पार्टी रखी है, जिसमें हमें सुपरहीरो की ड्रेस पहनकर आना है। मैं और मेरे दोस्त सभी अलग-अलग सुपरहीरो की ड्रेस में बहुत उत्साह के साथ उसके घर पहुंचे। वहां पहुंचकर हमें पता चला कि आज फर्स्ट अप्रैल है। हमें 'अप्रैल फूल' बनाया गया है। लेकिन मेरे दोस्त की मम्मी ने हमारे लिए बहुत टेस्टी डिशेज बना रखी थीं, हमें खिलाई। उन डिशेज को खाकर बहुत मजा आया।' *

## गिफ्ट देकर किया प्रैंक इवान दीक्षित



**इवान दीक्षित,** आजकल सोनी सब चैनल के शो 'ध्रुव तारा- समय सदी से परे' में शौर्य की भूमिका में खूब रंग जमा रहा है। इवान भी अपने द्वारा प्रैंक किए जाने का किस्सा बताता है, 'मैंने अपने शो में डॉक्टर ध्रुव का रोल करने वाल ईशान धवन के साथ एक बार प्रैंक किया था। मैंने उन्हें एक बड़ा सा डिब्बा यह कहकर दिया कि इसमें उनके लिए गिफ्ट है। उन्होंने बड़े उत्साह से डिब्बा खोला। उसमें से एक पंचिंग ग्लव बाहर निकल आया, जिसने ध्रुव भैया के चेहरे पर पंच मारा। ध्रुव भैया का चेहरा देखने लायक था। हम सभी यह देखकर जोरों से हंस पड़े। ध्रुव भैया ने थोड़ी नाराजगी जरूर दिखाई फिर वे भी हंस पड़े। यह प्रैंक न केवल ध्रुव भैया के लिए बल्कि हम सभी के लिए एक मजेदार एक्सपीरियंस था। जहां तक फर्स्ट अप्रैल यानी फूल्स डे की बात है तो यह एक ऐसा मौका होता है, जब लोगों को एक-दूसरे के साथ मजाक करके हंसने-खिलखिलाने का चांस मिलता है। *

**प्रस्तुतिः बालभूमि फीचर्स**

हंसो-हंसाओ/ अनुराग मनीष

# अप्रैल फूल बनाने के मजेदार आइडियाज



बच्चों, 1 अप्रैल को 'मूर्ख दिवस' मनाया जाता है। इस दिन लोग एक-दूसरे को 'अप्रैल फूल' बनाते हैं, खूब मजे लेते हैं, हंसते-हंसाते हैं। हम तुम्हारे लिए 'प्रैंक्स' के कुछ मजेदार आइडियाज लेकर आए हैं। तुम इन्हें फॉलो कर अपने दोस्तों को 'अप्रैल फूल' बनाकर एंज्वॉय कर सकते हो।

**इंटरेस्टिंग गेम के नाम पर प्रैंकः** 'आज हम एक नया और इंटरेस्टिंग गेम खेलेंगे', फोन पर तुम यह बोलकर अपनी कॉलोनी के दोस्तों को पार्क या प्ले-ग्राउंड में बुलाओ, लेकिन तुम वहां मत पहुंचो। जब तुम्हारे दोस्त ग्राउंड में पहुंचकर तुम्हें कॉल करें तो तुम कॉल रिसीव करो लेकिन बिना कुछ बोले म्यूजिक सिस्टम या किसी दूसरे मोबाइल में गाना बजा दो- 'अप्रैल फूल बनाया!' इस तरह तुम एक साथ कई सारे दोस्तों को एक साथ 'अप्रैल फूल' बना लोगे।

**अजीब स्वाद वाला प्रैंकः** बच्चों तुम क्रीम बिस्किट का पैकेट ले आओ और उसकी क्रीम की लेयर्स को अलग कर लो। उसमें से क्रीम निकाल कर उसकी जगह ग्रीक योगर्ट और टोमैटो-सॉस मिक्स करके डाल दो। फिर बिस्किट के दोनों लेयर्स को पहले की तरह आपस में चिपका दो। चाहो तो इसे थोड़ी देर फ्रीजर में भी रख सकते हो, इससे बिस्किट के लेयर्स अच्छे से चिपक जाएंगे। ये क्रीम बिस्किट अपने किसी दोस्त को खिलाओ। इसे खाते ही तुम्हारा दोस्त कुछ अजीब-सा मुंह बनाएगा। इससे पहले कि वो गुस्सा हो, तुम 'अप्रैल फूल' बोलकर उसे गले लगा लो।

**खाली गिफ्ट वाला प्रैंकः** एक सादे पेपर पे स्केच-पेन या कलर पेंसिल से 'अप्रैल फूल' लिख लो। फिर इसे घर में पड़े किसी खाली डब्बे में रखकर, डब्बे को गिफ्ट-पेपर से पैक कर दो। पैकिंग इतनी खूबसूरती से करो कि लगे इसमें कोई अच्छी-सी चीज होगी। यह 'खाली गिफ्ट' अपने किसी दोस्त को देकर तुम उसे 'अप्रैल फूल' बना सकते हो। *

### रखो इस बात का भी ध्यान

बच्चों, हल्के-फुल्के हंसने-हंसाने वाले प्रैंक्स तो ठीक हैं। लेकिन किसी के साथ ऐसा प्रैंक मत करना कि वह डर जाए, उसे चोट लग जाए या किसी अन्य प्रकार की हानि पहुंचे या फिर उसे अपनी इंसल्ट महसूस हो। साथ ही इस बात का भी ध्यान रखो, अगर तुम्हें कोई 'अप्रैल फूल' बना दे तो तुम नाराज या गुस्सा न होकर 'कूल' ही रहो। उसके साथ खुद भी हंसो, एंज्वॉय करो।

कविता / हरीश कुमार 'अमित'

## बनाया अप्रैल फूल!

ऑफिस में बैठे थे पापा, बजी फोन की घंटी,
बोल रहा था उधर से उनका नन्हा बेटा बंटी।
'पिक्चर का प्रोग्राम शाम का मम्मी और मैंने बनाया',
फोन पे बंटी जी ने अपने पापा को फरमाया।
मम्मी बोलीं, 'आप टाइम से थिएटर पे आ जाना,
देर से आकर बना न देना कोई भी बहाना।'
शाम को पापा पहुंच थिएटर, खूब-खूब चकराए,
क्योंकि न मम्मी, न बंटी नजर वहां पर आए।
हो रहे थे पापा उनको ढूंढ़-ढूंढ़ परेशान,




लिया उन्होंने उस थिएटर का कोना-कोना छान।
तभी मोबाइल पर पापा के फोन बंटी का आया,
बोला, 'क्या आपको अब तक समझ न आया?
आज तो है पहली अप्रैल, गए आप क्या भूल!
मम्मी और मैंने है बनाया, आपको अप्रैल फूल!'

## जीके क्विज- 97



1. हाल में किस पड़ोसी देश के प्रधानमंत्री भारत आए थे?
2. राज्यसभा के वर्तमान उपसभापति का क्या नाम है?
3. 'आईपीएल' क्रिकेट टूर्नामेंट का फुल फॉर्म क्या है?
4. सिक्किम की राजधानी का क्या नाम है?
5. हमारे शरीर के रक्त में कौन-सा धातु तत्व पाया जाता है?
6. क्लोरोफिल पेड़ों के किस भाग में पाया जाता है?
7. गोबी का मरुस्थल मुख्य रूप से किस देश में स्थित है?
8. नीबू में कौन-सा विटामिन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?
9. दिल्ली स्थित लाल किला का निर्माण किसने करवाया था?
10. न्यूटन, विज्ञान की किस शाखा के प्रसिद्ध वैज्ञानिक थे?

बच्चों, जीके क्विज-97 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-96 का उत्तर :** 1-अरुणाचल प्रदेश, 2-ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू, 3-19 अप्रैल, 4-लेक्टोमीटर, 5-महात्मा गांधी, 6-हवाई जहाज, 7-राजस्थान का, 8-आठ राज्यों से, 9-गंगा, 10-रूस

**जीके क्विज-96 का सही उत्तर देने वालेः** कबीर-हिसार, दिलेश्वर-डोंगरगढ़, महक-दुर्ग, प्रतीक-कोरिया, महिमा-भोपाल, नाजिम-जबलपुर, शांतनु-रोहतक, प्रियंका-रायपुर, अभिषेक-चंडीगढ़, रजत-दिल्ली, निशा-बिलासपुर

## हंसगुल्ले

**चिंकू-** मिंकू, अगर मिस्टर बीन सो जाएंगे तो उन्हें क्या कहेंगे?
**मिंकू -** पता नहीं यार, तू ही बता दे।
चिंकू - अरे वैरी सिंपल, तब बोलेंगे, सोयाबीन।
**-नवीन, रायपुर**

भोलू और उसके पापा डेंटिस्ट की क्लीनिक से लौटते हुए।
**पापा-** भोलू, क्या तुम्हारा दांत अभी तक दर्द कर रहा है?
**भोलू-** पता नहीं पापा, वह तो डॉक्टर अंकल के पास है।
**-प्रांजल, कोरबा**

**पिंकी -** मेरे घर पर बहुत अच्छी चिड़िया है। वह अपना नाम बोल लेती है।
**मिक्की -** अच्छा, क्या नाम है उसका?
**पिंकी -** चीं-चीं।
**-अखिल, बहादुरगढ़**

एक मच्छर जीना नहीं चाहता था। वह छिपकली के पास जाकर बोला, 'प्लीज छिप्पू, मुझे खा लो।'
छिपकली बोली, 'नहीं-नहीं, मुझे डेंगू हो जाएगा।'
**-कमल, राजनांदगांव**

कहानी
अलका जैन 'आराधना'

चिंकू के पापा की सख्त हिदायत थी कि इस बार अगर गणित, विज्ञान में अच्छे नंबर नहीं आए तो उसका पार्क में जाकर खेलना बंद। चिंकू ने अपनी तरफ से पूरी मेहनत की फिर भी उसके अच्छे नंबर नहीं आए। उस पर बहुत बुरी बीती। क्या पापा ने उसको अपने कहे मुताबिक सजा दी?

# चिंकू बना अप्रैल फूल



परीक्षाएं खत्म होते ही चिंकू ने राहत की सांस ली। इन दिनों वह सुबह-शाम पार्क में जाकर देर तक खेलता है। दोपहर में भी वह अपनी छोटी बहन चिंकी के साथ कभी चेस तो कभी कैरम, कभी लूडो खेलता है। स्कूल 1 अप्रैल से खुलेंगे। अब चिंकू आठवीं कक्षा में आएगा। परीक्षा के बाद चार-पांच दिन तो बहुत अच्छी तरह से बीते, लेकिन फिर चिंकू को महसूस हुआ कि उसे थोड़ी घबराहट हो रही है। इसकी वजह थी रिजल्ट, जो जल्दी ही आने वाला था। उसे हर साल रिजल्ट की कोई खास चिंता नहीं रहती थी, लेकिन इस बार पापा ने कहा था कि अगर गणित और विज्ञान में नंबर कम आए तो उसका पार्क में जाकर खेलना बंद। स्कूल से आते ही खाना खाने के बाद उसे ट्यूशन जाना होगा। चिंकू ट्यूशन जाने वाले बच्चों की हालत जानता था। बेचारे पढ़-पढ़ कर परेशान हो जाते हैं। उसने पूरी मेहनत की थी कि गणित और विज्ञान में अच्छे नंबर आएं, लेकिन वह तो सिर्फ मेहनत ही कर सकता था। पता नहीं क्यों उसे लग रहा था कि उसका खेलना-कूदना बंद होने वाला है। पापा इन दिनों उसको लेकर कुछ ज्यादा ही गंभीर नजर आ रहे थे।

आखिर वह दिन भी आ गया, जब चिंकू का रिजल्ट आया। जिसका डर था, वही हुआ। गणित, विज्ञान के अलावा बाकी सब विषयों में चिंकू के नंबर बहुत अच्छे थे। गणित और विज्ञान में उसे बस ठीक-ठाक नंबर ही मिले थे। यह तो गनीमत थी कि वह रिजल्ट लेने मम्मी के साथ आया था, पापा साथ आए होते तो सबके सामने ही उसे डांट पड़ती। मम्मी ने तो फिर भी बाकी विषयों में अच्छे नंबर लाने के लिए उसे शाबाशी दी।

रिजल्ट लेकर चिंकू घर लौटा तो उसका सारा दिन बहुत मुश्किल से बीता। ज्यों-ज्यों पापा के ऑफिस से आने का समय नजदीक आ रहा था, उसका दिल बैठा जा रहा था।

ऑफिस से आकर चाय पीने के बाद पापा ने चिंकू से कहा, 'बेटा, अपना रिपोर्ट कार्ड लाकर दिखाओ।'

चिंकू डरते-डरते अपना रिपोर्ट कार्ड लेकर आया। पापा ने एक नजर रिपोर्ट कार्ड पर डाली और फिर एक नजर चिंकू पर। उसकी नजर झुकी हुई थी। पापा ने उससे कुछ भी नहीं कहा। चिंकू को इस बात से हैरानी हुई, आखिर पापा उस पर गुस्साए क्यों नहीं?

चिंकू चुपचाप अपने कमरे में चला गया। लेकिन उसके कान जरूरत से ज्यादा ही तेज हो गए थे। कुछ देर बाद उसने बालकनी में पापा को किसी से कुछ कहते सुना। पापा कह रहे थे, 'चिंकू के स्कूल में डे-बोर्डिंग की सुविधा है। मुझे उसका कल ही डे-बोर्डिंग में एडमिशन कराना है। वहां 2 बजे छुट्टी होगी, उसके बाद कुछ खा-पी लेने और रेस्ट के बाद वहीं स्कूल में 4 बजे से लेकर शाम 7 बजे तक चिंकू को ट्यूशन क्लासेस की सुविधा मिल जाएगी। 7.30 बजे मैं उसे घर ले आया करूंगा। फिर वह खाना खाकर और रिवीजन करके सो जाया करेगा। अब उसकी यही दिनचर्या ठीक रहेगी।'

यह सुनकर चिंकू का दिल बैठ गया। ट्यूशन जाने तक की बात तो ठीक थी, लेकिन अब घर रात को लौटना उसके लिए एक बड़ी सजा सी थी। चिंकू उदास होकर बैठ गया। कल से खुलने वाले स्कूल के लिए उसने अपना बैग जमा लिया था। उसे पता था कि डे-बोर्डिंग में जाने वाले बच्चे एक जोड़ी कपड़े अपने साथ रखते हैं, जो उन्हें स्कूल के बाद बदलने होते हैं। उसने बैग में कपड़े रख लिए। चिंकू मन ही मन सोच रहा था कि वह बच्चा ही क्या, जो खेलकूद ना सके। उसने पूरी कोशिश की थी गणित और विज्ञान में नंबर अच्छे आएं लेकिन नहीं आए तो क्या करे। यही सोचते-सोचते वह सो गया।

सुबह अलार्म की घंटी से जब उसकी आंख खुली तो उसे लगा घर के सभी लोग सो रहे हैं। मन ही मन वह अपने आप से बोला, 'ओहो तो आज से मुझे और ज्यादा बड़ा होना होगा। मुझे खुद ही स्कूल जाने की सारी तैयारी करनी होगी।'


चिंकू कमरे से बाहर आया तो उसने देखा बाहर टंगे हुए एक बड़े से गुब्बारे पर लिखा हुआ था, 'अप्रैल फूल बनाया... हमको मजा आया...!' यह देखकर चिंकू हैरान रह गया। तभी पापा अपने कमरे से बाहर निकले और उन्होंने झट से गुब्बारा फोड़ दिया। चिंकी जोर-जोर से ताली बजाने लगी। मम्मी हंसते हुई बोलीं, 'कैसा लगा अप्रैल फूल...!'

पापा हाथ में लिए लड्डू को चिंकू के मुंह में डालते हुए बोले, 'तुम्हारा पार्क में खेलने जाना जारी रहेगा, तुम कहीं डे-बोर्डिंग में नहीं जाओगे। तुम बस मन लगाकर पढ़ाई करते रहो, रिजल्ट की ज्यादा चिंता मत करो।'

चिंकू हर साल किसी न किसी को अप्रैल फूल बनाता था। इस बार तो वह इतना टेंशन में था कि उसे ध्यान ही नहीं रहा कि आज फर्स्ट अप्रैल है। वह खुद ही अप्रैल फूल बन गया। चिंकू हंसते हुए पापा के गले लग गया। उसने मन ही मन संकल्प ले लिया था, इस साल वह कड़ी मेहनत करके गणित और विज्ञान में बहुत अच्छे नंबर लाएगा। *

## अंतर बताओ


बच्चों, यहां एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। दोनों चित्रों में 5 अंतर हैं। दो मिनट में सभी अंतर ढूंढ़कर बताओ तो जरा।



उत्तर: 1. दूसरे वाले चित्र में जमीन पर रखा अंडा गायब है। 2. मुर्गी के गर्दन के नीचे पंख मुड़े हुए हैं। 3. बाईं ओर वाली पहाड़ी हरियाली की ऊंचाई कम है। 4. दाईं ओर आसमान में बड़ा वाला बादल का टुकड़ा नहीं है। 5. मुर्गे के नीचे पंखों के बीच वाला लाल रंग का पंख नहीं दिख रहा है।

## गिनकर बताओ

बच्चों, दिए गए चित्र में शिमला मिर्च और तरोई दिखाई दे रहे हैं। तुम्हें शिमला मिर्च और तरोई की अलग-अलग संख्या गिनकर बतानी है।



उत्तर: शिमला मिर्च 18, तरोई 24

## सही जोड़ा बनाओ

बच्चों, यहां एक कॉलम में कुछ जानवर और दूसरे कॉलम में उनकी परछाइयों के चित्र दिए गए हैं। तुम्हें इनका सही मिलान करना है। जल्दी से इनका सही जोड़ा तो बनाओ।




उत्तर: 1-C, 2-A, 3-E, 4-B, 5-D

**लोकसभा क्षेत्र**
**होशंगाबाद**

1 भाजपा प्रत्याशी
दर्शन सिंह चौधरी

2 कांग्रेस प्रत्याशी
संजय शर्मा

**पिछली बार कौन जीता**
राव उदय प्रताप

**जीत का अंतर**
5 लाख 53 हजार 682

## क्या रहेंगे मुद्दे?

अवैध रेत खनन यहां का बड़ा मुद्दा है। इसके अलावा यहां नहरों की लाइनिंग की मांग काफी पुरानी है। कृषि आधारित इंडस्ट्रीज यहां की पुरानी मांग है, जबकि एक भी बड़ा कॉलेज न होने से विद्यार्थी काफी परेशान हैं। किसी प्रकार का आईटी उद्योग नहीं है। आईटी पार्क की भी पुरानी मांग है। होशंगाबाद लोकसभा के हर चुनाव में शिक्षा व रोजगार को लेकर कई वादे किए जाते हैं, लेकिन कभी कोई वादा पूरा नहीं हुआ। इसको लेकर अभी हाल ही में शिक्षा हब बनाने की प्लानिंग बनी, लेकिन उस पर भी अभी कोई काम नहीं हुआ। इस बार होशंगाबाद के मतदाता अपनी पुरानी मागों को उम्मीदवारों के सामने रखने का मन बना चुके हैं।

### होशंगाबाद लोकसभा सीट पर कभी भी जातीय आधार पर सफलता नहीं मिल सकी

# दूसरे दलों ने पत्ते नहीं खोले, भाजपा-कांग्रेस में मुकाबला

*होशंगाबाद लोकसभा सीट मध्यप्रदेश में हमेशा चर्चित सीट रही है, क्योंकि पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह यहां से चुनाव हार चुके हैं और पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा जीत चुके हैं। कर्नाटक से आए नेता भी चुनाव जीत चुके हैं। वर्ष 2019 में भाजपा ने एकतरफा जीत हासिल की थी। इस सीट से भाजपा के राव उदय प्रताप सिंह ने कांग्रेस के दीवान शैलेंद्र सिंह को 5 लाख 53 हजार 682 वोटों के बड़े अंतर से हराया था।*

ग्राउंड रिपोर्ट

आनंद सक्सेना ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश की होशंगाबाद लोकसभा पर इस बार कांग्रेस ने संजय शर्मा तो भाजपा ने दर्शन सिंह चौधरी को चुनावी मैदान में उतारा है। यही कारण है कि अब इस सीट का मुकाबला दिलचस्प हो चुका है।

होशंगाबाद लोकसभा सीट से भाजपा ने होशंगाबाद नरसिंहपुर सीट से किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष दर्शन सिंह चौधरी को प्रत्याशी घोषित किया है। इसके बाद से चौधरी लगातार लोकसभा क्षेत्र में सक्रिय हैं। दर्शन सिंह किरार धाकड़ समाज से आते हैं। उन्हें पूर्व सीएम शिवराज सिंह का करीबी माना जाता है। वहीं कांग्रेस ने तेंदुखेड़ा के पूर्व विधायक संजय शर्मा को अपना प्रत्याशी बनाया है। शर्मा ने भी चुनावी अभियान की शुरूआत कर दी है। होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र में संजय शर्मा पूर्व में चुनाव प्रभारी भी रह चुके हैं। गौरतलब है कि होशंगाबाद लोकसभा सीट पर 1951 से लेकर 2019 तक 16 आम चुनाव हो चुके हैं, जिनमें से 6 बार कांग्रेस ने जीत हासिल की है। जबकि 8 चुनावों में भाजपा ने जीत हासिल की है। इसके अलावा 2 बार दूसरे दलों को जीत मिली है। यहां से वर्ष 1967 और 1971 में कांग्रेस प्रत्याशी नीतिराज सिंह लगातार 2 बार जीत हासिल की थी। वर्ष 1977 में पहली बार इस सीट पर कांग्रेस और प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के बजाय जनता पार्टी ने चुनाव जीता था। वर्ष 1980 और 1984 में कांग्रेस के रामेश्वर नीखरा लगातार दो बार सांसद चुने गए, लेकिन वर्ष 1989 में भाजपा के सरताज सिंह ने पहली बार जीत हासिल की और वर्ष 1999 तक लगातार यहां से चुनाव जीतते रहे।


दर्शन सिंह चौधरी


संजय शर्मा

वर्ष 2009 में लंबे समय बाद कांग्रेस की वापसी हुई, लेकिन वर्ष 2014 और 2019 में भाजपा ने यहां से फिर जीत हासिल की थी। इस समय लोकसभा चुनाव को लेकर माहौल अलग है। इसलिए साफ तौर पर कुछ कहा नहीं जा सकता है। मतदान और वोटों की गिनती के बाद ही स्थिति साफ होगी।

### विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का सफाया

पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में होशंगाबाद लोकसभा क्षेत्र की आठ विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस को एक भी सफलता नहीं मिली। सभी सीटों पर भाजपा का कब्जा है। सांसद रहते हुए उदय प्रताप सिंह विधानसभा चुनाव जीते और मंत्री बने। बता दें कि होशंगाबाद लोकसभा सीट से वर्ष 1951 के पहले आम चुनाव में कांग्रेस के सैयद अहमद ने जीत दर्ज की थी। जबकि वर्ष 1952 में इस सीट पर उपचुनाव हुआ था, जिसमें प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के एचवी कामथ चुनाव जीते थे। वर्ष 1957 में कांग्रेस ने यहां वापसी की थी। यह वापसी अगले चुनाव यानि कि वर्ष 1962 में फिर प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के हरिविष्णु कामथ के पाले में गई।

### आठ विधानसभा क्षेत्र आते हैं लोकसभा में

होशंगाबाद लोकसभा सीट में नर्मदापुरम, सोहागपुर, सिवनी मालवा और पिपरिया आते हैं, जबकि नरसिंहपुर जिले की नरसिंहपुर, तेंदुखेड़ा और गाडरवारा विधानसभा सीट शामिल है। इसके अलावा रायसेन जिले की उदयपुरा विधानसभा सीट भी होशंगाबाद लोकसभा सीट में ही आती है। होशंगाबाद लोकसभा सीट भाजपा का मजबूत गढ़ मानी जाता है। यही कारण है कि इस सीट पर कई दिग्गज मैदान में उतरते रहते हैं। इस सीट पर पहले 2 पूर्व मुख्यमंत्री भी अपनी भाग्य आजमा चुके हैं। कांग्रेस के दिग्गज नेता अर्जुन सिंह यहां से चुनाव लड़े थ, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। वहीं भाजपा के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा ने 1999 में यहां से जीत हासिल की थी।

### आबादी में जातियों का समीकरण

होशंगाबाद लोकसभा सीट में लोधी कुर्मी लोवंशी 12 प्रतिशत किरार 6 प्रतिशत, ब्राह्मण 2 7 प्रतिशत, रघुवंशी 12 प्रतिशत गौंड 9 प्रतिशत, मुस्कान 7 प्रतिशत, बौद्ध 2 प्रतिशत, जैन 1 प्रतिशत, एसटी 12.5 प्रतिशत, एसटी 16.5 प्रतिशत ठाकुर 5 प्रतिशत है। यहां कभी भी जातीय आधार पर वोटिंग नहीं हुई। यहां से सैयद मुशा से लेकर उदय प्रताप सिंह तक हमेशा कम वोटर वाली जाति के प्रत्याशी ने जीत दर्ज की। सरताज सिंह 3 बार जीते, जबकि सिख वोटर न के बराबर है। रामेश्वर नीखरा 2 और सुंदरलाल पटवा 1 बार चुनाव जीते, जबकि वैश्य समाज से वोटर बहुत कम रहे।

---

## चाय पे चर्चा

# प्रचार पर गर्मी का असर नहीं, अलग-अलग तरीकों से लुभाने लगे प्रत्याशी

- दोपहर में प्रत्याशी गांव के दलान की बैठक में पहुंच रहे
- भानपुर में लोकसभा चुनाव को लेकर हुई चाय पर चर्चा

लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद अब भोपाल में चुनाव की तारीख भी सामने आ गई है। चुनाव में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए अब प्रत्याशी लोगों से घुलने मिलने लगे हैं। ऐसे ही भानपुर इलाके के राहुल लोधी, प्रमोद लोधी, मिट्ठूलाल लोधी के साथ ही असफाक अहमद का कहना है कि इन दिनों गर्मी भी हर दिन बढ़ने लगी है, ऐसे में प्रचार के तरीके भी लोगों ने कुछ बदल दिए हैं। इससे प्रचार पर गर्मी भी बेअसर हो रही है।

तेज गर्मी और धूप से बचाव करते हुए उम्मीदवार ही नहीं, उनकी प्रचार टीम भी इस बार अलग तरीके से प्रचार कर रहे हैं। हर प्रत्याशी अपनी जीत का दावा कर रहा है। ऐसे में जैसे-



जैसे गर्मी बढ़ रही है। प्रचार का तरीका भी तेजी से बदल रहा है। अब दोपहर में प्रत्याशी चाय की दुकान से लेकर गांव के दलान की बैठक तक पहुंच रहे हैं। शाम को गली-मोहल्लों की चाय की दुकानों पर भी यह लोगों से मिलने-जुलने लगे हैं। उनका कहना है कि पिछले चुनाव की कसर प्रत्याशी इस बार पूरी करने की कोशिश कर रहे हैं। इस बार प्रत्याशी प्रचार में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। अब धीरे-धीरे प्रचार बढ़ रहा है। उम्मीदवार पिछले चुनाव से सबक लेकर इस बार पूरी ताकत से लोगों के पास पहुंच कर अपनी बात रख रहे हैं। कोई भी जीते, लेकिन प्रत्याशियों ने पिछले बार से अधिक मेहनत करना शुरू कर दी है।

## जो हो न सका...

# भोपाल में औद्योगिक विकास को लेकर प्लानिंग बनीं लेकिन नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित नहीं हो पाए

पिछले लोकसभा चुनाव में भोपाल के आसपास नए औद्योगिक क्षेत्र बनाने की बात कई बार हुई। इसके लिए जमीन भी आवंटित हुई, लेकिन उन क्षेत्रों में विकास नहीं हो पाया। बगरोदा, अचारपुरा जैसे औद्योगिक क्षेत्र बनाने की घोषणा की गई। उद्योग लगाने कई आवेदन आए, लेकिन वहां विकास कार्य नहीं हुआ तो उद्योगपतियों ने भी रुचि नहीं दिखाई। गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र के लिए पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान और उसके बाद भी प्लानिंग बनीं, लेकिन काम कुछ नहीं हुआ। इसको लेकर औद्योगिक क्षेत्र एसोसिएशन ने भी सांसद को कई बार पत्र सौंपे।

### आईटी पार्क में भी कुछ नहीं हुआ

राजधानी के पास आईटी पार्क बना और उसका रिस्पॉन्स भी अच्छा मिला। कई आईटी इंडस्ट्रीज भी आईं, उनको लेकर कई घोषणाएं की गईं, लेकिन उनके पूरा होने का इंतजार है। औद्योगिक विकास का मुद्दा काफी प्रमुख है। लोग कह रहे हैं कि औद्योगिक क्षेत्र बनना थस, पर जो हो न सका।

---

## फर्स्ट टाइम वोटर

### मतदान करने के साथ साथियों को भी जागरूक करूंगा...

मतदाताओं के मत से ही सरकार बनती है। जितना अधिक मतदान होगा, देश का लोकतंत्र उतना ही अधिक मजबूत होगा, इसलिए लोगों को शत-प्रतिशत मतदान करना चाहिए। हमारा देश युवाओं का देश है, इसलिए लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व में युवाओं की भूमिका बेहद अहम होगी। मैं पहली बार लोकसभा चुनाव में मतदान करूंगा। खुद मतदान करने के साथ ही अपने साथियों को भी मतदान के लिए जागरूक करूंगा।



**गौरव पाण्डेय**, युवा मतदाता

### मतदान से बेहतर लोग सरकार में आते है व विकास कराते हैं

हम विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के नागरिक है और हमें अपने देश में मतदान का अधिकार मिला है। हम अपने देश को चलाने वाले लोगों को स्वयं चुनते है। हमारे मतदान से ही बेहतर लोग सरकार में आते है और विकास करते हैं। इसलिए हमें मतदान जरूर करना चाहिए। युवाओं को चाहिए कि वह स्वयं भी अपने मत का प्रयोग करें और दूसरों को भी लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान इसके लिए प्रेरित करें।



**मोहित रघुवंशी**, युवा मतदाता

## जानिए, आदर्श आचार संहिता ...

# चुनाव संपन्न कराने वाहन की मांग होने पर फौरन उपलब्ध कराना होती हैं गाड़ियां...

लोकसभा चुनाव के समय आचार संहिता का पालन संबंधित कर्मचारी और अधिकारी को अनिवार्य रूप से करना होता है। लोकसभा चुनाव को सम्पन्न कराने के लिए वाहनों की काफी संख्या में आवश्यकता पड़ेगी। ये वाहन चुनाव के लिए आवश्यक सामान और चुनाव कर्मचारियों को एक जगह से दूसरी जगह ले जाने के कामों में लगाए जाएंगे।

इसके लिए जरूरी है कि संबंधित को अपने विभाग के संभाग तथा जिला स्तर के वाहनों की सूची कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को तुरन्त भेज दें। कलेक्टर की ओर से वाहन की मांग करने पर फौरन उपलब्ध कराएं। वाहन अच्छी और चालू हालत में रखना आवश्यक है, ताकि चुनाव के काम में कोई बाधा न पड़े।

इसलिए ऐसी व्यवस्था भी करें कि वाहन की मरम्मत समय पर हो जाए, ताकि कलेक्टर को वाहन समय पर चालू हालत में उपलब्ध हो सके। उपर्युक्त आदेश पुलिस, होमगार्ड, जनसम्पर्क, वाणिज्यिक बैंक, आकाशवाणी एवं दूरदर्शन केन्द्र एवं प्रेस इन्फरमेशन ब्यूरो, जिला एवं सत्र न्यायाधीश राष्ट्रीय उद्यानों के वाहनों तथा एम्बूलेंस और विदेशी एजेन्सियों की ओर से दी गई ऐसे वाहनों पर लागू नहीं होंगे, जो लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा ग्रामीण विकास विभाग के पास हैं।

# डेढ़ करोड़ रुपए सहित 31 करोड़ 92 लाख से अधिक मूल्य की सामग्रियां जब्त

लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता 16 मार्च से प्रभावशील होने के बाद पुलिस एवं अन्य एन्फोर्समेंट एजेंसियों की ओर से लगातार कार्रवाई की जा रही है। 16 से 26 मार्च तक 1 करोड़ 58 लाख 76 हजार 450 रुपए नगद राशि सहित 31 करोड़ 92 लाख 54 हजार 401 रुपए मूल्य की सामग्रियां जब्त की गई हैं। इस दौरान 6 लाख 58 हजार 157 लीटर मदिरा भी जब्त की गई है। इसका मूल्य 10 करोड़ 56 लाख 21 हजार 800 रुपए है। इसी तरह 4 करोड़ 53 लाख 33 हजार 8 रुपए मूल्य के 8 हजार 696 किलो ड्रग्स और 3 करोड़ 32 लाख 52 हजार 934 रुपए मूल्य की 152 किलोग्राम से अधिक कीमती धातुएं जब्त की गई हैं। साथ ही 11 करोड़ 91 लाख 70 हजार 209 रुपए मूल्य की अन्य सामग्रियां (रेडीमेड, गारमेंटस आदि) जब्त की गई हैं।



---

# प्रेमिका से मिलने गया, नाबालिग सहेली से किया रेप का प्रयास, दोनों ने मिलकर की प्रेमी की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलरामपुर

बलरामपुर रामनुजगंज के वार्ड दो में कॉलेज के छात्र की उसकी प्रेमिका और नाबालिग सहेली ने मिलकर हत्या कर दी। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

छात्र होली की रात उनके निवास पर पहुंचा था और उसने प्रेमिका के साथ उसकी सहेली से जबरदस्ती संबंध बनाना की कोशिश की थी। इस दौरान आक्रोशित होकर दोनों ने रस्सी से गला घोटकर उसकी हत्या कर दी थी। युवक का शव मंगलवार दोपहर प्रेमिका के घर के बाहर मिला था। जानकारी के मुताबिक, बलरामपुर थाना क्षेत्र के पुटसूरा गांव निवासी विरेंद्र यादव (18) अपनी बहन पुनीता यादव के साथ बलरामपुर के वार्ड 2 मरियमपारा में किराए के आवास में रहकर कॉलेज में पढ़ रहा था। घटना की रिपोर्ट पुनीता यादव ने बलरामपुर थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस ने अरिश्मा और उसकी नाबालिग सहेली को हिरासत में लिया। दोनों ग्राम पुटसूरा की रहने वाली हैं और किराए के मकान में रहकर पढ़ाई करती हैं। पूछताछ में अरिश्मा ने बताया कि उसका विरेंद्र यादव से प्रेम संबंध था। विरेंद्र यादव होली की देर शाम उनके मकान में आया था। वह दोनों से जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाने की कोशिश करने लगा। युवक को प्रेमिका अरिश्मा ने ऐसा करने के लिए मना किया, लेकिन वह नहीं माना और उसकी नाबालिग सहेली के साथ शारीरिक संबंध बनाने की कोशिश की। इससे आक्रोशित होकर दोनों ने घर में रखी नाइलोन की रस्सी को कमरे में पंखा टांगने के रॉड से फंसाया और फंदा बनाकर उसके गले में डाल दिया और मौत के घाट उतार दिया।

# शराब के लिए पैसे छीन लेता था बदमाश नाबालिग के साथ मिलकर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राजधानी रायपुर में हत्या की घटना को अंजाम देने वाले नाबालिग समेत दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी से रोजाना शराब और पैसों की लुट से परेशान होकर हत्या की योजना बनाई।

इसके बाद अपने साथ एक नाबालिग को इस योजना में शामिल कर उससे मौका मिलते ही हत्या करने को कहा, जिस पर मौका मिलते ही नाबालिग ने मृतक के शरीर पर कई बार चाकू घोंप कर उसे मौत के घाट उतार दिया और मौके पर फरार भी हो गया। मामला पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र का है। प्रार्थिया कुमारी सोनकर ने थाना रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका पुत्र मृतक मोहित सोनकर की भाठागांव स्थित सोनकार बाड़ी के पास संदिग्ध स्थिति में लाश पड़ी है। पुलिस घटना स्थल पहुंची। पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया। पुलिस ने भाठागांव पुरानी बस्ती निवासी नाबालिग को पकड़ा। उसने अपने साथी नारायण साहू उर्फ गोलू के साथ मिलकर हत्या की घटना को अंजाम देना बताया। टीम के सदस्यों ने नारायण साहू उर्फ गोलू की पतासाजी कर उसे भी पकड़ा लिया।


## होली विशेष रेलगाड़ियों का विस्तार

होली के उपरान्त यात्रियों की अधिक संख्या को देखते हुए रेलवे द्वारा निम्नलिखित होली विशेष रेलगाड़ियों की सेवा अवधि को बढ़ाने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

| रेलगाड़ी संख्या | से | तक | फ्रीक्वेंसी | प्रस्थान के दिन | पूर्व अधिसूचित | विस्तारित तिथि से | विस्तारित तिथि तक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 02365 | राजगीर | आनन्द विहार (ट) | साप्ताहिक | मंगलवार | 30.03.24 | 02.04.24 को | |
| 02366 | आनन्द विहार (ट) | राजगीर | | बुधवार | 31.03.24 | 03.04.24 को | |
| 03255 | पटना जं. | आनन्द विहार (ट) | सप्ताह में दो दिन | रविवार, गुरूवार | 31.03.24 | 04.04.24 | 07.04.24 |
| 03256 | आनन्द विहार (ट) | पटना जं. | | सोमवार, शुक्रवार | 01.04.24 | 05.04.24 | 08.04.24 |
| 02391 | पटना जं. | आनन्द विहार (ट) | साप्ताहिक | शनिवार | 30.03.24 | 06.04.24 को | |
| 02392 | आनन्द विहार (ट) | पटना जं. | | रविवार | 31.03.24 | 07.04.24 को | |
| 03635 | गया | आनन्द विहार (ट) | सप्ताह में तीन दिन | सोम, बुध, शुक्र | 29.03.24 | 01.04.24 | 10.04.24 |
| 03636 | आनन्द विहार (ट) | गया | | मंगल, गुरू, शनि | 30.03.24 | 02.04.24 | 11.04.24 |
| 03227 | आरा | आनन्द विहार (ट) | साप्ताहिक | बुधवार | 29.03.24 | 03.04.24 | 10.04.24 |
| 03228 | आनन्द विहार (ट) | आरा | | गुरूवार | 30.03.24 | 04.04.24 | 11.04.24 |
| 02351 | पटना जं. | आनन्द विहार (ट) | सप्ताह में तीन दिन | बुध, शुक्र, रवि | 31.03.24 | 03.04.24 | 10.04.24 |
| 02352 | आनन्द विहार (ट) | पटना जं. | | गुरू, शनि, सोम | 01.04.24 | 04.04.24 | 11.04.24 |
| 03257 | दानापुर | आनन्द विहार (ट) | साप्ताहिक | रविवार | 31.03.24 | 07.04.24 को | |
| 03258 | आनन्द विहार (ट) | दानापुर | | सोमवार | 01.04.24 | 08.04.24 को | |
| 05565 | सहरसा जं. | सरहिंद | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.03.24 | 04.04.24 को | |
| 05566 | सरहिंद | सहरसा जं. | | शनिवार | 30.03.24 | 06.04.24 को | |
| 05531 | रक्सौल जं. | आनन्द विहार (ट) | साप्ताहिक | रविवार | 31.03.24 | 07.04.24 को | |
| 05532 | आनन्द विहार (ट) | रक्सौल जं. | | सोमवार | 01.04.24 | 08.04.24 को | |

नोट : 1. 02365/02366 राजगीर–आनन्द विहार (ट)–राजगीर सप्ताह में दो दिन के बजाए सप्ताह में एक दिन चलेगी।
2. 03227/03228 आरा – आनन्द विहार (ट) – आरा सप्ताह में तीन दिन के बजाए सप्ताह में एक दिन चलेगी।

• अन्य विवरण पूर्ववत रहेंगे।

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें ।

रेलमदद वेबसाइट : www.railmadad.indianrailways.gov.in देखें एवं रेलमदद ऐप डाउनलोड करें।

945/24

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

पर हमें फॉलो करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


### उप मुख्यमंत्री शुक्ल अनूपपुर में नामांकन रैली में हुए शामिल, सभा को किया

# देश को आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं प्रधानमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों में देश सुरक्षित है। प्रधानमंत्री देश को आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। आज यहां हजारों कार्यकर्ताओं ने हुंकार भरी है कि अबकी बार 400 पार। यह बात प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने शहडोल संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी हिमाद्री सिंह का अनूपपुर कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर नामांकन दाखिल कराने के पश्चात रैली को संबोधित करते हुए कही। सभा को प्रदेश शासन के मंत्री दिलीप जायसवाल, शहडोल सांसद व पार्टी प्रत्याशी हिमाद्री सिंह और अनूपपुर जिला अध्यक्ष रामदास पुरी ने भी संबोधित किया।

### पार्टी प्रत्याशी हिमाद्री सिंह का नामांकन दाखिल कराया



### यह बच्चों के भविष्य को बचाने का चुनाव

*उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सभा में कहा कि प्रधानमंत्री ने गरीबों के कल्याण के लिए मुफ्त खाद्यान्न योजना, आयुष्मान योजना, उज्जवल गैस कनेक्शन, पीएम आवास जैसी कई योजनाएं चला रहे हैं, जिनसे गरीबों का विकास हो रहा है। यह लोकसभा चुनाव हमारे बच्चों के भविष्य बचाने का चुनाव है। आज सभी लोग इस चीज को समझ चुके हैं।*

## चिंतन

# भारत की न्यायपालिका संवैधानिक रूप से मजबूत

भारतीय न्यायपालिका संवैधानिक रूप से मजबूत है, स्वायत्त है, स्वतंत्र है। न्यायपालिका ने बार-बार संविधान की रक्षा की है, कार्यपालिका व विधायिका को दिशा दिखाई है। समूचे देश की आस्था भारतीय न्यायपालिक पर है। समय समय पर सरकार व न्यायपालिका में टकराव भी देखे गए हैं, लेकिन दोनों ने अपनी गरिमा व मर्यादा का उल्लंघन कभी नहीं किया है। भरोसा अक्षुण्ण है। जब से केंद्र में पीएम नरेन्द्र मोदी की सरकार आई है, न्यायपालिका पर दबाव के आरोप बार-बार उछाले गए हैं। पूर्व में सुप्रीम कोर्ट के चार जज सार्वजनिक प्रेस वार्ता कर चुके हैं, जिसमें सरकार पर दबाव के आरोप लगाए गए। बाद उन्हीं में एक जज चीफ जस्टिस बने, विवादित ढांचा विवाद पर फैसले की संवैधानिक पीठ में शामिल रहे। अभी देश के पूर्व सॉलिसिटर जनरल हरीश साल्वे समेत 600 से ज्यादा वरिष्ठ वकीलों ने चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ को चिट्ठी लिखी है। इसमें कहा गया है कि न्यायपालिका खतरे में है और इसे राजनीतिक और व्यवसायिक दबाव से बचाना होगा। सीजेआई चंद्रचूड़ को चिट्ठी लिखने वाले 600 से ज्यादा वकीलों में बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन मिश्रा, आदिश अग्रवाल, चेतन मित्तल, पिंकी आनंद, हितेश जैन, उज्ज्वला पवार, उदय होल्ला और स्वरूपमा चतुर्वेदी भी शामिल हैं। वकीलों ने लिखा है कि 'एक विशेष समूह न्यायपालिका पर दबाव डालने की कोशिश कर रहा है। यह ग्रुप न्यायिक व्यवस्था को प्रभावित कर रहा है और अपने घिसे-पिटे राजनीतिक एजेंडे के तहत उथले आरोप लगाकर अदालतों को बदनाम करने की कोशिश कर रहा है। उनकी इन हरकतों से न्यायपालिका की पहचान बताने वाला सौहार्द और विश्वास का वातावरण खराब हो रहा है। राजनीतिक मामलों में दबाव के हथकंडे आम बात हैं, खास तौर से उन केसेस में जिनमें कोई राजनेता भ्रष्टाचार के आरोप में घिरा है। ये हथकंडे हमारी अदालतों को नुकसान पहुंचा रहे हैं और लोकतांत्रिक ढांचे के लिए खतरा हैं।' विशेष समूह कौन है, बताया जाना चाहिए। निश्चित रूप से यह पत्र देश के वर्तमान राजनीतिक हालात, जिसमें करप्शन के खिलाफ एक्शन हो रहे हैं, के आलोक में लिखा गया लगता है। यूं तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पत्र लिखने वालों का नाम लिए बगैर कांग्रेस पर निशाना साधा है, लेकिन पत्र लिखने वाले वकील काफी अनुभवी हैं, उन्होंने देश की न्याय व्यवस्था को बहुत बारीकी से देखा है, ऐसे में उन्हें से सवाल है कि क्या भारतीय न्याय व्यवस्था आजादी के वक्त से निरंतर अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं किया है? अगर कमी रही है, तो कहां रही है? क्या हमारे कुछेक वरिष्ठ वकील कांग्रेस नेता रहते हुए अपनी ही संप्रग सरकार के फैसले के खिलाफ आरोपित कॉरपोरेट की ओर से पैरवी नहीं की है? जिसमें सरकार को नुकसान पहुंचा व कॉरपोरेट का फायदा हुआ? कांग्रेस के कार्यकाल में संविधान के अनुच्छेद 356 के दुरुपयोग के अनेक मामले हुए हैं, उस वक्त वक्त भी न्यायपालिका ने अपनी सीमा व मर्यादा का ध्यान रखा। अभी अगर देश की न्याय व्यवस्था पर किसी भी प्रकार का दबाव है, तो इसे चीफ जस्टिस समेत तमाम जज वकीलों से बेहतर समझेंगे, इसलिए वे न्यायतंत्र को दबावमुक्त बनाने के लिए खुद आगे आएंगे। वकीलों की चिट्ठी की टाइमिंग किसी खास अभिप्राय से प्रेरित प्रतीत होती है। न्यायपालिका अपनी स्वतंत्रता, स्वायत्तता, मर्यादा व गरिमा की रक्षा करने में खुद सक्षम है। अनर्गल अलाप करने न्यायतंत्र की साख को कमतर करने की कोशिश नहीं होनी चाहिए।

# अमीरी और गरीबी का बढ़ता फासला



विचार
डॉ.संजय शुक्ला

वर्ल्ड इनइक्वालिटी लैब' के 2022-23 के ताजा रिपोर्ट के मुताबिक भारत में ब्रिटिश हुकूमत के दौरान अमीर और गरीब के बीच की खाई इतनी चौड़ी नहीं थी जितना आजादी के 75 साल बाद आज है। दुनिया भर के देशों में अमीर और गरीब के बीच आर्थिक असमानता का अध्ययन करने वाली ऑक्सफैम इंटरनेशनल की इस रिपोर्ट के अनुसार भारत में गरीबों और अमीरों के बीच आर्थिक असमानता बीते 100 सालों में सर्वोच्च स्तर पर है। रिपोर्ट से यह भी पता चलता है कि अमरीका, फ्रांस और ब्रिटेन, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका सहित चीन जैसे अति संपन्न देशों में अमीरों के पास उतनी संपत्ति नहीं है जितनी भारत के एक फीसद अमीरों के पास है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में सबसे अमीर एक प्रतिशत आबादी की आमदनी में हिस्सेदारी सिर्फ पेरू, यमन और कुछ अन्य छोटे देशों से ही कम है। वैश्विक उदारीकरण के वर्तमान दौर में भारत के इस एक फीसदी अमीर लोगों के पास देश की 40 फीसदी संपत्ति की मिल्कियत है। रिपोर्ट की मानें तो साल 2000 में इस एक फीसदी अरबपतियों के पास देश की कुल 33 फीसदी संपत्ति थी। दरअसल देश के 50 फीसदी गरीब और एक फीसदी अमीर लोगों के बीच आय और संपत्ति का फासला 1980 के बाद लगातार बढ़ते जा रहा है। आंकड़ों के मुताबिक साल 2000 के बाद देश में अरबपतियों के पूंजी में जबरदस्त उछाल आया है जिसके रफ्तार पर वैश्विक महामारी कोरोना के दौरान भी ब्रेक नहीं लगा। विचारणीय है कि कोरोना महामारी के दौर में जब दुनिया की अर्थव्यवस्था शीर्षासन के मुद्रा में थी तब भारत में अरबपतियों की संख्या बढ़ी तथा उनकी संपत्ति में दोगुना इजाफा हुआ। गरीबी निर्मूलन के लिए काम करने वाली संस्था आक्सफेम इंडिया की सर्वे रिपोर्ट 'इनइक्वलिटी किल्स' के मुताबिक भारत में महामारी के दौरान अरबपतियों की संख्या 102 से बढ़कर जहां 142 हो गई यानि महामारी ने 40 नये अरबपति दिए जबकि अब देश में 167 अरबपति हैं। रिपोर्ट का स्याह पक्ष यह भी कि महामारी के दौरान लगभग 84 फीसदी भारतीयों की आय में काफी गिरावट आई जिससे वे अभी तक उबर नहीं पाए हैं।

दरअसल देश में आर्थिक असमानता के लिए हमारी राजनीतिक और सामाजिक परिस्थितियां जिम्मेदार है। पुश्तैनी संपत्ति का बंटवारा, बढ़ती जनसंख्या, अशिक्षा, बीमारी, बेरोजगारी, गरीबी उन्मूलन योजनाओं का लाभ नीचले स्तर तक न पहुंच पाना, भ्रष्टाचार और ग्रामीण विकास की अनदेखी ने देश में गरीबों की संख्या बढ़ाई है।आजादी के बाद साल 1951में पहले पंचवर्षीय योजना से अब तक गरीबी उन्मूलन के लिए लगभग 195 विकास योजनाएं चलाई जा रही है लेकिन इन योजनाओं की जमीनी हकीकत ऑक्सफैम की ताजा रिपोर्ट बयां कर रही है। ऐसा भी नहीं है कि सरकार की कोशिशों का लाभ देश को नहीं मिला है बीते सात दशकों में देश में गरीबी का अनुपात गिरा है तो दूसरी ओर प्रति व्यक्ति आय में इजाफा भी हुआ है। आजादी के पहले जिस भारत में 80 फीसदी लोग गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले थे तो अब 17 फीसदी लोग ही इस सीमा में है। अलबत्ता इन आंकड़ों का विरोधाभास भी है कि देश में 80 करोड़ लोग मुफ्त राशन पर निर्भर हैं। देश की एक बड़ी आबादी आज भी रोटी,कपड़ा और मकान जैसे बुनियादी जरूरतों के लिए भीषण संघर्ष कर रहा है। देश के अमीरों की संपत्ति जहां बेतहाशा बढ़ रही है वहीं दूसरी ओर एक बहुत बड़ी आबादी के हाथों से आजीविका के संसाधन लगातार छीनते जा रहे हैं। सरकारों के मशीनी विकास की भूख के चलते गरीबों के रोजगार के परंपरागत साधन जल, जंगल और जमीन मुट्ठी भर पूंजीपतियों के हाथों जा रहा है जिससे असंतोष भी पनपने लगा है।

आर्थिक असमानता का सीधा असर गरीब परिवारों के शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी जरूरतों के साथ ही स्त्री-पुरुष समानता पर भी पड़ रहा है। गरीब परिवारों की लड़कियां पढ़ाई और नौकरी से दूर है तो महिलाओं को संतुलित भोजन नहीं मिलने के कारण मातृ और शिशु मृत्यु दर भी बढ़ रहा है। निर्धनता के कारण एक बड़ी आबादी निरक्षरता, बेरोजगारी, भूखमरी, कुपोषण और बीमारी का शिकार हो रहा है जिसका भार सरकार के जिम्मे है। गरीबों के लिए जारी मुफ्त और रियायती योजनाओं का बोझ राजकोष में पड़ने के कारण विकास योजनाएं बाधित हो रही है। आर्थिक असमानता के कारण देश में अनेक सामाजिक विसंगतियां दृष्टिगोचर होने लगा है गरीबी और बेरोजगारी से जूझ रहे युवा नशाखोरी, अपराध और आत्महत्या की राह पकड़ रहे हैं। समाजशास्त्रियों का मानना है कि आर्थिक असमानता सामाजिक अशांति को पैदा कर सकता है। यहां यह उल्लेखनीय है कि साल 2030 तक भारत से गरीबी उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया गया था लेकिन यह दूर की कौड़ी है। बहरहाल देश में अमीर और गरीब के बीच बढ़ते फासले से यह पता चल रहा है कि वैश्विक उदारीकरण



और व्यापार के लिए लागू नीतियों से समाज के एक तबके को ही विकास का लाभ मिल रहा है जबकि सरकार को इन नीतियों में गरीबों की तरक्की को भी तरजीह देनी होगी। गरीबों को आर्थिक विकास की मुख्यधारा में लाने के लिए उनकी नयी पीढ़ी को तकनीकी शिक्षा और कौशल से उन्नत करते हुए उनके लिए पूंजी की व्यवस्था करनी होगी ताकि वह उद्योग - धंधों के लिए काबिल बन सके। आर्थिक असमानता की बढ़ती खाई के मद्देनजर अनेक अर्थशास्त्रियों ने सरकार को सलाह दी है कि संपत्ति वितरण में अपने नीतियों के संशोधन में ध्यान देने पर विचार करें ताकि समावेशी आर्थिक विकास का लक्ष्य हासिल किया जा सके।गौरतलब है कि भारत ऐसा देश है जहां सदियों से धर्म,जाति, क्षेत्रियता, आर्थिक, सामाजिक और लैंगिक आधार पर असमानता जारी है।गरीबी दूर करने के तमाम दावों के बावजूद देश में पीढ़ी दर पीढ़ी गरीबी बढ़ रही है। यह अतिश्योक्ति नहीं होगी कि अब गरीबी एक ऐसा अनुवांशिक मर्ज बन चुका है जो पीढ़ी दर पीढ़ी बरकरार है।

बहरहाल भारत युवाओं की जनसंख्या के लिहाज से सबसे युवा देश है जहां कि 65 फीसदी आबादी 40 साल से कम उम्र की है। विश्व बैंक की रिपोर्ट के मुताबिक भारत की अर्थव्यवस्था बड़ी तेजी से बढ़ रही है तथा वर्ष 2023-24 में देश की जीडीपी 7.3 फीसदी तक बढ़ने की संभावना है। दूसरी ओर अपने युवा आबादी और मजबूत अर्थव्यवस्था के चलते भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने की ओर अग्रसर है। इन अनुकूल परिस्थितियों के मद्देनजर ऐसी शिक्षा और स्वास्थ्य नीति को अमल में लाने की दरकार है जिससे समाज का कमजोर तबका आर्थिक तौर पर आत्मनिर्भर बन सके। सरकारों को नीतियां बनाते समय मध्यमवर्ग को भी केंद्र में रखना चाहिए क्योंकि इस वर्ग की बुनियादी समस्याओं को नजरंदाज करने के कारण ही एक तिहाई निम्न मध्यवर्गीय तबका हर साल गरीबी की श्रेणी में चला जाता है। देश के नीति नियंताओं को विकास की प्राथमिकता में शिक्षा,स्वास्थ्य, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को लाना ही होगा क्योंकि यह क्षेत्र आज भी सबसे ज्यादा रोजगार प्रदाता है। बहरहाल देश में गरीबी और असमानता की बढ़ती खाई चिंताजनक है, महान दार्शनिक अरस्तू ने कहा था कि गरीबी क्रांति और अपराध को जन्म देता है। भारत के संदर्भ में देखें तो अमीरों और व्यवस्था के खिलाफ गरीब भारत की क्रांति अराजक स्थितियां पैदा कर सकती है लिहाजा आर्थिक असमानता के खिलाफ सरकार और पूंजिपतियों को एकजुट होकर जंग लड़ने की जरूरत है।

बिलाशक देश को गरीबी का अभिशाप आजादी के साथ ही मिला है लेकिन सच यह भी है कि गरीबी के खिलाफ लड़ाई बिना अमीरों के संभव ही नहीं है इसलिए अमीरों को देश और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों में उदारता दिखाना चाहिए। देश में कुछ चुनिंदा ही दानवीर पूंजीपति हैं जो शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास और पेयजल जैसे सार्वजनिक कार्यों में अपना योगदान दे रहे हैं इस फेहरिस्त में और भी अमीरों के शामिल होने की जरूरत है। देश के 167 अरबपतियों पर दो फीसदी सुपर टैक्स लगाकर आने वाले कई सालों तक देश में स्कूली शिक्षा, साक्षरता अभियान, मध्यान्ह भोजन, स्वास्थ्य बीमा योजना जैसी योजनाएं चलाई जा सकती है। अमीरों को इस दिशा में सोचने की दरकार है आखिरकार भारत धार्मिक मान्यताओं वाला देश है जहां के हर धर्म में दान को सबसे बड़ा पुण्य बताया गया है। केंद्र सरकार को इस रिपोर्ट का संज्ञान लेते हुए आगामी बजट में अमीरों और गरीबों के बीच बढ़ते असमानता की खाई को कम करने के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाए जाने की दरकार है।

गुड फ्राइडे विशेष
योगेश कुमार गोयल



# ईसा के निःस्वार्थ प्रेम संदेश को जीवन में उतारें हम

ईसाई धर्म के अनुयायियों का प्रमुख त्यौहार है 'गुड फ्राइडे', जो एकमात्र ऐसा दिन है, जिसका निर्धारण यहूदियों द्वारा किया जाता है। चांद देखकर यहूदी फरवरी माह में ही इस दिन का निर्धारण करते हैं। गुड फ्राइडे को होली फ्राइडे, ब्लैक फ्राइडे या ग्रेट फ्राइडे के नाम से भी जाना जाता है। जिस दिन ईसा मसीह ने प्राण त्यागे थे, उस दिन शुक्रवार था और इसी याद में 'गुड फ्राइडे' मनाया जाता है। यह दिन पवित्र सप्ताह के दौरान मनाया जाता है, जो ईस्टर के रविवार से पहले पड़ने वाले शुक्रवार को मनाया जाता है और इस वर्ष गुड फ्राइडे 29 मार्च को मनाया जा रहा है।

ईसाई समुदाय द्वारा इस त्यौहार को शोक के रूप में मनाया जाता है। गुड फ्राइडे को यीशु द्वारा मानवता की भलाई के लिए दिए बलिदान के रूप में देखा जाता है। दरअसल ईसाई मान्यता के अनुसार दुनिया को प्रेम, दया, करुणा का संदेश देने वाले यीशु (ईसा मसीह) को इसी दिन उस जमाने के धार्मिक कट्टरपंथियों द्वारा सूली पर चढ़ा दिया गया था, इसीलिए इस दिन मानवता की रक्षा के लिए दिए गए उनके बलिदान को याद किया जाता है। ईसाई धर्म के अनुयायी इस अवसर पर चर्च जाकर प्रभु यीशु को याद कर शोक मनाते हैं और विशेष प्रार्थना करते हैं। गुड फ्राइडे के दिन गिरिजाघरों में घंटा नहीं बजाया जाता, बल्कि लकड़ी के खटखटे बजाए जाते हैं और लोग चर्च में क्रॉस को चूमकर यीशु का स्मरण करते हैं। कुछ स्थानों पर लोग काले कपड़े पहनकर प्रभु यीशु के बलिदान दिवस पर शोक भी व्यक्त करते हैं और यीशु से अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं। ईसा मसीह के सूली पर चढ़ाए जाने की याद में इस दिन उनके अनुयायी समस्त लौकिक सुविधाओं का त्याग कर देते हैं। इस दिन चर्च और घरों से सजावटी वस्तुएं हटा दी जाती हैं या उन्हें कपड़े से ढ़क दिया जाता है।

गुड फ्राइडे के दिन क्षमा, मेल-मिलाप, सहायता और त्याग पर केंद्रित ईसा मसीह के अंतिम सात वाक्यों की विशेष व्याख्या की जाती है। मान्यता है कि यीशु ने ही ईसाई धर्म की स्थापना की थी। गुड फ्राइडे की प्रार्थना दोपहर 12 से 3 बजे के बीच ही की जाती है क्योंकि माना जाता है कि यीशु को इसी दौरान सूली पर चढ़ाया गया था। ईसाई धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यीशु का कोई दोष नहीं होने पर भी उन्हें क्रॉस पर लटकाकर मारने का दण्ड दिया गया था लेकिन फिर भी उन्होंने अपने हत्यारों के लिए प्रार्थना करते हुए कहा था कि हे ईश्वर! इन्हें क्षमा करें क्योंकि ये नहीं जानते कि ये क्या कर रहे हैं।

कैथोलिकों द्वारा शुरू की गई प्रथा के अनुसार गुड फ्राइडे के ठीक 40 दिन पहले आने वाले बुधवार से ईसाई समुदाय में प्रार्थना और उपवास प्रारंभ हो जाते हैं। इस बुधवार को 'राख का बुधवार' कहा जाता है। उपवास के दौरान लोग केवल शाकाहारी और सात्विक भोजन करते हैं। माना जाता है कि यीशु ने मानव सेवा प्रारंभ करने से पहले चालीस दिन तक व्रत किया था और संभवतः इसीलिए उपवास की यह परम्परा शुरू हुई। इस दिन दुनियाभर के ईसाई सामाजिक कार्यों को बढ़ावा देने के लिए चर्च में चंदा या दान देते हैं। ईसाई धर्म में ईसा मसीह को परमेश्वर का पुत्र माना जाता है। उन्होंने लोगों को क्षमा, शांति, दया, करूणा, परोपकार, अहिंसा, सद्व्यवहार और पवित्र आचरण का उपदेश दिया और उनके इन्हीं सद्गुणों के कारण लोग उन्हें शांति दूत, क्षमा मूर्ति और महात्मा कहकर पुकारने लगे थे। कहा जाता है कि वे यरूशलम के गैलिली प्रांत में लोगों को मानवता, सत्य, एकता, प्रेम, अहिंसा और शांति का उपदेश दिया करते थे। उनके संदेश दूर-दूर तक फैलने लगे और उनके विचारों को लोग अपने जीवन में अपनाने लगे। वहां के लोग उन्हें परमपिता परमेश्वर का दर्जा देने लगे थे। समाज में धार्मिक अंधविश्वास और झूठ फैलाने वाले धर्मगुरूओं को इसी कारण ईसा मसीह से काफी जलन होने लगी थी, क्योंकि लोग अपनी समस्याओं को लेकर अब उनके पास नहीं आ रहे थे। करीब दो हजार वर्ष पूर्व उन्हें मृत्युदंड इसीलिए दिया गया क्योंकि वे अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने और घोर विलासिता तथा अज्ञानता के अंधकार को दूर करने के लिए लोगों को शिक्षित और जागरूक कर रहे थे। ईसा मसीह परिवर्तन के पक्षधर थे और उन्होंने मानव प्रेम की सीमा नहीं बांधी बल्कि अपने बलिदान से उसे आत्मकेंद्रित एवं स्वार्थ से परे बताया। पृथ्वी पर बढ़ रहे पापों के लिए बलिदान देकर ईसा ने निःस्वार्थ प्रेम की पराकाष्ठा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। सूली पर प्राण त्यागने से पहले यीशु ने कहा था, ''हे ईश्वर! मैं अपनी आत्मा को तेरे हाथों में सौंपता हूं।''

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# व्यक्ति को निरंतर रूप से निखारती है आत्म-प्रतिस्पर्धा



संकलित
दर्शन

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज में रहते हुए वह अनेक छोटे-बड़े लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहता है। समाज का अंग होते हुए, समाज में अपनी पहचान बनाना भी प्रत्येक व्यक्ति का एक उद्देश्य जैसा ही प्रतीत होता है। इन उद्देश्यों, लक्ष्यों व उपलब्धियों की प्राप्ति के लिए चल रहे अनवरत प्रयत्नों के फलस्वरूप एक सामाजिक प्रक्रिया जन्म लेती है। इस सामाजिक प्रक्रिया का नाम है-प्रतिस्पर्धा। यदि सरल शब्दों में कहा जाए तो बेहतर प्रदर्शन करने की तीव्र लालसा। यह लालसा एक अबोध शिशु से लेकर एक वृद्ध तक सभी में विद्यमान रहती है। वस्तुतः जब आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता पर्याप्त नहीं होती, तो प्रतिस्पर्धा स्वतः ही जन्म ले लेती है। प्रतिस्पर्धा में कदाचित विरोध व ईर्ष्या की भावनाएं भी अंतर्निहित होती हैं, किंतु ऐसी प्रतिस्पर्धा स्वस्थ नहीं कही जाती। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा वास्तव में उत्कृष्टता का मार्ग प्रशस्त करती है। प्रतिस्पर्धा की यही विशेषता इसे संघर्ष से अलग करती है। एक अन्य विशेष बात यह है कि प्रतिस्पर्धा किसी तंत्र विशेष तक ही सीमित रहती है। एक विशेष तरह की प्रतिस्पर्धा एक विशेष तंत्र में ही दृष्टिगोचर होती है। किसी व्यक्ति के साथ आपकी प्रतिस्पर्धा केवल तभी तक रहती है, जब तक आप उसके साथ किसी तंत्र को साझा करते हैं। किसी व्यक्ति द्वारा वह तंत्र छोड़ते ही प्रतिस्पर्धा स्वतः समाप्त हो जाती है। यह आवश्यक नहीं कि प्रतिस्पर्धा सदैव दूसरे व्यक्ति के साथ ही हो।

# अच्छी बातें जीवन में उतारने पर ही लाभ मिलेगा



संकलित
प्रेरणा

द्वापर युग में द्रोणाचार्य को भीष्म पितामह ने कौरव और पांडव राजकुमारों का गुरु बना दिया था। एक दिन द्रोणाचार्य ने सभी राजकुमारों को एक पाठ दिया और कहा कि कल इस पाठ को आत्मसात करके आना है। आत्मसात शब्द का अर्थ है जीवन में, अपने आचरण में उतारना। अगले दिन सभी राजकुमार गुरु के आश्रम में पहुंच गए। पढ़ाई शुरू हुई तो द्रोणाचार्य ने पूछा कि कौन-कौन कल का पाठ याद करके आया है? युधिष्ठिर को छोड़कर बाकी सभी राजकुमारों ने कह दिया कि हमने ये पाठ याद कर लिया है। गुरु ने युधिष्ठिर से पूछा कि तुमने पाठ याद क्यों नहीं किया है? युधिष्ठिर ने कहा कि मैंने अभी तक ये पाठ आत्मसात नहीं किया है। ये बात सुनकर द्रोणाचार्य हैरान थे। कुछ देर सोचकर गुरु ने कहा कि ठीक है कल याद करके आना। इसके बाद दस दिन बीत गए, लेकिन युधिष्ठिर को वो पाठ अब तक याद नहीं हुआ था। जबकि अन्य राजकुमार युधिष्ठिर से 10 पाठ आगे पहुंच गए थे। द्रोणाचार्य ने युधिष्ठिर से पूछा कि आखिर बात क्या है। युधिष्ठिर ने कहा कि गुरुदेव, जैसे मेरे भाइयों ने ये पाठ याद किया है, वैसे तो मुझे याद है, लेकिन आपने कहा था कि इस पाठ को आत्मसात करना है। आपने सत्य को जीवन में उतारने का पाठ दिया था और मैं सत्य को जीवन में उतार नहीं पा रहा हूं। जब तक मैं इसे आत्मसात नहीं कर लूंगा, जब तक मैं सत्य को जीवन में नहीं उतार लूंगा, तब तक मैं इससे आगे नहीं बढ़ पाऊंगा।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**जेल से सरकार चलाने वाले संविधान का उड़ा रहे हैं मजाक**

केजरीवाल के जेल से सरकार चलाने का यह दूसरा वाक्या हमारे सामने है। बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव को जेल हुई तब राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बनाया गया था। लेकिन वह मुख्यमंत्री के पद पर थी और सदन की सारी कार्यवाई पर लालू की नजर थी। लेकिन केजरीवाल के लिए उल्टा कानून है। जेल से कोई कैसे सरकार चला सकता है? विधानसभा सत्र बुलाया जाए और अविश्वास मत पारित करने को कहा जाना चाहिए। दिल्ली विधानसभा पर अमेरिका और जर्मनी की नजर है।

-कांतिलाल मांडोत, सूरत

## ट्रेंड

**दिव्यांगों के अनुकूल निर्माण हो**



यह सुनिश्चित करना इंजीनियरिंग सेवा अधिकारियों का कर्तव्य है कि आपके द्वारा डिजाइन किये गये सार्वजनिक बुनियादी ढांचे दिव्यांगों और वरिष्ठ नागरिकों के इस्तेमाल के लिए सुगम होना चाहिए, चाहे वह कार्यालय हो, आवास या सड़क हो।

-द्रौपदी मुर्मू , राष्ट्रपति

**गलत करने वाले बचेंगे नहीं**



जांच एजेंसी - केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) - अपना काम करेंगे और उन लोगों को माफ करने का कोई सवाल ही नहीं है, जिन्होंने गलत काम किया है। वे (विपक्ष) अपने भ्रष्टाचार को बचाना चाहते हैं।

-पीयूष गोयल, केंद्रीय मंत्री

**नौकरियां कहां हैं?**



सालाना दो करोड़ नौकरियां कहां हैं और 30 लाख सरकारी पद खाली क्यों हैं? कॉरपोरेट का 16 लाख करोड़ रूपये माफ हो गया लेकिन हमारे किसान कर्ज से आत्महत्या क्यों कर रहे हैं? 'महंगाई आज चरम पर क्यों है?

-प्रियंका गांधी, कांग्रेस नेता

**ट्रेड शुरू करने की योजना नहीं**



भारत के साथ व्यापारिक संबंधों को फिर से शुरू करने की पाकिस्तान की कोई योजना नहीं है। अगस्त, 2019 के बाद से पाकिस्तान-भारत व्यापार संबंध न के बराबर हैं। अनुच्छेद 370 के हटने के बाद से पाक ने इंडो ट्रेड व्यापार निलंबितकर दिया था।

-मुमताज जहरा बलोच, पाक विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता


**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# यमन में हिंसा के बीच बन रही हवाई पट्टी



यमन के हूथी विद्रोहियों ने मध्यपूर्व जलमार्ग में जहाजों को निशाना बनाना जारी रखा है, ऐसे में एसोसिएटेड प्रेस (एपी) द्वारा लिए गए उपग्रह चित्रों के विश्लेषण से पता चलता है कि उस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग के प्रवेश क्षेत्र में एक नई हवाई पट्टी बनाई जा रही है। किसी देश ने भी सार्वजनिक रूप से ऐसा कोई दावा नहीं किया है कि अदन की खाड़ी के प्रवेश स्थल के पास हिंद महासागर क्षेत्र में अब्द अल-कुरी द्वीप पर कोई निर्माण कार्य हो रहा है। हालांकि, 'एपी' के उपग्रह चित्रों से पता चलता है कि मजदूरों ने रनवे के पास धूल के ढेर लगाकर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के संदर्भ में 'आई लव यूएई' की आकृति उकेरी है। गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ इजराइल के युद्ध के बीच अदन की खाड़ी और लाल सागर हूथियों और अमेरिकी नेतृत्व वाली सेनाओं के बीच युद्ध का मैदान बन गया है। यह निर्माण ऐसे समय में हुआ है जब सोकोट्रा द्वीप श्रृंखला में अमीरात के सैनिकों की उपस्थिति और दक्षिणी यमन में उसके समर्थन वाले अलगाववादियों की मौजूदगी के कारण झड़पें हुई हैं। यूएई ने 'एपी' के सवालों के जवाब में बृहस्पतिवार को कहा, 'सोकोट्रा द्वीप पर यूएई की कोई भी उपस्थिति मानवीय आधार पर है जो यमन सरकार और स्थानीय अधिकारियों के सहयोग से की जाती है।'

## ऑफ बीट

# कुछ चॉकलेट खाना क्या वास्तव में अच्छा है

ईस्टर संडे को दिसंबर के अंत में सुपरमार्केट में पहली बार आते देखना हालांकि मुझे हमेशा थोड़ा खुश कर देता है, लेकिन ऐसे कुछ लोग हैं जो हर साल थोड़ी सी चॉकलेट पाकर खुश नहीं होते हैं।



यह समझ में आता है कि अधिकांश उत्पादों में वसा और चीनी की मात्रा अधिक होने के कारण बहुत अधिक चॉकलेट आपके लिए हानिकारक होगी। लेकिन हमें उन सामान्य दावों के बारे में क्या कहना चाहिए कि कुछ चॉकलेट खाना वास्तव में आपके लिए अच्छा है? ख़ुशी की बात है कि ऐसे पर्याप्त सबूत हैं जो दिखाते हैं कि सही परिस्थितियों में चॉकलेट आपके दिल के लिए फायदेमंद और आपकी मानसिक स्थिति के लिए अच्छी हो सकती है। वास्तव में, चॉकलेट - या अधिक विशेष रूप से कहें तो कोको, कच्ची, अपरिष्कृत बीन - एक औषधीय आश्चर्य है। इसमें कई अलग-अलग सक्रिय यौगिक होते हैं जो शरीर के भीतर दवाओं या दवाओं जैसे औषधीय प्रभाव पैदा कर सकते हैं। मस्तिष्क में न्यूरोलॉजिकल प्रभाव पैदा करने वाले यौगिको को रक्त-मस्तिष्क बाधा को पार करने में सक्षम होना चाहिए। यह एक ऐसा सुरक्षा कवच है, जो विषाक्त पदार्थों और बैक्टीरिया जैसे हानिकारक पदार्थों को नाजुक तंत्रिका ऊतक में प्रवेश करने से रोकता है। इनमें से एक यौगिक थियोब्रोमाइन है, जो चाय में भी पाया जाता है और इसके कड़वे स्वाद में योगदान देता है।






# भारी मशक्कत के बाद बिहार में सीट शेयरिंग का फार्मूला हुआ तय आज पटना में महागठबंधन की सीटों का दिग्गज नेता करेंगे ऐलान

## बिहार में महागठबंधन की सीटों को लेकर कांग्रेस और आरजेडी के बीच बनी सहमति

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में महागठबंधन की सीटों को लेकर कांग्रेस और आरजेडी के बीच गुरुवार को दिल्ली में बैठक हुई। इस दौरान 9 सीटों पर बात बनने की संभावना जताई गई है। हालांकि अभी तक बिहार में महागठबंधन की ओर से सीट शेयरिंग और उम्मीदवार के नामों का ऐलान नहीं किया गया है। लेकिन आज शुक्रवार को दोपहर साढ़े 12 बजे सीट बंटवारे का ऐलान होगा।

ये ऐलान प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए आरजेडी (राष्ट्रीय जनता दल) के कार्यालय से की जाएगी। इस दौरान तेजस्वी समेत गठबंधन के कई नेता मौजूद रहेंगे। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में कौन पार्टियां किस सीट से लोकसभा चुनाव लड़ेगी, इसी का आधिकारिक ऐलान होना है। जानकारी के मुताबिक, माले को 4 सीट मिलने की संभावना हैं। इसमें आरा से सुदामा प्रसाद, काराकाट से राजाराम सिंह, नालंदा से संदीप सौरभ या महानंद सिंह और सीवान से अमरनाथ यादव को टिकट मिल सकता है। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद ने सीट शेयरिंग से पहले ही 12 सीटों पर अपना सिंबल बांट दिया है। जानकारी के मुताबिक, आज की मीटिंग में राजद ने कांग्रेस को 9 सीट ऑफर की है। जिसका ऐलान आज हो सकता है। सूत्रों के मुताबिक, आरजेडी पूर्णिया की सीट कांग्रेस को देने के लिए नहीं तैयार हुई। यदि कांग्रेस से अनुमति मिली तो पप्पू यादव अब फ्रेंडली फाइट के तहत कांग्रेस के टिकट पर या फिर निर्दलीय पूर्णिया से चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं।

■ दोपहर साढ़े 12 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस में होगा ऐलान

आरजेडी पूर्णिया की सीट कांग्रेस को देने के लिए तैयार नहीं हुई। यदि कांग्रेस से अनुमति मिली तो पप्पू यादव अब फ्रेंडली फाइट के तहत कांग्रेस के टिकट पर या फिर निर्दलीय पूर्णिया से चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। हालांकि खबर यह भी है कि पप्पू यादव को मनाया जा रहा है।

### भाजपा विरोधी दल बिहार को लेकर बरत रहे हैं ज्यादा सतर्कता

9 सीटों पर बात बनने की संभावना जताई

तेजस्वी समेत महागठबंधन के कई नेता रहेंगे मौजूद

लालू पहले ही 12 सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर चुके



**इन सीटों पर बनी सहमति:** भागलपुर, मुजफ्फरपुर, बेतिया, सासाराम, किशनगंज, कटिहार, पटना साहिब, समस्तीपुर, नौवीं सीट मधेपुरा हो सकती है।

### चिराग को बड़ा झटका! दिग्गज नेता ने छोड़ा साथ



अरुण कुमार

चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अरुण कुमार ने इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने खुद को पार्टी से अलग कर लिया है। सियासी गलियारों में चर्चा है कि जहानाबाद सीट (एलजेपीआर को) नहीं मिलने के बाद उन्होंने पार्टी से इस्तीफा दिया। उन्होंने कहा कि जहानाबाद से चुनाव लड़ने का फैसला समर्थकों से बातचीत के बाद लेंगे। उन्होंने इशारों ही इशारों में ये भी कह दिया कि उनके साथ धोखा हुआ है। अरुण कुमार ने कहा कि पूरे बिहार की जनता देख-समझ रही है कि हमारे साथ क्या हुआ है।

अरुण कुमार ने कहा कि उनके (चिराग पासवान) कहने पर हमने अपनी पार्टी का विलय तक कर लिया। आखिर हम लोग माला जपने वाले हिमालय के साधु नहीं हैं। हम तो जन सुविधाओं के लिए और जनता को ताकत के लिए 40 वर्षों से राजनीति कर रहे हैं, इसलिए मैंने अपने आपको उनसे अलग कर लिया है।

### वोट डालने से इनकार कर सकता है मतदाता



चुनाव अधिकारी उन मतदाताओं पर मतदान करने के लिए दबाव नहीं डाल सकते जो मतदान केंद्रों पर वोट देने से इनकार करते हैं। ऐसे समय में जब चुनाव आयोग पात्र मतदाताओं को उनके मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मतदान केंद्रों तक लाने में कोई कसर नहीं छोड़ने का वादा करता है, बहुत से मतदाताओं को मताधिकार से जुड़े नियमों के बारे में जानकारी नहीं है।

दरअसल, पीठासीन अधिकारी के समक्ष अपनी पहचान दर्ज कराने के बाद भी मतदाता को वोट देने से इनकार करने का अधिकार है। वह अधिकार नोटा के तहत मतदान करने के प्रावधान से अलग है। इस अधिकार का प्रयोग 'चुनाव संचालन नियम, 1961 के नियम 49-ओ' के तहत किया जा सकता है।

### भाजपा में शामिल हुए सांसद भर्तृहरि और पूर्व सांसद सिद्धांत महापात्र



भारतीय जनता पार्टी के दिल्ली कार्यालय में गुरुवार को ओडिशा के दो बड़े नेता एवं एक वरिष्ठ समाजसेविका भाजपा में शामिल हुए हैं। इसमें कटक लोकसभा सीट से छह बार के सांसद भर्तृहरि महताब, अभिनेता तथा बीजद से दो बार सांसद रहे पूर्व सांसद सिद्धांत महापात्र एवं बारीपदा की चर्चित चेहरा समाजसेविका पद्मश्री दमयंती मिश्रा भाजपा में शामिल हुए हैं। इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, भाजपा के उपाध्यक्ष बैजयंत पंडा, राज्य भाजपा के अध्यक्ष मनमोहन सामल मौजूद रहे। पद्मश्री दमयंती मिश्रा ने कहा कि भाजपा में शामिल कराने के लिए प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री तथा केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को धन्यवाद देती हूं। मैं जनता के साथ तो पहले से ही थी, आज से सबका कल्याण कैसे होगा, सबका साथ सबका विकास के नारा जो भाजपा ने दिया है, उसमें मैं सहयोग करूंगी।

### आजम की वजह से कटा टिकट रुचि वीरा के लिए प्रचार नहीं करूंगा: हसन

मुरादाबाद लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों के चयन को लेकर समाजवादी पार्टी को कुछ जगहों पर पार्टी नेताओं की तरफ से बगावत का सामना करना पड़ रहा है। मुरादाबाद से नामांकन दाखिल करने से नाराज सांसद एसटी हसन ने कहा है कि वह पार्टी प्रत्याशी रुचि वीरा के लिए प्रचार नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि जब पार्टी ने दूसरा उम्मीदवार उतारने का फैसला किया है और पार्टी अध्यक्ष ने मुझे पत्र भी भेजा है तो यह स्पष्ट था कि मुझे सिंबल नहीं मिलेगा। मैं पार्टी के उम्मीदवार के लिए मुरादाबाद में प्रचार नहीं करूंगा। एसटी हसन ने कहा कि वह पार्टी के अनुशासित सिपाही हैं। अखिलेश यादव के कहने पर वो अपना नामांकन वापस लेंगे। लेकिन पार्टी उम्मीदवार के लिए प्रचार नहीं करेंगे। अगर पार्टी मुरादाबाद के अलावा कहीं से प्रचार करने को कहेगी तो वहां जरुर जाउंगा लेकिन रुचि वीरा के लिए प्रचार नहीं करूंगा।



उन्होंने कहा कि यह उन लोगों के लिए बहुत निराशाजनक होगा जिन्होंने मेरा समर्थन किया और मेरे लिए प्रार्थना की। एसटी हसन ने कहा कि आजम खान की वजह से उनका टिकट कटा। रामपुर से आजम खान की बात नहीं मानी गई। आजम को मनाने के लिए मुरादाबाद से रुचि वीरा को उतारा गया। वहीं उत्तर प्रदेश की रामपुर और मुरादाबाद लोकसभा सीट को लेकर समाजवादी पार्टी में मचे घमासान के बीच आजम खान और अखिलेश यादव के बीच मैच टाई चल रहा है। जहां मुरादाबाद में आजम खान की वजह से एसटी हसन का टिकट कट वहीं, रामपुर में आजम के करीबी आसिम रजा का भी पर्चा निरस्त हो गया है। रामपुर सीट से अखिलेश यादव के द्वारा नामित मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी ही प्रत्याशी हैं।



### समर्थकों ने मिठाई बांटी

## भाजपा में शामिल हुईं नवनीत राणा

सांसद नवनीत राणा भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गई हैं। नवनीत महाराष्ट्र के अमरावती जिले से सांसद हैं। इस बीच अमरावती लोकसभा सीट से भाजपा ने नवनीत राणा को अपना उम्मीदवार बनाया है। ऐसे में नवनीत राणा की नाम की घोषणा के साथ ही अमरावती में जश्न का माहौल शुरू हो गया। नवनीत राणा के भाजपा में शामिल होने के साथ ही भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि नवनीत राणा की हिंदूवादी नेता और फायरब्रांड नेता के रूप में पहचान है।

## वरुण ने लिखी भावुक चिट्ठी बोले-पीलीभीत के लिए लड़ूंगा



भाजपा ने पिलीभीत से मौजूदा सांसद वरुण गांधी के बजाए जितिन प्रसाद को टिकट दिया है। अब वरुण गांधी ने पीलीभीत की जनता के नाम एक भावुक संदेश लिखा है। उन्होंने कहा है कि आपका प्रतिनिधि होना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है और मैंने हमेशा अपनी पूरी क्षमता से आपके हितों के लिए आवाज उठाई है। वरुण गांधी ने पीलीभीत को लिखे गए पत्र में कहा है कि एक सांसद के तौर पर मेरा कार्यकाल भले समाप्त हो रहा हो, पर पीलीभीत से मेरा रिश्ता अंतिम सांस तक खत्म नहीं हो सकता। सांसद के रूप में नहीं, तो बेटे के तौर पर सही, मैं आजीवन आपकी सेवा के लिए प्रतिबद्ध हूं और मेरे दरवाजे आपके लिये हमेशा पहले जैसे ही खुले रहेंगे। वरुण ने कहा कि मैं राजनीति में आम आदमी की आवाज उठाने आया था और आज आपसे यही आशीर्वाद मांगता हूं कि सदैव यह कार्य करता रहूं, भले ही उसकी कोई भी कीमत चुकानी पड़े। मेरा और पीलीभीत का रिश्ता प्रेम और विश्वास का है।

### खबर संक्षेप

#### दिव्यांगों को ध्यान में रख बनाएं इंफ्रास्ट्रक्चर: मुर्मू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को इंजीनियरिंग सेवा अधिकारियों के एक समूह से किफायती ऊर्जा खपत वाला और दिव्यांगों के अनुकूल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा विकसित करने को कहा। मुर्मू ने अभियंताओं से अपने दृष्टिकोण में नवीनता लाने को भी कहा ताकि वे उभरती चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपट सकें। राष्ट्रपति अभियंताओं को संबोधित कर रही थीं।



#### खाई में गिरी मेटाडोर, दो बच्चों सहित 10 घायल

**जम्मू।** जम्मू संभाग के जिला पुंछ के गांव मंगनाड में मेटाडोर खाई में गिरी। इस हादसे में 10 लोग घायल हो गए। घायलों को तुरंत राजा सुखदेव सिंह जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसा इतना भयंकर था कि मेटाडोर के परखच्चे उड़ गए। पुंछ के गांव मंगनाड में गुरुवार को एक मेटाडोर हादसे का शिकार होकर खाई में जा गिरी। इससे उसमें सवार करीब 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।



#### सीएम भगवंत मान के घर गूंजी किलकारी

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के घर बेटी ने जन्म लिया है। यह जानकारी खुद उन्होंने अपने इंटरनेट अकाउंट पर शेयर करते हुए कहा है कि जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। इससे पहले 75वें गणतंत्र दिवस के मौके पर पंजाब के सीएम भगवंत मान ने पूरे पंजाब खुशखबरी दी थी। सीएम मान ने बताया था कि मार्च में मेरे घर खुशियां आने वाली है।



### केजरीवाल को सीएम पद से हटाने की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने की सुनवाई

# हाईकोर्ट ने कहा-हमें राष्ट्रपति या एलजी को मार्गदर्शन देने की कतई जरूरत नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के कथित शराब घोटाले में गिरफ्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सीएम पद से हटाने की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को सुनवाई की। कोर्ट ने याचिका रद्द करते हुए स्पष्ट कहा कि हम राष्ट्रपति या एलजी को मार्गदर्शन नहीं दे सकते हैं।

एक्टिंग चीफ जस्टिस मनमोहन और जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की खंडपीठ ने कहा कि इस मुद्दे की जांच करना कार्यपालिका और राष्ट्रपति का काम है और कोर्ट इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकता। दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा कि क्या न्यायिक हस्तक्षेप की कोई गुंजाइश है? हमने आज के अखबारों में पढ़ा है कि एलजी इस मुद्दे की जांच कर रहे हैं। फिर यह राष्ट्रपति के पास जाएगा। यह एक अलग विंग के लिए है। वहीं दूसरी तरफ मुख्यमंत्री केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल का मोबाइल ईडी ने जब्त कर उसका डेटा अपनी कस्टडी में ले लिया है।

**खास बातें**

- ईडी ने कहा केजरीवाल जांच में सहयोग नहीं कर रहे
- घोटाले के कई आरोपियों के डिजिटल डेटा लेना बाकी




#### ईडी के सामने पेश नहीं हुईं महुआ

तृणमूल कांग्रेस की नेता महुआ मोइत्रा ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन को नजरअंदाज करते हुए ईडी के सामने पूछताछ के लिए पेश नहीं हुईं। उन्होंने कहा कि कृष्णानगर निर्वाचन क्षेत्र में प्रचार में व्यवस्त होने के कारण पूछताछ के लिए उपस्थित होना संभव नहीं होगा।बता दें कि ईडी ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के उल्लंघन मामले में पूछताछ के लिए मोइत्रा और दुबई स्थित व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी को नया समन जारी किया था।

#### सीएम पद से हटाने के लिए कानून नहीं

पीठ ने कहा कि आप हमें कुछ ऐसे कारण बताएं जो उन्हें सीएम बनने से रोकता है। यदि कोई संवैधानिक विफलता है तो राष्ट्रपति या राज्यपाल उस पर कार्रवाई करेंगे। इसमें कुछ समय लग सकता है, लेकिन मुझे यकीन है कि वे इस पर निर्णय लेंगे। आज की स्थिति कुछ ऐसी है जिसकी कल्पना नहीं की गई थी। आज कोई कानूनी रोक नहीं है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि वह राजनीति में नहीं आएगी और अंततः जनता ही इन मुद्दों पर फैसला करेगी। कोर्ट ने साफ कहा कि हमें इस राजनीति में नहीं पड़ना चाहिए। राजनीतिक दल इसको देखें। वे जनता के सामने जाएंगे।

#### केजरीवाल की पत्नी सुनीता के फोन का डेटा जब्त किया

ईडी की ओर से कोर्ट के सामने रखे गए तथ्यों में यह भी सामने आया कि जांच एजेंसी ने उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल का फोन भी जब्त किया है।



ईडी ने केजरीवाल की रिमांड बढ़ाने की मांगते करते हुए कहा कि अभी कुछ और आरोपियों से उनका आमना-सामना करना है। जांच एजेंसी ने यह भी आरोप लगाया कि केजरीवाल जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। कहा गया कि वह अपने फोन का पासवर्ड नहीं बता रहे हैं। ईडी ने कहा, 'एक मोबाइल (गिरफ्तार किए गए शख्स की पत्नी) फोन का डेटा निकाल लिया गया है और इसका विश्लेषण किया जा रहा है। हालांकि, 4 अन्य डिजिटल डिवाइसेज (जो गिरफ्तार किए गए व्यक्ति से जुड़े हैं)। का डेटा निकाला जाना बाकी है।

### स्कूटी पर अभद्रता व स्टंट करना पड़ा भारी

## पहले 33 हजार रु. का चालान कटा, फिर 47500 का जुर्माना

एजेंसी ▶▶ नोएडा

नोएडा ट्रैफिक पुलिस ने तीन लोगों पर 47,500 रुपए का जुर्माना लगाया है। दरअसल, इनका स्कूटी चलाने का एक वीडियो होली के दिन वायरल हुआ था। पुलिस द्वारा बुधवार को यह जानकारी दी गई। इतना ही नहीं लोकल पुलिस ने तीनों के खिलाफ एक एफआईआर भी दर्ज की है। बता दें कि ट्रैफिक पुलिस ने पहले स्कूटर चालक पर 33,000 रुपए का फाइन लगाया था। यह फाइन उनके पहले वीडियो के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद लगाया गया था। इंटरनेट यूजर्स ने इस वीडियो को सार्वजनिक स्थानों पर अश्लीलता करने वाला बताया था। यह वीडियो 25 मार्च को सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ था। इसके बाद ट्रैफिक पुलिस ने एक अन्य वीडियो का संज्ञान लिया, जिसमें एक लड़की और एक लड़के को शहर की सड़क पर बिना हेलमेट के स्कूटर चलाते देखा गया था।



#### अश्लील हरकतें करते दिखे

इस बीच, एक स्थानीय उप-निरीक्षक की शिकायत के आधार पर तीन अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ नोएडा के सेक्टर 113 पुलिस स्टेशन में मंगलवार को एक एफआईआर भी दर्ज की गई। एफआईआर में तीनों के खिलाफ आरोप में कहा गया है, लड़का लापरवाही से स्कूटर चला रहा था, जबकि लड़कियां अश्लील हरकतें कर उसका वीडियो बना रही थीं, जिसे बाद में सोशल मीडिया पर शेयर किया गया।

### 2 की मौत, 14 लोग गंभीर रूप से घायल

## बेलगाम ट्रक 15 से ज्यादा लोगों को रौंदता चला गया

एजेंसी ▶▶ शामली

शामली में थानाभवन कस्बे के शामली बस स्टैंड पर बृहस्पतिवार दोपहर को अनियंत्रित हुए ट्रक से कुचलकर दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो महिला समेत 14 लोग गंभीर घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है, जहां से उन्हें हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। हादसे के दौरान मौके पर अफरा-तफरी व चीख पुकार मच गई। वहीं, मौके पर लोगों की भीड़ जमा होने से जाम लगा रहा। दुर्घटना के बाद चालक ट्रक को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है।बताया गया कि करीब दो बजे दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर कस्बे में शामली बस स्टैंड के निकट शामली की तरफ से आ रहा ट्रक अचानक अनियंत्रित हो गया। ट्रक सड़क किनारे खड़ी कार से टकरा गया। इसके बाद ट्रक वहां खड़ी फलों व जूस की ठेली, ई-रिक्शा, थ्री व्हीलर आदि को रौंदता हुआ नाले की पटरी से टकराकर रुका। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और लोगों में चीख पुकार मच गई।



### रेल मंत्री ने देश की पहली बुलेट ट्रेन को लेकर शेयर की जानकारी

## मेक इन इंडिया वाला अद्भुत ट्रैक सिस्टम इंजीनियरिंग की मिसाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड कॉरिडोर पर बुलेट ट्रेन के लिए देश में पहली बार एक विशिष्ट ट्रैक सिस्टम प्रयोग में लाया जा रहा है।

पूरे देश में मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट को लेकर काफी दिलचस्पी है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट को लेकर बड़ा अपडेट दिया है। मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड कॉरिडोर पर बुलेट ट्रेन के लिए देश में पहली बार एक विशिष्ट ट्रैक सिस्टम यानी जे स्लेब ब्लास्टलैस ट्रैक सिस्टम प्रयोग में लाया जा रहा है।

रेल मंत्री ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया। बुलेट ट्रेन के लिए बन रहे देश के पहला बलास्टलैस (गिट्टी रहित) ट्रैक पर 320 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से ट्रेन दौड़ सकेगी। 153 किलोमीटर वायाडक्ट और 295.5 किमी के साथ इस ट्रैक के बनने में महत्वपूर्ण प्रोग्रेस हुई है। अश्विनी वैष्णव ने एक वीडियो भी पोस्ट किया है। इस वीडियो में जानकारी दी गई है कि प्री-कास्ट आरसी ट्रैक स्लैब का निर्माण देश में ही दो जगहों पर किया जा रहा है।

◆ मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट पर तेजी से काम हो रहा है

#### वीडियो में दिखाया स्पेशल ट्रैक सिस्टम का इस्तेमाल



अश्विनी वैष्णव

**पहले भी दी थी जानकारी**

इससे पहले मंगलवार यानी 26 मार्च को वैष्णव ने जानकारी दी थी कि भारतीय रेलवे की योजना ज्यादा से ज्या सुरक्षा उपायों को बनाए रखने के लिए एनीमोमीटर इंस्टॉल करने की योजना बना रही है। एक्स पर एक पोस्ट में कहा था, प्रोजेक्ट के लिए उच्चतम सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करते हुए, गुजरात और महाराष्ट्र में 14 स्थानों पर एनीमोमीटर्स इंस्टॉल किए जाएंगे।'

#### क्या है जे-स्लैब ब्लास्टलेस ट्रैक सिस्टम

जे-स्लैब ब्लास्टलैस ट्रैक सिस्टम के मुख्यतः चार भाग हैं। वायाडक्ट के ऊपर आरसी ट्रैक बेड,सीमेंट एसफाल्ट मोर्टर, प्रीकॉस्ट ट्रैक स्लैब और रेल फास्टनर्स सहित,जे-स्लैब बलास्टलेस ट्रैक सिस्टम में एक प्री-कास्ट ट्रैक स्लैब होता है जिस पर फास्टनिंग डिवाइसेज और रेल इंस्टॉल की जाती है। यह स्लैब आरसी ट्रैक बेड पर होती है। इस स्लैप की मोटाई करीब 300 एमएम रहती है और इसे वायाडक्ट टॉप पर इंडिविजुअल अप और डाउन ट्रैक लाइन पर बनाया जाता है।

## वैश्विक बाजार के सकारात्मक रुख से रही चौतरफा खरीदी

# वित्त वर्ष के अंतिम कारोबारी दिन सेंसेक्स 655 अंक चढ़ा, निफ्टी भी मजबूत

### घरेलू व विदेशी निवेशक रहे खरीदार

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'घरेलू शेयर बाजार चालू वित्त वर्ष के अंतिम कारोबारी दिवस में बढ़त और उम्मीद के साथ बंद हुआ। हालांकि, कारोबार समाप्ति से पहले कुछ उतार-चढ़ाव देखने को मिला, लेकिन खुदरा, घरेलू संस्थागत और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की चौतरफा लिवाली से बाजार में बढ़त कायम रही।'

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को चालू वित्त वर्ष (2023-24) के अंतिम कारोबारी दिन जोरदार तेजी आई और बीएसई सेंसेक्स 655 अंक चढ़ गया। वैश्विक बाजारों के सकारात्मक रुख के बीच चौतरफा लिवाली से बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी रही।


कारोबारियों के अनुसार, रुपये की विनिमय दर में गिरावट से धारणा प्रभावित होने के बावजूद बिजली, वाहन और धातु शेयरों में मांग मजबूत रही। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 655.04 अंक की बढ़त के साथ 73,651.35 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,194 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी भी 203.25 अंक चढ़कर 22,326.90 अंक पर बंद हुआ।

### साप्ताहिक आधार पर निफ्टी में 230 अंक की रही बढ़त

साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स 819.41 अंक यानी 1.12 प्रतिशत मजबूत हुआ, जबकि एनएसई निफ्टी 230.15 अंक यानी 1.04 प्रतिशत के लाभ में रहा। वित्त वर्ष 2023-24 में बीएसई सेंसेक्स 14,659.83 अंक यानी 24.85 प्रतिशत मजबूत हुआ। वहीं निफ्टी 4,967.15 अंक यानी 28.61 प्रतिशत चढ़ा।

### मिड कैप को लेकर चिंता कायम

नायर ने कहा, 'घरेलू अर्थव्यवस्था के अनुमान को बढ़ाये जाने से 2024-25 में घरेलू शेयर बाजार के लिए एक उत्साहजनक परिदृश्य है। हालांकि, मझोले आकार की कंपनियों के शेयरों के अधिक मूल्यांकन के कारण बड़ी कंपनियों के शेयरों पर जोर से अल्पकाल से लेकर मध्यम अवधि में बाजार को लेकर चिंता बनी हुई है।'



### इन शेयरों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स के शेयरों में बजाज फिनसर्व सबसे ज्यादा करीब चार प्रतिशत चढ़ा। बजाज फाइनेंस में भी अच्छी तेजी रही। इसके अलावा नेस्ले, भारतीय स्टेट बैंक, पावर ग्रिड, टाटा स्टील, लार्सन एंड टुब्रो तथा महिंद्रा एंड महिंद्रा भी प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज शामिल हैं।

### आज बाजार रहेगा बंद

एशिया के अन्य बाजारों में चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त में जबकि जापान का निक्की और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी नुकसान में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में ज्यादातर में तेजी का रुख है। अमेरिकी बाजार वॉल स्ट्रीट बुधवार को बढ़त में रहा था। शेयर बाजार शुक्रवार को 'गुड फ्राइडे' के मौके पर बंद रहेगा।

- बिजली, वाहन और धातु शेयरों में मांग मजबूत रही
- कारोबार के दौरान एक समय बाजार 1194 अंक चढ़ गया था
- साप्ताहिक आधार पर बीएसई और निफ्टी लाभ में रहे

### वित्त वर्ष में निवेशकों की संपत्ति 128.77 लाख करोड़ बढ़ी

घरेलू शेयर बाजार में तेजी के साथ निवेशकों की संपत्ति चालू वित्त वर्ष 2023-24 में 128.77 लाख करोड़ रुपये बढ़ी है। अर्थव्यवस्था की मजबूत बुनियाद, पूंजी प्रवाह बढ़ने तथा कंपनियों के बेहतर वित्तीय परिणाम से बाजार को समर्थन मिला। घरेलू शेयर बाजार का प्रदर्शन 2022-23 में हल्का रहा था। वहीं 2023-24 में इसमें उल्लेखनीय सुधार आया है।

### सेंसेक्स 25 प्रतिशत हुआ मजबूत

वित्त वर्ष 2023-24 में बीएसई सेंसेक्स 14,659.83 अंक यानी 24.85 प्रतिशत मजबूत हुआ। वहीं निफ्टी 4,967.15 अंक यानी 28.61 प्रतिशत चढ़ा। सात मार्च को मानक सूचकांक...सेंसेक्स रिकॉर्ड 74,245.17 के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। इसके साथ, बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2023-24 में 1,28,77,203.77 करोड़ रुपये बढ़कर 3,86,97,099.77 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

*बाजार ने दिखाई मजबूती : स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के प्रबंध निदेशक सुनील न्याति ने कहा, मुद्रास्फीति संबंधी चिंताओं, बढ़ती ब्याज दर और आसन्न वैश्विक मंदी की आशंकाओं के बीच देश के शेयर बाजार ने पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में उल्लेखनीय मजबूती दिखायी। यहां तक कि वैश्विक स्तर पर जारी राजनीतिक तनाव के कारण भी उत्पन्न झटके कुछ समय के लिए थे।*

*बाजार पूंजीकरण 394 लाख करोड़ तक पहुंची : इस साल दो मार्च को बीएसई-सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 394 लाख करोड़ रुपये के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स बृहस्पतिवार को चालू वित्त वर्ष के अंतिम कारोबारी दिन 655.04 अंक यानी 0.90 प्रतिशत की बढ़त के साथ 73,651.35 अंक पर बंद हुआ।*

## अदाणी, अंबानी में पहली बार गठजोड़



**नई दिल्ली।** उद्योगपति मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अपने प्रतिद्वंद्वी कारोबारी गौतम अडाणी की कंपनी अदाणी पावर की मध्य प्रदेश में एक बिजली परियोजना में 26 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी है। यह पहला मौका है जबकि दो प्रतिद्वंद्वी अरबपति उद्योगपतियों के बीच किसी तरह का गठजोड़ हुआ है। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने संयंत्र की 500 मेगावाट बिजली का खुद इस्तेमाल (कैप्टिव यूज) करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। दोनों कंपनियों ने शेयर बाजार को अलग-अलग दी सूचना में कहा कि रिलायंस, अडाणी पावर लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी महान एनर्जेन लिमिटेड में 10 रुपये अंकित मूल्य (50 करोड़ रुपये) के पांच करोड़ इक्विटी शेयर खरीदेगी।


## होली उपरान्त विशेष रेलगाड़ियाँ–2024

उत्तर रेलवे द्वारा होली के उपरान्त रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

**04074 आनन्द विहार (टर्मि.)-गया जं. अनारक्षित सुपरफास्ट विशेष एक्सप्रेस**

| रेलगाड़ी सं. 04074 | | ↓ स्टेशन |
|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | |
| --- | 19:20 | आनन्द विहार (टर्मि.) |
| 12:00 | --- | गया |

**चलने के दिन : 04074 आनन्द विहार से** दिनांक 29.03.2024 को
**स्थान :** सामान्य
**ठहराव :** कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम और डेहरी ऑनसोन स्टेशन

**04078 नई दिल्ली-दरभंगा अनारक्षित विशेष एक्सप्रेस**

| रेलगाड़ी सं. 04078 | | ↓ स्टेशन |
|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | |
| --- | 19:20 | नई दिल्ली |
| 18:00 | --- | दरभंगा |

**चलने के दिन : 04078 नई दिल्ली से** दिनांक 29.03.2024 को
**स्थान :** सामान्य। **ठहराव :** मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, बाराबंकी, गोरखपुर जं., नरकटियागंज, रक्सौल और सीतामढ़ी स्टेशन

**03483/03484 भागलपुर-नई दिल्ली-भागलपुर एक्सप्रेस विशेष**

| रेलगाड़ी सं. 03483 | | ↓ ↑ | रेलगाड़ी सं. 03484 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 11:00 | भागलपुर | 04:10 | --- |
| 07:10 | --- | नई दिल्ली | --- | 10:30 |

**चलने के दिन : 03483 भागलपुर से** दिनांक 30.03.2024 को और **03484 नई दिल्ली से** दिनांक 31.03.2024 को। **स्थान :** शयनयान।
**ठहराव :** सुलतानगंज, बरियारपुर, जमालपुर जं., धरहरा, अभयपुर, कजरा, किऊल जं., लक्खीसराय जं., बड़हिया, हाथीदा जं., मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर, खुसरूपुर, फतुहा, पटना साहेब, पटना जं., आरा, बक्सर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज और कानपुर सेंट्रल स्टेशन।

**रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें**

**उत्तर रेलवे**
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
पर हमें फॉलो करें
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
944/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**भारतीय रेल**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
भारत सरकार
रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड)
**शुद्धिपत्र – 1**

विषय : इलेक्ट्रो–मैकेनिकल गेट सिस्टम फॉर बलास्ट होप्पेर्स "की आपूर्ति के लिए दिनांक 07.05.2024 को खोली जाने वाली निविदा संख्या टी एम – 2306

उपरोक्त निविदा के खुलने के समय 04.04.2024 को स्थगित कर 07.05.2024 कर दिया गया है।

निविदा के सभी नियम व शर्तें अपरिवर्तनीय रहेंगी।

(विजय सिंह)
कार्यपालक निदेशक, रेलपथ (एम. एंड एम.सी.)
रेलवे बोर्ड दूरभाष न. 011–47845531
ईमेल:vijay.singh.2017@gov.in
933/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


*जियो फाइनेंशियल की अनुषंगी ने किया निवेशः नई दिल्ली। जियो फाइनेंशियल सर्विसेज की अनुषंगी कंपनी जियो लीजिंग सर्विसेज और उसके नामांकित व्यक्तियों ने नवगठित रिलायंस इंटरनेशनल लीजिंग आईएफएससी लिमिटेड (आरआईएलआईएल) में 2.50 करोड़ रुपये का शुरुआती निवेश किया है।*


**हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन**

**ज्योतिष**

इंडिया के नं 1 तांत्रिक
गुरु भवानी जी
खुला चैलेंज 2 घंटो में घर बैठे
फोन पर गारंटिड लाभ



7 इल्मों के माहिर
आपके विश्वास का एक ही नाम
21 सालों से एक ही स्थान पर
स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया पति-पत्नी अनबन, सौतन-दुश्मन छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
9988289203

**ज्योतिष**

समस्या बताएं तुरंत समाधान पाये
नौकरी, व्यापार, मनचाहा प्यार, शादी, ग्रहकलेश, पति पत्नी में अनबन, सौतन–दुश्मनो से छुटकारा, मुकदना रूठो को मनाना, तलाक में बाधा, बनते–बनते काम बिगड़ जाना, लव मैरिज आदि
**दीपक शास्त्री**
E-13, आर्य समाज रोड, उत्तम नगर, नई दिल्ली–59
8586896357

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


### उत्तर रेलवे ने स्क्रैप बिक्री में नया रिकॉर्ड बनाया

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2023-2024 में स्क्रैप की बिक्री से 603.79 करोड़ रुपए अर्जित किए यह भारतीय रेल की सभी क्षेत्रीय रेलों/पीएसयू में सर्वाधिक है। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक, श्री शोभन चौधुरी ने बताया कि उत्तर रेलवे ने स्क्रैप बिक्री में एक नया रिकॉर्ड बनाया है। उत्तर रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 603.79 करोड़ रुपए अर्जित किये जो कि उत्तर रेलवे के सालाना बिक्री लक्ष्य 500 करोड़ से अधिक है। इस प्रकार उत्तर रेलवे स्क्रैप का निपटान कर भारतीय रेल की सभी क्षेत्रीय रेलों और उत्पादन इकाइयों में पहले स्थान पर रहा है। उत्तर रेलवे ने इस वित्त वर्ष 100 करोड़, 200 करोड़, 300 करोड़ और 400 करोड़ स्क्रैप बिक्री का लक्ष्य पहले ही हासिल कर लिया था। स्क्रैप का निपटान एक महत्वपूर्ण कार्य है। स्क्रैप से राजस्व अर्जित किये जाने के साथ-साथ, यह परिसरों को साफ-सुथरा बनाए रखने में भी मदद करता है।

## चेन्नई रिफाइनरी के विस्तार की लागत 3600 करोड़ बढ़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह चेन्नई में 90 लाख टन क्षमता की रिफाइनरी बनाने वाले संयुक्त उद्यम में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर 75 प्रतिशत करेगी। परियोजना की लागत 12 प्रतिशत से अधिक बढ़ने के बाद कंपनी ने यह बात कही है। मूल रूप से, आईओसी और उसकी अनुषंगी कंपनी चेन्नई पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (सीपीसीएल) को संयुक्त उद्यम में 25-25 प्रतिशत हिस्सेदारी रखनी थी। संयुक्त उद्यम को सीपीसीएल की मौजूदा रिफाइनरी के निकट एक नई इकाई का निर्माण करना था। शेष 50 प्रतिशत इक्विटी वित्तीय निवेशकों से आनी थी।



आईओसी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसके निदेशक मंडल ने बृहस्पतिवार को बैठक में परियोजना की लागत को 29,361 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 33,023 करोड़ रुपये करने की मंजूरी दे दी। लागत 3,662 करोड़ रुपये यानी 12.5 प्रतिशत बढ़ गयी है। सूचना में कहा गया है।

### सोना 350 रुपये मजबूत चांदी में 200 रुपये का लाभ



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूती के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने का भाव 350 रुपये की तेजी के साथ 67,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। सोने की कीमतों में लगातार दूसरे दिन तेजी जारी रही। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 67,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 200 रुपये की तेजी के साथ 77,450 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में यह 77,250 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

## आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर फरवरी में धीमी पड़कर 6.7 प्रतिशत पर

**नई दिल्ली (भाषा)।** उर्वरक जैसे क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन की वजह से आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर फरवरी में सालाना आधार पर कुछ सुस्त पड़कर 6.7 प्रतिशत रही। हालांकि, बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर इस साल जनवरी के मुकाबले अधिक है। बृहस्पतिवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, आठ प्रमुख क्षेत्रों... कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली... की वृद्धि दर जनवरी में 4.1 प्रतिशत थी। बीते वर्ष फरवरी में यह 7.4 प्रतिशत थी।कुल मिलाकर इन क्षेत्रों की उत्पादन वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-फरवरी में घटकर 7.7 प्रतिशत रही, जो बीते वित्त वर्ष 2022-23 में अप्रैल-फरवरी में 8.2 प्रतिशत थी। उर्वरक उत्पादन में वृद्धि में गिरावट आई है। देश के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में आठ प्रमुख क्षेत्रों का योगदान 40.27 प्रतिशत है।

## अदाणी समूह ने अंबुजा सीमेंट्स में 6661 करोड़ किया निवेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अदाणी समूह ने बृहस्पतिवार को अंबुजा सीमेंट्स में 6,661 करोड़ रुपए के निवेश की घोषणा की।

इससे देश की दूसरी सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी में उसकी हिस्सेदारी 3.6 प्रतिशत बढ़कर 66.7 प्रतिशत हो गई है। अंबुजा सीमेंट्स के निदेशक मंडल ने 21.20 करोड़ वारंट को 314.15 रुपए प्रति शेयर की दर से प्रवर्तक इकाई हरमोनिया ट्रेड एंड इन्वेस्टमेंट के शेयरों में बदलने की मंजूरी दे दी है।

निवेश अदाणी समूह के सीमेंट व्यवसाय के लिए महत्वपूर्ण होगा, जिसकी 2028 तक अपनी क्षमता 14 करोड़ टन प्रति वर्ष तक बढ़ाने की योजना है।

### कंपनी ने आवंटित किए परिवर्तनीय वारंट

कंपनी ने बयान में कहा, 'इससे अदाणी परिवार की कंपनी में हिस्सेदारी 3.6 प्रतिशत बढ़कर कुल 66.7 प्रतिशत हो गई है।' अंबुजा सीमेंट्स ने 18 अक्टूबर 2022 को कंपनी के प्रवर्तक समूह के सदस्य हरमोनिया को 104.72 रुपये प्रति वारंट की प्रारंभिक सदस्यता राशि पर 47.74 करोड़ परिवर्तनीय वारंट आवंटित किए, जो 418.87 रुपये के निर्गम मूल्य का 25 प्रतिशत है।




**समूह की कच्छ कॉपर इकाई में उत्पादन शुरू :** उद्योगपति गौतम अदाणी नीत समूह ने गुजरात के मुंद्रा में दुनिया के सबसे बड़े एकल-स्थान तांबा विनिर्माण संयंत्र का पहला चरण शुरू करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। ग्रीनफील्ड कॉपर रिफाइनरी के पहले चरण का (लागत 1.2 अरब डॉलर में) परिचालन शुरू किया गया।'

**प्रति वर्ष पांच लाख टन तांब का उत्पादन होगा :** सुविधा के पहले चरण का संचालन शुरू हो गया है। इसमें प्रति वर्ष पांच लाख टन परिष्कृत तांबे का उत्पादन होगा। 2029 (मार्च 2029) तक इसके पूरी तरह चालू होने पर 10 लाख टन तांबे का उत्पादन करने की उम्मीद है। भारत, चीन और अन्य देशों की सूची में शामिल हो गया है जो तेजी से तांबे का उत्पादन बढ़ा रहे हैं।

### परिचालन में सुधार आएगा :

*अधिकारी ने कहा, हमारे हितधारकों के लिए दीर्घकालिक टिकाऊ मूल्य सृजन प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को भी मजबूत करता है। यह हमें अपने विकास में तेजी लाने तथा परिचालन में सुधार जारी रखने आदि के वास्ते नए मानक स्थापित करने के लिए प्रेरित करेगा।'*

### तेजी से विकास करने में मदद मिलेगी

*अंबुजा सीमेंट्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अजय कपूर ने कहा कि यह निवेश 'तेजी से विकास, पूंजी प्रबंधन पहल आदि' हासिल करने में मदद करेगा। उन्होंने कहा, यह न केवल हमारे दृष्टिकोण तथा व्यवसाय मॉडल में दृढ़ विश्वास का प्रमाण है।*


## कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।

मु.नं. 74 दिनांक 13.03.24 धारा 365 भा.द.स. थाना मुरथल जिला सोनीपत।

**गुमशुदा की पहचान**



**नाम-** सुनील
**पिता का नाम-** महाबीर।
**पता-** आर. के. कालोनी मुरथल जिला सोनीपत।
**उम्र-** 16 वर्ष।
**कद-** 5 फुट 2 ईंच।
**हुलिया:-** रंग सावंला, लम्बूतरा चेहरा, पतला शरीर, माथे पर चोट का निशान, कद 5 फुट 2 इंच, उम्र 16 वर्ष, दिमाग का सन्तुलन ठीक नहीं है।
**पहनावा -** गले मे काले रंग का जैकेट, कमर में काले रंग की पैन्ट व पैरों में काले रंग की चप्पल पहने हुए है।

दिनांक 02.03.24 को सुनील पुत्र महाबीर वासी आर. के. कालोनी मुरथल सोनीपत बिना किसी को कुछ बताए अपने घर से कहीं पर चला गया है। जो अब तक घर वापिस नहीं आया है। जिसका दिमागी तौर पर सतुलन ठीक नहीं है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें।

प्रबन्धक थाना कुण्डली मो.नं.- 7419410540,
अनुसंधानकर्ता मो.नं.- 7015743031
पुलिस कन्ट्रोल रूम सोनीपत- 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच-1084/11/2255/2024/26048/88/7 दि. 28.03.24


## राशिफल

**मेष:** आशा–निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। परिवार का साथ मिलेगा। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष:** मन परेशान रहेगा। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि भी हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**मिथुन:** मन अशान्त हो सकता है। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कुटुम्ब परिवार में मान–सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क:** मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। तरक्की के अवसर भी मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह:** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में किसी दूसरे स्थान पर जाना हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या:** मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। मानसिक शान्ति बनाये रखने के लिए प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला:** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। घर–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्चों में वृद्धि होगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक:** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। नौकरी में पदोन्नति के साथ परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में बदलाव भी हो सकता है।

**धनु:** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान भी हो सकता है। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**मकर:** जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं।

**कुंभ:** मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी।

**मीन:** मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में मान–सम्मान की प्राप्ति होगी। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

### शब्द पहेली - 5465

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | | 4 | ■ | 5 | | 6 | 7 |
| 8 | | ■ | | ■ | 9 | | | ■ | 10 | |
| | ■ | 11 | | | | ■ | 12 | 13 | ■ | |
| 14 | | | | ■ | ■ | 15 | ■ | 16 | 17 | |
| | ■ | | ■ | 18 | | | 19 | ■ | | ■ |
| 20 | 21 | | 22 | | ■ | 23 | | 24 | | 25 |
| ■ | | ■ | 26 | | | | ■ | | ■ | |
| 27 | | 28 | ■ | | ■ | ■ | 29 | | | |
| | ■ | 30 | 31 | ■ | 32 | | | | ■ | |
| 33 | 34 | ■ | 35 | | | ■ | | ■ | 36 | |
| 37 | | | | ■ | 38 | | | | | |

**बाएँ से दाएँ**
1.हलचल,कोलाहल–3,3
5.मानवीयता–4
8.शरीर, बदन–2
9.ऊंचाई–3
10.तीर, बाण–2
11.मनमोहक–4
12.रग, नाड़ी–2
14.दुत्कारना–4
16.चतुर, फुर्तीला–3
18.साझेदार–4
20.रमण लायक–3,2
23.भारी, वजन वाला–5
26.असावधानी–4
27.दाल पीसना–3
29.निश्चित–4
30.कविता–2
32.शरीर व इच्छा–2,2
33.भारत के झंडे का एक एक रंग–2
35.सलाम करना–3
36.रास्ता–2
37.राह पर चलनेवाले–4
38.जहाज चलाने की प्रक्रिया–3,3

**ऊपर से नीचे**
1.पैतृक संपत्ति का वारिस–6
2.गाय के स्तन–2
3.प्रसन्न होने का भाव–4
4.लगन, जिज्ञासा–3
5.खदान,खान (अंग्रेजी में–3)
6.अधीन, काबू–2
7.डामर, टार–4
11.पूर्वरक्षण, रिजर्वेशन–4
13.सच्चाई–2
15.दुश्मनी,शत्रुता–4
17.घूंघट, बुरखा–3
18.भाग्य का लेखा-जोखा–4
19.धूल, रेत–2
21.भवन, प्रसाद–3
22.जोड़, कुल–2
24.लावण्ययुक्त–4
25.जीवन निर्वाह का ढंग,–3,3
27.विजयादशमी–4
28.मोड़, छोर–2
29.मृत्यु का देवता, यम–4
31.बुरी आदत–3
32.सभ्य व्यवहार–3
34.मार्ग–2
36.गोंद, वार्निश–2

### शब्द पहेली- 5464 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | ल | च | ल | ■ | टा | ■ | द | वा | खा | ना |
| ■ | क्ष्य | ■ | व | ■ | ल | क | वा | ■ | र | ज |
| ज | ■ | ■ | कु | सु | म | ■ | त | ■ | ■ | नी |
| ब | द | मा | श | ■ | टो | ना | ■ | सौ | त | न |
| र | ■ | हि | ■ | फा | ल | ■ | प्रा | ■ | न | ■ |
| न | ग | र | वा | सी | ■ | ग | ण | ना | य | क |
| ■ | र | ■ | द | ■ | मा | ली | ■ | पा | ■ | ल |
| अ | ल | ग | ■ | म | न | ■ | चौ | की | दा | र |
| प | ■ | ■ | चि | ■ | सि | स | की | ■ | ■ | व |
| रा | ज | ■ | क | न | क | ■ | दा | ■ | मे | ■ |
| ध | ड़ | क | न | ■ | ता | ■ | री | मा | ला | गू |

### सूडोकु नवताल- 5476

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5475 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

**आईपीएल**

**सीजन में लगातार 9वां मैच जीती राजस्थान**

**रियान पराग की फिफ्टी, दिल्ली को 12 रन से दी मात**

# रियान की आक्रामक पारी से रॉयल्स ने दिल्ली को हराया

भाषा ▶▶| जयपुर



रियान पराग की नाबाद 84 रन की ताबड़तोड़ पारी के दम पर राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में गुरुवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को 12 रन से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। असम के 22 साल के रियान ने 45 गेंद की पारी में सात चौके और तीन छक्के लगा कर आईपीएल में अपना सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया। उनकी ताबड़तोड़ पारी से टीम ने आखिरी सात ओवर में 92 रन जोड़े। राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 185 रन बनाने के बाद दिल्ली की पारी को पांच विकेट पर 173 रन पर रोक दिया। मौजूदा आईपीएल सत्र में यह नौ मैचों में घरेलू टीम की नौवीं जीत है। राजस्थान के लिए यह दो मैचों में दूसरी जीत है जबकि दिल्ली की यह लगातार दूसरी हार है। दिल्ली के लिए ट्रिस्टन स्टब्स ने 23 गेंद में दो चौके और तीन छक्के की मदद से नाबाद 44 रन बनाये जबकि डेविड वॉर्नर ने 34 गेंद में पांच चौके और तीन छक्के की मदद से 49 रन बनाये। वार्नर ने अपना 100वां आईपीएल मैच खेल रहे कप्तान ऋषभ पंत के साथ तीसरे विकेट के लिए 46 गेंद में 67 रन की साझेदारी की जबकि स्टब्स ने अक्षर के साथ 27 गेंद में 51 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को मैच में बनाये रखा था। राजस्थान के लिए नांद्रे बर्गर ने और युजवेंद्र चहल ने दो-दो विकेट लिये लेकिन आवेश खान ने आखिरी ओवर में 17 रन का बचाव करते हुए स्टब्स और अक्षर (नाबाद 15) के सामने सिर्फ चार रन खर्च किये। राजस्थान की टीम आठ ओवर के बाद 38 रन पर तीन विकेट गंवाकर संघर्ष कर रही थी लेकिन मैन ऑफ द मैच रियान ने रविचंद्रन अश्विन (19 गेंद में 29 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए 37 गेंद में 54 और पांचवें विकेट के लिए ध्रुव जुरेल (12 गेंद में 20 रन) के साथ 23 गेंद में 52 रन की आक्रामक साझेदारी कर मैच में टीम की वापसी करायी। उन्होंने शिमरोन हेटमायर (सात गेंद में नाबाद 14 रन) के साथ 16 गेंद में 43 रन की अटूट साझेदारी के दौरान आखिरी ओवर में एनरिच नोर्किया के खिलाफ तीन चौके और दो छक्के लगाकर 25 रन बटोरे। दिल्ली कैपिटल्स के पांचों गेंदबाजों को एक-एक सफलता मिली। खलील अहमद ने 24 और अक्षर पटेल ने 21 रन दिये तो वही कुलदीप यादव ने 41, नोर्किया ने 48 और मुकेश कुमार ने 49 रन लुटाये। लक्ष्य का पीछा करते हुए मिचेल मार्श ने नांद्रे बर्गर के खिलाफ तीन और ट्रेंट बोल्ट के खिलाफ दो चौके जड़ दिल्ली को आक्रामक शुरूआत दिलायी। बर्गर ने पारी के चौथे ओवर में तीन गेंद के अंदर मार्श और रिकी भुई को आउट कर राजस्थान को दोहरी सफलता दिलायी। अब तक संभल कर बल्लेबाजी कर रहे वार्नर ने पांचवें ओवर में बोल्ट के खिलाफ दो और छठे ओवर में बर्गर के खिलाफ एक छक्का जड़ा जिससे पावर प्ले में दिल्ली कैपिटल्स ने दो विकेट पर 59 रन बना लिये। वार्नर ने आठवें ओवर में आवेश खान का स्वागत लगातार दो चौके से किया। पंत ने 10वें ओवर में युजवेंद्र चहल के खिलाफ अपना पहला छक्का जड़ा। संदीप शर्मा ने 11वें ओवर में सिर्फ चार रन देकर दिल्ली पर दबाव बनाया जिसका फायदा अगले ओवर में आवेश खान को वार्नर के विकेट के रूप में मिला। संदीप ने शॉर्ट थर्ड मैन पर डाइव लगाकर शानदार कैच लपका। चहल ने 14वें ओवर की पहली गेंद पर पंत की 26 गेंद में 28 रन की पारी को खत्म करने के बाद 16वें ओवर में अभिषेक पोरेल (10 गेंद में नौ रन) को चलता किया। अश्विन की गेंद पर बोल्ट ने स्टब्स के आसान कैच को छोड़ा और इस बल्लेबाज ने लगातार दो छक्के लगाकर इसका जश्न मनाया और मैच में दिल्ली की वापसी करायी। दिल्ली को आखिरी दो ओवर में जीत के लिए 32 रन की जरूरत थी और स्टब्स ने संदीप के खिलाफ 19वें ओवर में छक्का और चौका लगाकर मैच का रोमांच बनाये रखा।

### राजस्थान रॉयल्स

| | |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल बो मुकेश कुमार | 05 |
| जोस बटलर पगबाधा कुलदीप | 11 |
| संजू सैमसन का पंत बो खलील | 15 |
| रियान पराग नाबाद | 84 |
| रविचंद्रन अश्विन का स्टब्स बो अक्षर | 29 |
| ध्रुव जुरेल बो नोर्किया | 20 |
| शिमरोन हेटमायर नाबाद | 14 |
| अतिरिक्त: | 07 |

**कुल योग:** (20 ओवर में पांच विकेट पर) 185 रन

**विकेट पतन:** 1-9, 2-30 , 3-36 , 4-90, 5-142

**गेंदबाजी:** खलील 4-0-24-1, मुकेश 4-0-49-1, नोर्किया 4-0-48-1, अक्षर 4-0-21-1, कुलदीप 4-0-41-1

### दिल्ली कैपिटल्स पारी

| | |
|---|---|
| डेविड वार्नर का संदीप बो आवेश | 49 |
| मिचेल मार्श बो बर्गर | 23 |
| रिकी भुई का सैमसन बो बर्गर | 00 |
| ऋषभ पंत का सैमसन बो चहल | 28 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 44 |
| अभिषेक पोरेल का बटलर बो चहल | 09 |
| अक्षर पटेल नाबाद | 15 |
| अतिरिक्त: | 05 |

**कुल योग:** (20 ओवर में पांच विकेट पर 173 रन)

विकेट पतन: 1-30, 2-30, 3-97, 4-105, 5-122

गेंदबाजी: बोल्ट 3-0-29-0, बर्गर 3-0-29-2, अश्विन 3-0-30-0, आवेश 4-0-29-1, चहल 3-0-19-2, संदीप 4-0-36-0

खास खबर

## पंड्या दो मैच में बने 'हीरो से जीरो' सवालों के घेरे में मुंबई के कप्तान



एजेंसी ▶▶| मुंबई

हार्दिक पंड्या जिन्होंने बतौर कप्तान गुजरात टाइटंस को खिताबी जीत दिलाई और अगले सीजन में फाइनल तक पहुंचा दिया। इस स्तर की कप्तानी के बाद उन्होंने खूब सुर्खियां बटोरी। नतीजन उन्हें आईपीएल 2024 में मुंबई ने गुजरात के साथ बड़ी रकम में ट्रेड किया। इसके बाद 5 बार टीम को खिताबी जीत दिलाने वाले रोहित शर्मा को दरकिनार कर उन्हें टीम की कमान सौंप दी। लेकिन आईपीएल 2024 के शुरुआती दो मुकाबलों में ही हार्दिक हीरो से जीरो साबित हुए हैं। आईपीएल 2024 में मुंबई ने अपने अभियान की शुरुआत गुजरात के खिलाफ मुकाबले से की। यह मुकाबला कुछ समय तक मुंबई की पकड़ में था, लेकिन अंत में हार्दिक पंड्या बल्ले से फेल नजर आए। जिसके बाद टीम को महज 6 रन से हार का सामना करना पड़ा। हार्दिक पांड्या ने इस मुकाबले में गेंदबाजी में बड़ी मिस्टेक की। बुमराह पारी की शुरुआत और डेथ ओवर्स में माहिर हैं। हार्दिक ने कोइट्जे, बुमराह और ल्यूक वुड जैसे गेंदबाजों के बावजूद खुद पहले गेंदबाजी की। उन्होंने अपने शुरुआती दो ओवर्स में ही 25 रन लुटा दिए थे। जिसके चलते टीम दबाव में नजर आई। हालांकि, बाद में बुमराह ने अपनी गेंदबाजी से फंदा कसा था।

### हैदराबाद से मिली करारी हार

मुंबई ने दूसरा मुकाबला 27 मार्च को मुंबई के खिलाफ खेला। यहां भी हार्दिक से बेहद खराब कप्तानी देखने को मिली। इस मुकाबले में हार्दिक ने बुमराह को नजरअंदाज किया। उन्होंने युवा क्वेन मफाका से गेंदबाजी की शुरुआत की। इसके बाद खुद बॉलिंग करने आए। हार्दिक ने इस बार भी अपने पहले ही ओवर में 11 रन लुटा दिए। पॉवर प्ले के बीच में हार्दिक ने जसप्रीत बुमराह जैसे ब्रम्हास्त्र का प्रयोग सिर्फ एक ओवर में किया। बाकी गेंदबाजों के मुताबिक बुमराह काफी किफायती साबित हुए।

### बल्ले से भी हुए फेल

गेंदबाजी में बड़ी गलतियां करने का नतीजा एक रिकॉर्डतोड़ लक्ष्य से देखने को मिला। हैदराबाद ने रिकॉर्ड 277 रन स्कोरबोर्ड पर टांग दिए। मुंबई की तरफ से रोहित शर्मा और ईशान किशन ने टीम को जबरदस्त शुरुआत दी। इसके बाद तिलक वर्मा भी अपनी फुल फॉर्म में नजर आए। लेकिन हार्दिक पंड्या के आते ही मुंबई के हाथ से मैच फिसलता नजर आया। नतीजन टीम को 31 रन से हार का सामना करना पड़ा।

**खबर संक्षेप**




### खुलकर खेलने के संदेश ने कमाल किया : शर्मा

**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने कहा है कि मुंबई के खिलाफ रिकॉर्डतोड़ बल्लेबाजी प्रदर्शन के पीछे टीम प्रबंधन का खुलकर खेलने का संदेश था। सनराइजर्स के बल्लेबाजों ने रिकॉर्ड की झड़ी लगाते हुए मुंबई के खिलाफ आईपीएल का सर्वोच्च स्कोर तीन विकेट पर 277 रन बनाक 31 रन से जीत दर्ज की। शर्मा ने 23 गेंद में 63 रन बना। शर्मा ने कहा, 'मुझे अहसास ही नहीं हुआ कि यह सनराइजर्स के लिए सबसे तेज अर्धशतक था। मैं सिर्फ खुलकर खेलना चाहता था और आउट होने के बाद ही मुझे यह पता चला। मुझे काफी मजा आया।'

### मुफ्त पढ़ाई के लिए खेल से जुड़ा : बर्गर

**जयपुर।** दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर कभी क्रिकेटर बनना नहीं चाहते थे बल्कि मुफ्त पढ़ाई के लिए उन्होंने खेल को चुना। उन्हें 2014 में



क्रिकेट ट्रायल के जरिए विटवाटर्सरैंड यूनिवर्सिटी में दाखिला और पूरी स्कॉलरशिप मिली। उसके बाद से उन्होंने मुड़कर नहीं देखा। दक्षिण अफ्रीका के 28 वर्ष के तेज गेंदबाज बर्गर ने पिछले साल दिसंबर में राष्ट्रीय टीम में पदार्पण किया। राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें 50 लाख रुपए में खरीदा जबकि उन्होंने पिछले महीने एसए20 में भी जोहानिसबर्ग सुपर किंग्स के लिए खेला था।

### सूर्यकुमार को फिट होने में लगेगा समय

**नई दिल्ली।** निया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी से पूरी तरह नहीं उबर पाए हैं और आईपीएल के कुछ और मैचों में नहीं खेल पाएंगे। राष्ट्रीय क्रिकेट



अकादमी उनकी प्रगति पर नजर रखे हुए है। मुंबई इंडियन्स के लिए खेलने वाले सूर्यकुमार मौजूदा सत्र में अब तक कोई मैच नहीं खेल पाए हैं और उनकी टीम को दोनों मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सूत्र ने कहा, 'सूर्या काफी अच्छी प्रगति कर रहा है और काफी जल्द मुंबई इंडियन्स की ओर से वापसी करेगा।'

## मेनन लगातार 5वें साल आईसीसी एलीट पैनल के अंपायर बने रहेंगे

एजेंसी ▶▶| दुबई



भारत के नितिन मेनन लगातार पांचवीं बार अंपायरों के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद एलीट पैनल में शामिल हुए जबकि बांग्लादेश के शरफुद्दौला इब्ने शाहिद इस सूची में जगह बनाने वाले अपने देश के पहले अंपायर बने। इंदौर के मेनन 2020 में कोविड-19 महामारी के दौरान में एलीट पैनल में शामिल हुए थे।

वह गुरुवार को 2024-25 सत्र के लिए जारी आईसीसी की 12-सदस्यीय अंपायरों की सूची में एकमात्र भारतीय बने हुए हैं। एस रवि और पूर्व स्पिनर एस वेंकटराघवन के बाद एलीट पैनल का हिस्सा बनने वाले वह केवल तीसरे भारतीय हैं। रवि ने 33 जबकि वेंकटराघवन ने 73 टेस्ट में मैदानी अंपायर की भूमिका निभाई हैं। मेनन 23 टेस्ट, 58 वनडे और 41 टी20 (कुल मिलाकर 122 मैच) में मैदानी अंपायर रहे हैं। उम्मीद है कि वह अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप के दौरान वेंकटराघवन के 125 मैचों में अंपायरिंग करने के भारतीय रिकॉर्ड को पीछे छोड़ देंगे। मेनन ने पिछले साल एशेज में अंपायरिंग करने का अपना सपना भी साकार किया था।

### अधिकारियों की पैनल

एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल मैच रेफरी डेविड बून (ऑस्ट्रेलिया), जेफ क्रो (न्यूजीलैंड), रंजन मदुगले (श्रीलंका), एंड्रयू पायक्रॉफ्ट (जिम्बाब्वे), रिची रिचर्डसन (वेस्टइंडीज), जवागल श्रीनाथ (भारत)। एमिरेट्स आईसीसी एलीट अंपायर पैनलः कुमार धर्मसेना (श्रीलंका), क्रिस्टोफर गैफनी (न्यूजीलैंड), माइकल गफ (इंग्लैंड), एड्रियन होल्डस्टॉक (दक्षिण अफ्रीका), रिचर्ड इलिंगवर्थ (इंग्लैंड), रिचर्ड केटलबोरो (इंग्लैंड), नितिन मेनन (भारत)), अहसान रजा (पाकिस्तान), पॉल रीफेल (ऑस्ट्रेलिया), शरफद्दौला इब्ने शाहिद (बांग्लादेश), रॉड टकर (ऑस्ट्रेलिया), जोएल विल्सन (वेस्टइंडीज)।

## जीत दर्ज करने उतरेंगे आरसीबी और केकेआर

**बेंगलुरु।** पिछले मैच में मिली जीत से उनका हौसला बढ़ा है लेकिन प्रदर्शन में परिपक्वता लाना बाकी है और शुक्रवार को आईपीएल 2024 के मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर तथा कोलकाता नाइट राइडर्स अपेक्षा के अनुरुप खेल दिखाने के



इरादे से उतरेंगी। आरसीबी ने पिछले मैच में पंजाब किंग्स को चार विकेट से हराया जबकि केकेआर ने सनराइजर्स हैदराबाद को चार रन से मात दी। इसके बावजूद दोनों टीमों की शीर्ष और मध्यक्रम की बल्लेबाजी की समस्याएं बनी हुई हैं। पंजाब के खिलाफ 177 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के अर्धशतक से आरसीबी खेमे ने राहत की सांस ली होगी। कप्तान फाफ डु प्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरन ग्रीन और रजत पाटीदार से अभी अच्छी पारी की उम्मीद है। पंजाब के खिलाफ आखिरी क्षणों में दिनेश कार्तिक का अनुभव और 'इंपैक्ट खिलाड़ी' महिपाल लोमरोर की उपयोगी पारी उनके काम आई।केकेआर के पास अच्छा गेंदबाजी आक्रमण है और एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन करने पर वे आरसीबी के बल्लेबाजों की परेशानी का सबब बन सकते हैं।

## आईजीयू को पूर्ण समर्थन देगा आर एंड ए

*गुरुग्राम। भारतीय गोल्फ के बढ़ते स्तर और इसकी अपार संभावनाओं की खेल की संचालन संस्था 'आर एंड ए' ने सराहना की है जिन्होंने इसे और अधिक आकर्षक और सुलभ बनाकर खेल से जुड़ी धारणा में सुधार करने के महत्व पर जोर दिया। 'आर एंड ए' के पश्चिम एशिया और भारत के विकास प्रबंधक नील ग्राहम और क्षेत्रीय निदेशक (एशिया-प्रशांत) विकास जिरोम एनजी सेमिनार में हिस्सा लेने और देश में भविष्य की विभिन्न परियोजनाओं पर चर्चा के लिए*



*भारत में हैं। ग्राहम ने कहा, 'देश के आकार को देखते हुए भारत में बहुत सारे अवसर हैं। हमारा मानना है कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हम गोल्फ के विकास के लिए भारतीय गोल्फ यूनियन की पहल और कार्यक्रमों में उसका समर्थन करें। यह केवल उच्च प्रदर्शन के बारे में नहीं है, यह जमीनी स्तर से लेकर ऊपर तक देखना है।'*

## सिंधू ने मैड्रिड स्पेन मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड



भारत की दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधू ने मैड्रिड स्पेन मास्टर्स में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए गुरुवार को यहां चीनी ताइपे की हुआंग यू-हसुन पर सीधे गेम में आसान जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इस मुकाबले में पूरी तरह से सिंधू का दबदबा दिखा जिन्हें विश्व रैंकिंग में 63वें स्थान पर काबिज ताइवान की क्वालीफायर खिलाड़ी से कोई चुनौती नहीं मिली।

पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने 36 मिनट तक चले मैच को 21-14, 21-12 से अपने नाम किया। पिछले सत्र की उपविजेता सिंधू के सामने अब थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त सुपानिदा केटथोंग या जापान की नात्सुकी निदाइरा में से किसी एक की चुनौती होगी। पिछले दो सप्ताह में ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप और स्विस ओपन में खिताब जीतने वाली शीर्ष वरीयता प्राप्त स्पेन की कैरोलिना मारिन के टूर्नामेंट से हटने के बाद सिंधू इस प्रतियोगिता में चैंपियन बनने की मजबूत दावेदार हैं। सिंधू ने बीडब्लूएफ टूर पर अपना पिछला खिताब 2022 सिंगापुर ओपन सुपर 500 में जीता था।

### नीरज चोपड़ा 10 मई को करेंगे सत्र का आगाज

**नई दिल्ली।** मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा 10 मई को दिग्गज खिलाड़ियों के बीच प्रतिष्ठित डायमंड लीग सीरीज के दोहा चरण में अपने सत्र की शुरुआत करेंगे। छब्बीस साल के चोपड़ा ने पिछले सत्र का समापन चीन के हांगझोउ में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक के साथ किया था। इस साल उनका लक्ष्य पेरिस में अपने ओलंपिक स्वर्ण का बचाव करने का होगा। चोपड़ा के अलावा भारतीय खिलाड़ी किशोर जेना भी कतर की राजधानी में होने वाले डायमंड लीग चरण में पदार्पण करेंगे। जेना 2023 बुडापेस्ट विश्व चैंपियनशिप में पांचवें स्थान पर रहे और उन्होंने हांगझोउ में 87.54 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ के साथ रजत पदक जीता था। चोपड़ा का मुकाबला चेक गणराज्य के जैकब वडलेज्च और ग्रेनेडा के पूर्व विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स जैसे प्रतिद्वंद्वियों से होगा।

## आईपीएल के पहले दिन रिकॉर्ड 16.80 करोड़ दर्शकों ने देखा मैच

एजेंसी ▶▶| मुंबई



आईपीएल के 17वें सत्र के पहले दिन उद्घाटन समारोह और चेन्नई सुपर किंग्स तथा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के बीच मैच को रिकॉर्ड 16 करोड़ 80 लाख दर्शकों ने देखा। मेजबान प्रसारक ने यह जानकारी दी। इंडियन प्रीमियर लीग के आधिकारिक प्रसारक डिजनी स्टार ने कहा कि पहले दिन के खेल का 'वाचटाइम' 1276 करोड़ मिनट रहा जो किसी भी सत्र में पहले दिन का रिकॉर्ड है। आईपीएल के 17वें सत्र में पहले दिन डिजनी स्टार नेटवर्क पर 6.1 करोड़ दर्शकों ने प्रसारण देखा। कंपनी ने कहा, 'डिजनी स्टार ने आईपीएल 2023 के पहले दिन 870 करोड़ मिनट रिकॉर्ड किए थे। पिछले सत्र की तुलना में वाचटाइम में 16 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।' गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स ने पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को छह विकेट से हराया था। स्टार स्पोर्टर्स के एक प्रवक्ता ने कहा, 'यह बड़ी उपलब्धि है जिसे स्टार स्पोटर्स के दर्शकों के प्रेम ने संभव कर दिखाया। हम अपने सभी साझेदारों और बीसीसीआई के साथ टाटा आईपीएल को धन्यवाद देते हैं।'

**श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी 30 मार्च से 8 अप्रैल तक चैंपियनशिप की करेगी मेजबानी**

## ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट में दिग्गज टीमें होंगी आमने-सामने

- देश के आठ जोन की टॉप दो टीमें नॉक आउट से पहले खेलेंगी लीग मुकाबले

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ और श्री जगदीशप्रसाद झाबरमल टिबड़ेवाला विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी में 30 मार्च से ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट चैंपियनशिप का आयोजन करवाया जाएगा। इस चैंपियनशिप में देश के आठ जोन की पहले व दूसरे स्थान पर रहने वाली यूनिवर्सिटी की टीमें आमने-सामने होंगी। चैंपियनशिप के दौरान पहले लीग व इसके बाद नॉक आउट मुकाबले होंगे। श्री जेजेटी युनिवर्सिटी के प्रेजीडेंट डॉ देवेन्द्र सिंह ढुल ने बताया कि यूनिवर्सिटी कैंपस में 30 मार्च से 8 अप्रैल तक ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट चैंपियनशिप (पुरूष वर्ग) का आयोजन करवाया जा रहा है। चैंपियनशिप में देश के आठ जोन की 16 टीमें भाग लेंगी, जिन्हें 4 पूल में जगह दी गई है। हर जोन में पहले व दूसरे स्थान पर रहने वाली टीमें पहले लीग मुकाबले खेलेंगी और इसके बाद नॉक आउट में जगह बनाने वाली टीमें चैंपियनशिप जीतने के मकसद से मैदान में उतरेंगी।

### ये यूनिवर्सिटी भाग लेंगी

यूनिवर्सिटी प्रेजीडेंट डॉ देवेन्द्र ढुल ने बताया कि इस चैंपियनशिप में उत्तर क्षेत्र से लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी फगवाडा व हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी, उत्तर पश्चिम जोन से श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं व पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावटी यूनिवर्सिटी सीकर, पूर्व जोन से कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नालॉजी भुवनेश्वर व संभलपुर यूनिवर्सिटी संभलपुर, दक्षिण जोन से त्रिपुरा युनिवर्सिटी अगरतला व हिंदुस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी एंड सांइस चेन्नई, पश्चिम क्षेत्र से कवयित्री बहिनाबाई चौधरी उत्तर महाराष्ट्र यूनिवर्सिटी जलगांव व सौराष्ट्र यूनिवर्सिटी राजकोट, मध्य क्षेत्र से वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल यूनिवर्सिटी जौनपुर व छत्रपति साहू जी महाराज युनिवर्सिटी कानपुर व उत्तर पूर्व क्षेत्र से अन्ना यूनिवर्सिटी चेन्नई व गोवाहाटी युनिवर्सिटी गोवाहाटी, दक्षिण पूर्व क्षेत्र की क्वालीफायर एक व क्वालीफायर दो टीम भागीदारी करेंगी।

### प्रतिदिन चार मुकाबले होंगे

ढुल ने कहा कि चैंपियनशिप के दौरान प्रतिदिन चार मुकाबले करवाए जाएंगे। इसके लिए विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक ड्यूटी लगाई जा चुकी हैं। इस अवसर पर युनिवर्सिटी रजिस्ट्रार डॉ अजीत कुमार व खेल बोर्ड सचिव व चैंपियनशिप के आयोजन सचिव डॉ अरूण कुमार, मुख्य वित्त अधिकारी डॉ अमन गुप्ता, मीडिया एन्ड पब्लिसिटी इंचार्ज लवेश शर्मा उपस्थित थे।

## पंडित की 'उग्र' कार्यशैली से खफा थे विदेशी खिलाड़ी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए पिछले साल आईपीएल खेलने वाले दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया के पूर्व हरफनमौला डेविड वीसे ने कहा कि कई विदेशी खिलाड़ी मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित की उग्र कार्यशैली से खफा थे। पिछले साल केकेआर के लिए आईपीएल के तीन मैच खेलने वाले 38 वर्ष के वीसे ने कहा कि विदेशी खिलाड़ी इससे कतई खुश नहीं थे कि उन्हें यह बताया जाए कि कैसे रहना है या क्या पहनना है।

### वीसे ने पॉडकास्ट 'हिटमैन फोर हायर

अ ईयर इन द लाइफ आफ अ फ्रेंचाइजी क्रिकेटर ' में कहा, 'उन्हें (पंडित को) भारत में काफी उग्र कोच के रूप में जाना जाता है। वह काफी सख्त, अनुशासनप्रिय किस्म के कोच हैं। फ्रेंचाइजी क्रिकेट में कई बार दुनिया भर से आए विदेशी खिलाड़ियों को यह बताने की जरूरत नहीं होती कि उन्हें कैसे बर्ताव करना है या क्या पहनना है। वह काफी कठिन था।' पंडित 2022 में केकेआर के कोच बने। इससे पहले उन्होंने विदर्भ को 2018 और 2019 में रणजी ट्रॉफी खिताब दिलाए थे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109

## अमेरिकी विदेश मंत्रालय के दूसरे बयान पर भारत का कड़ा रुख

# हमारी चुनावी, कानूनी प्रक्रियाओं को लेकर 'बाहरी टिप्पणी' स्वीकार्य नहीं

*दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और कांग्रेस के सीज खातों पर अमेरिकी टिप्पणी पर भारत ने कड़ा रुख जताया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि कानूनी प्रक्रियाएं केवल कानून के शासन द्वारा संचालित होती हैं। ऐसे संस्थानों को बाहरी प्रभावों से बचाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय की साप्ताहिक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान गुरुवार को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि अमेरिकी विदेश मंत्रालय की हालिया टिप्पणी अनुचित है। हमारी चुनावी और कानूनी प्रक्रियाओं को लेकर की गई बाहरी टिप्पणी स्वीकार्य नहीं है। कोई भी सहयोगी देश और खासकर लोकतांत्रिक देशों को इस प्रक्रिया की सराहना करने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

भारत को अपने स्वतंत्र और मजबूत लोकतांत्रिक संस्थानों पर गर्व है और हम इन्हें किसी भी बाहरी ताकत के प्रभाव से बचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

बता दें, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और कांग्रेस के बैंक खातों को सीज करने पर अमेरिका ने टिप्पणी की थी। जिसके बाद यह मामला तूल पकड़ता जा रहा है। हालांकि भारत ने कड़ा रूख अपनाया है।



1. केजरीवाल की गिरफ्तारी कांग्रेस बैंक खाते सीज मामले ने पकड़ा तूल
2. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जायसवाल ने जताया ऐतराज
3. भारत की दो टूकः दूसरे देश की टिप्पणी का कोई औचित्य ही नहीं
4. एक-दूसरे के आंतरिक मामलों पर बोलने से बचें: भारत की सलाह

### भारत को अपने लोकतांत्रिक संस्थानों पर गर्व है: जायसवाल का साफ संदेश

जयसवाल ने दो टूक शब्दों में कहा कि कानूनी प्रक्रियाएं केवल कानून के शासन द्वारा संचालित होती हैं। जो कोई भी समान लोकाचार रखता है, खासकर साथी लोकतंत्रों को इस तथ्य की सराहना करने में कोई कठिनाई नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत को अपने स्वतंत्र और मजबूत लोकतांत्रिक संस्थानों पर गर्व हैं। जयसवाल ने कहा कि आपसी सम्मान और समझ अंतरराष्ट्रीय संबंधों की नींव को मजबूत बनाती है।

### अरुणाचल पर चीन के दावों से फर्क नहीं पड़ता: विदेश मंत्रालय

जयसवाल ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश के मामले पर हमारी स्थिति स्पष्टहै। हमने इस संबंध में बयान भी जारी किए हैं। चीन जितनी बार चाहे अपने निराधार दावों को दोहरा सकता है। उनके बार-बार बोलने से ऐसा तो है नहीं कि वास्तविक स्थिति बदल जाए। अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था, है और रहेगा।

### डिप्लोमैट तलब के बाद भी अमेरिका ने की थी टिप्पणी

अमेरिकी राजदूत तलब करने के बाद अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने बुधवार को कहा था कि अमेरिका हर मुद्दे के लिए निष्पक्ष, पारदर्शी और समय पर कानूनी प्रक्रियाओं को प्रोत्साहित करता है। हम किसी निजी राजनयिक बातचीत के बारे में बात नहीं कर रहे हैं, लेकिन निश्चित रूप से निष्पक्ष, पारदर्शी और समय पर कानूनी प्रक्रियाओं को प्रोत्साहित करते हैं। कांग्रेस पार्टी के फ्रीज अकाउंट समेत अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर हम नजर बनाए हुए हैं। किसी भी देश को इस पर आपत्ति नहीं होनी चाहिए।

### रूस के सामने हमने मुद्दे को गंभीरता से उठाया है

*रूसी सेना में भारतीयों के शामिल होने पर जयसवाल ने कहा कि हम लगातार रूसी अधिकारियों के संपर्क में हैं। हमने मामले को उनके सामने दृढ़ता से उठाया है कि हमारे नागरिकों को जल्द से जल्द रिहा किया जाए और छुट्टी दे दी जाए। अब तक 2 लोगों की मौत हुई है, जिनके शव भारत आ गए हैं। मंत्रालय में वर्तमान में निदेशक सीता राम मीणा को नाइजर गणराज्य में भारत का राजदूत नियुक्त किया गया है।*

## जयशंकर के निमंत्रण पर भारत पहुंचे यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा

**नई दिल्ली।** यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा रूस-यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के प्रयासों के बीच भारत की अपनी पहली यात्रा पर गुरुवार को नई दिल्ली पहुंचे। यहां उनका भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद वे राजधानी दिल्ली स्थित महात्मा गांधी की समाधि राजघाट पहुंचे। यहां उन्होंने बापू को नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।



सोशल मीडिया पर पोस्ट पर कुलेबा ने कहा कि मेरे दौरे से हमारे रिश्ते और मजबूत होंगे। यूक्रेन और भारत को दो बड़े लोकतंत्र बताते हुए कुलेबा ने कहा कि उन्हें यकीन है कि हम अच्छे साझेदार बनने के लिए तैयार हैं।




## भारत ने यूएन के शांति सैनिकों के खिलाफ अपराध दर्ज करने बनाया डेटाबेस

**वॉशिंगटन।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र के शांति सैनिकों के खिलाफ अपराधों को दर्ज करने और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की प्रगति की निगरानी के लिए एक नये डेटाबेस की शुरुआत की है। इससे कई खेमे में खलबली मच गई है। ताजा मामले में अभी इजराइल ने भी संयुक्त राष्ट्र के बैनर तले काम करने वाले एक ऐसे ही समूह पर हमास के साथ युद्ध में शामिल होने का आरोप लगाया था। भारत ने जो डेटाबेस तैयार किया है, वह दुनिया भर में संयुक्त राष्ट्र के शांति सैनिकों के अपराधों के खिलाफ कार्रवाई के लिए है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की दूत रुचिरा कंबोज ने गुरुवार को कहा कि भारत इस मामले में जवाबदेही तय करने की पुरजोर वकालत कर रहा है। मंगलवार को डेटाबेस की घोषणा भारत के नेतृत्व वाले 'ग्रुप ऑफ फ्रेंड्स' (जीओएफ) की एक उच्च-स्तरीय बैठक में की गई। कंबोज ने 'एक्स' पर कहा कि शांति सैनिकों के खिलाफ अपराधों को दर्ज करने और अपराधियों को जवाबदेह ठहराने के लिए तैयार एक नए डेटाबेस की शुरुआत की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।






Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ^^Based on offers from empaneled dealers on Wheels of Trust platform. $Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2022 - Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market (CY22) ^Mileage as per third party testing under standard conditions. **#HIPL stands for High Intensity Position Lamp.** **Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships.*Ex showroom price of Super Splendor Drum in Delhi. Special ex-showroom price is inclusive of Cash Discount and applicable for a limited period only.

Authorised Dealers: South Delhi: Lajpat Nagar: Sapphire Hero: 9289923175, Adchini (Main Mehrauli Road)- Pashupati Hero- 9289922381, Pul Prahladpur Badarpur Singla Hero–9289922771, Okhla Phase II: A R C Hero - 9289922461, East Delhi: Durgapuri (Loni Road, Shahadra): Himgiri Hero: 9289922380, PushtaKartar Nagar - Aman Hero - 9289922735, Dilshad Garden - RK Hero- 9289923010, Patparganj Pandav Nagar: Singla Autoneeds Hero- 9289923222 North Delhi: Azadpur - Shraman Automobiles: 9289923185, Rithala (Rohini) - Metro Hero - 9289922597, Budh Vihar: JMD Automotives - 7838685858, Central Delhi: Karol Bagh (Faiz Road): EssAay Hero - 9289922382, Upper India Hero – 9717198198, West Delhi: ROSHAN VIHAR (Najafgarh): Avni Hero- 9289922671, Paschim Vihar (Peeragarhi): Shivganga Hero- 9289922796, Palam Dabri Road (Dwarka): Singla Hero– 9289922530, Tilak Nagar - Khanna Hero- 9289922383, Bali Nagar: Khanna Hero- 9289924309, Nawada: Khanna Hero- 9289924310, Faridabad: Sehgal Hero- 9289922419, Sehgal Hero, NIT – 7217627327 Gurgaon: Himgiri Hero - 9289923046, Sharma Hero, Basai Road Sector 11- 9289923221, Autoneeds Hero - 9289922051, Jaasodha Hero- 9289922495, Himgiri Hero (Wazirabad): 9289924247, Himgiri Hero (Railway Road): 9289924248, Sohna: Auto Links Hero, No.160/2 Delhi Road, Sohna- 9289924089, Noida: Dhansri Hero, H-206A, Sector-63- 9289923044, Uppal Hero- B 124, Sector-5: 9289922462, Singla Hero, C-70, Sector-58: 9289923059; Ghaziabad: Globe Hero- Meerut, Delhi Road - 9289922073, Aman Hero- Shiv Puri, Vijay Nagar- 9289923068 Sahibabad: Sahib Hero- 9289922486 BulandShahr: Shri Durga Hero, Delhi Road, 9289922504; Krishna Hero, Raje Babu Road, 9289922410.

WT.5683.2023HIN